You Tube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❑ वर्ष-11 ❑ अंक-95 ❑ रविवार, 08 मई 2022 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12

जहां संस्कृत है, वहीं संस्कृति है और वही हमारी विचारधारा भी है। संस्कृत देवभाषा और अमृत वाणी है। हम सबको अंधेरे से उजाले की ओर ले जाने का माध्यम संस्कृत ही है। सबसे पुरानी पुस्तक ऋग्वेद भी संस्कृत में ही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और भाजपा, संस्कृत और संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए कटिबद्ध भाव से काम कर रही है। जेपी नड्डा



हज 2022 में सेहत, सलामती को सर्वोच्च प्राथमिकताः नकवी 11

खुद को गधे से जोड़कर दी मिसाल, अपनी हंसी उड़वा बैठे इमरान 12

## संक्षेप

### रसोई गैस सिलेंडर के दाम में 50 रुपए की वृद्धि

**नयी दिल्ली।** रसोई गैस सिलेंडर के दाम में शनिवार को 50 रुपए की वृद्धि की गयी। रसोई गैस के दाम बढ़ने के बाद इसकी कीमत राष्ट्रीय राजधानी में 999.50 रुपए प्रति सिलेंडर हो गयी। इस महीने के शुरुआत में ही व्यावसायिक कामों में इस्तेमाल होने वाले 19 किलोग्राम एलपीजी सिलेंडर के दाम में 102.50 रुपए की बढ़ोतरी की गई थी, जिसके बाद सिलेंडर का दाम बढ़कर 2355.50 रुपए हो गया था। इसके साथ ही पांच किलो के एलपीजी व्यावसायिक सिलेंडर की कीमत भी बढ़ाकर 655 रुपये कर दी गई है। इस दौरान, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

### राष्ट्रपति ने धूलिया, पारदीवाला को सुप्रीम कोर्ट का न्यायाधीश नियुक्त किया

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने गुवाहाटी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सुधांशु धूलिया और गुजरात उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति जमशेद बुर्जोर पारदीवाला को शीर्ष अदालत का न्यायाधीश नियुक्त किया है। विधि एवं न्याय मंत्रालय के न्याय विभाग की ओर से शनिवार को इस संबंध में एक अधिसूचना जारी की गई। अधिसूचना में कहा गया है कि राष्ट्रपति ने संविधान के अनुच्छेद 124 की धारा 2 के तहत दोनों न्यायाधीशों की नियुक्ति को मंजूरी दी है। भारत के मुख्य न्यायाधीश एन. वी. रमना की अध्यक्षता वाली कॉलेजियम ने चार मई को अपनी बैठक में दोनों नामों को मंजूरी दी थी। दोनों न्यायाधीशों के पदभार ग्रहण करने के बाद शीर्ष अदालत में न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या 34 हो जाएगी।

### पूर्व आईपीएस मणिलाल पाटीदार विजिलेंस जांच में दोषी

**लखनऊ।** महोबा कांड में फरार चल रहे निलंबित आईपीएस मणिलाल पाटीदार विजिलेंस विभाग की जांच में दोषी पाये गये हैं। अब पाटीदार के खिलाफ एफआइआर दर्ज करने के लिए शासन के गृह विभाग से भी मंजूरी मिल गई है। जानकारी के अनुसार, 2014 बैच के आईपीएस मणिलाल पाटीदार को शासन ने महोबा कांड का दोषी पाये जाने पर सितम्बर 2020 में निलंबित कर दिया था। उन पर एक लाख रुपये का इनाम है। उनके खिलाफ वित्तीय अनियमितताओं की जांच के आदेश विजिलेंस को दिए थे। विजिलेंस जांच में मणिलाल पाटीदार दोषी पाये गए हैं। उनके अलावा तत्कालीन एसओ खरेला राजू सिंह० इंस्पेक्टर चरखारी राकेश कुमार सरोज व एसआई भूपेन्द्र प्रताप को भी दोषी पाये गए हैं। पाटीदार ने ने अवैध वसूली के लिए थानेदारों को जरिया बनाया और उनकी तैनातियों में भी जमकर मनमानी की। साथ ही साथ पाटीदार के इशारे पर ही थानेदारों ने महोबा के क्रशर कारोबारियों से जमकर वसूली की थी। विजिलेंस जांच में मिले तथ्यों के आधार पर शासन ने सभी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की संस्तुति की है। अब सभी आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की जाएगी।

# मस्जिद पक्षकारों के विरोध के बाद ज्ञानवापी परिसर में सर्वे कार्य रुका

## दोपहर में कोर्ट ने सर्वे जारी रखने का दिया था आदेश

एजेंसी

वाराणसी। न्यायालय के आदेश पर ज्ञानवापी परिसर में लगातार दूसरे दिन शनिवार को सर्वे और वीडियोग्राफी का मस्जिद कमेटी पक्ष के अधिवक्ताओं ने जमकर विरोध किया। जिसके चलते सर्वे का काम नहीं हो पाया। मस्जिद में कड़ी सुरक्षा के बीच अधिवक्ता कमिश्नर और वादी पक्ष के पहुंचने के बाद लगभग एक घंटा देर से आये प्रतिवादी पक्ष के अधिवक्ताओं ने उन्हें बैरिकेटिंग के अंदर पहुंचने ही नहीं दिया।

नाराज वादी पक्ष के अधिवक्ता विष्णु जैन ने बताया कि न्यायालय ने स्पष्ट आदेश दिया था लेकिन उसका पालन नहीं हुआ। हमें वहां पहुंचने ही नहीं दिया गया। मुस्लिम समुदाय के लोग दरवाजे पर आकर खड़े हो गए। इस तरह सर्वे फिर रुक गया है। वादी पक्ष के अधिवक्ताओं ने बताया कि कोर्ट में वे एक याचिका दायर करेंगे और 09 मई को सुनवाई में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखेंगे। इससे पहले सर्वे के लिए अधिवक्ता कमिश्नर और वादी पक्ष की टीम पहुंची तो श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के गेट नम्बर चार के पास जुटे मुस्लिम युवाओं ने फिर उग्र नारेबाजी शुरू कर दी। माहौल बिगाड़ने पर आमादा युवकों को देख पुलिस ने भी सख्त रूख अपना लिया। नमाज पढ़ने आये युवाओं को समझाने के साथ हटाना शुरू किया तो रामनगर निवासी अब्दुल कलाम नाम का युवक उग्र हो गया। यह देख पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया तो माफी भी मांगने लगा। उधर, इस मामले में एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी का ट्वीट भी सोशल मीडिया में चर्चा का विषय रहा। ओवैसी ने ट्वीट कर कहा कि काशी की ज्ञानवापी मस्जिद का सर्वेक्षण करने का यह आदेश 1991 के पूजा स्थल अधिनियम का खुला उल्लंघन है, जो धार्मिक स्थलों के रूपांतरण पर रोक लगाता है। यह सरकार का कर्तव्य है कि वो कोर्ट के बताए कि वह गलत क्यों कर रही है। ओवैसी ने ट्वीट कर ज्ञानवापी-श्रृंगार गौरी सर्वे संबंधी वाराणसी कोर्ट के आदेश की निंदा की। उन्होंने कहा कि इस फैसले से एक बार फिर वैसा ही खून-खराबा शुरू हो सकता है, जैसा 1980-90 के दशक में मुस्लिम विरोधी हिंसा हुई थी। 'काशी के ज्ञानवापी मस्जिद में सर्वे का कोर्ट का आदेश '1991 प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट' का उल्लंघन है। प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट के मुताबिक, धार्मिक स्थलों की प्रकृति बदलना गैरकानूनी है।



- ❑ वादी पक्ष के अधिवक्ता ने बताया, हमें वहां पहुंचने ही नहीं दिया गया
- ❑ टीम के खिलाफ उग्र नारेबाजी, एक युवक को पुलिस ने हिरासत में लिया

### वकील ने कमिश्नर की कार्यशैली पर उठाए थे सवाल

ज्ञानवापी प्रकरण मामले में शनिवार को विपक्षी अधिवक्ता ने कोर्ट कमिश्नर की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए सिविल जज सीनियर डिविजन की अदालत ने उनके खिलाफ याचिका दायर की थी। अधिवक्ता ने अदालत से दरख्वास्त की थी कि कोर्ट कमिश्नर निष्पक्ष तरीके से कमीशन की कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। विपक्षी अधिवक्ता अभयनाथ यादव व एकलाख अहमद ने अपनी याचिका में कहा कि सर्वे से पहले जिस भूमि के आराजी संख्या 9030 पर विग्रहों की वस्तुस्थिति देखी जानी है, उसकी वस्तु स्थिति पहले जांचनी चाहिए थी, लेकिन कोर्ट कमिश्नर ने ऐसा नहीं किया। कोर्ट कमिश्नर के आदेश में मस्जिद के अंदर प्रवेश कर सर्वे करने का कोई आदेश नहीं लिखा गया है फिर भी वह आमादा है। लिहाजा इन्हें हटाकर दूसरे अधिवक्ता के जरिए कमीशन की कार्रवाई कराई जाए।

### मस्जिद में मौजूद थे 400 से 500 नमाजी

सर्वे टलने के बाद धाम के बाहर निकले वादी महिलाओं व अधिवक्ताओं ने कहा कि प्रशासन ने कमीशन की कार्यवाही में सहयोग नहीं किया। मस्जिद में पहले ही चार सौ से पांच सौ नमाजियों की मौजूदगी थी। पहली बार सामान्य दिनों में इतनी संख्या में नमाजी दिखे। पुलिस ने उन्हें रोकने के लिए कोई व्यवस्था नहीं की। जबकि पुलिस प्रशासन को पता था कि सर्वे के लिए कोर्ट कमीशन की कार्यवाही होनी है।

# साल्वर बैठाकर दरोगा भर्ती परीक्षा पास करने वाले छह अभ्यर्थी गिरफ्तार



कैनविज टाइम्स संवाददाता

- ❑ महानगर के रिजर्व पुलिस लाइन में शैक्षिक दस्तावेज की जांच में पकड़ी गड़बड़ी
- ❑ ऑनलाइन परीक्षा केंद्र संचालक को सात-सात लाख रुपये देकर दूसरे को बैठाया था
- ❑ आपराधिक साजिश रचने, धोखाधड़ी और सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम के तहत मुकदमा

लखनऊ। यूपी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की ओर से कराई गई दरोगा की सीधी भर्ती ऑनलाइन परीक्षा में अपनी जगह दूसरे साल्वर को बैठाकर उत्तीर्ण होने वाले छह अभ्यर्थियों को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया। महानगर में रिजर्व पुलिस लाइन में शैक्षिक दस्तावेज और शारीरिक मापदंड परीक्षण के दौरान अभ्यर्थियों की करतूत का पता चला। आरोपी अभ्यर्थियों ने सात-सात लाख रुपये देकर अपनी जगह दूसरे व्यक्ति को बैठाकर परीक्षा पास की थी।

इंस्पेक्टर महानगर दिनेश चंद्र मिश्र के मुताबिक शनिवार को डीवी/पीएसटी के लिए करीब तीन सौ अभ्यर्थी पुलिस लाइन पहुंचे थे। दस्तावेज चेकिंग के दौरान मैनपुरी खरगजीत नगर निवासी रजत कुमार, शामली झिझना निवासी पिंकू कुमार, बुलंदशहर खुर्जा निवासी प्रतीक चौधरी, हरियाणा सरूपगढ़ निवासी दीपक, मुजफ्फरनगर निवासी हसीन चौधरी और शामली खेड़ा कुरतानी निवासी आशुतोष शर्मा पर शक हुआ। उनसे पूछताछ की गई। संदिग्ध अभ्यर्थियों के पकड़े जाने की जानकारी महानगर पुलिस को दी गई, जिस पर सभी को गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं, अनुसचिव भर्ती रश्मि रानी की तहरीर पर आपराधिक साजिश रचने, धोखाधड़ी और सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

अभ्यर्थी रजत कुमार के मुताबिक उसका सेंटर आगरा के कृष्णा इंफोटेक में गया था। परीक्षा पास करने के लिए उसने परिचित की मदद से कृष्णा इंफोटेक के संचालक महेश चन्द्रा से सम्पर्क किया था। जिन्होंने दूसरे व्यक्ति को बैठा कर परीक्षा दिलाने के बदले सात लाख रुपये मांगे थे। दो लाख रुपये पहले दिए गए थे। वहीं, पांच लाख रुपये परीक्षा में चयनित होने के बाद दिए गए थे। इसी तरह आशुतोष शर्मा, हसीन चौधरी, दीपक कुमार और पिंकू कुमार ने भी महेश चन्द्रा को सात-सात लाख रुपये दिए थे। वहीं, प्रतीक चौधरी का सेंटर आगरा के एस डब्लू इंफोटेक में पड़ा था। उसने भी पांच लाख रुपये देकर ● शेष पेज 11 पर

# राममंदिर के गर्भगृह का निर्माण जल्द पूरा होगा : चंपत राय



एजेंसी

अयोध्या। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण स्थल रामकोट में शनिवार को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय ने एक पत्रकारवार्ता की। इसमें उन्होंने मंदिर निर्माण के स्थलीय वीडियो और निर्माण के बारे में कई बिन्दुओं पर अहम जानकारी दी है।

उन्होंने बताया कि मंदिर निर्माण एक ऐतिहासिक कार्य हो रहा है, भावी पीढ़ी इसे देश का निर्माण कहेगी। शीघ्र ही गर्भ ग्रह और उसके चारों ओर का प्लिंथ (कुर्सी) निर्माण पूरा होगा। राजस्थान के भरतपुर जनपद के बंसी पहाड़पुर क्षेत्र की पहाड़ियों के हल्के गुलाबी रंग के बलूवा नक्काशी द्वार पत्थरों को इंस्टाल का कार्य प्रारंभ हो जाएगा। संपूर्ण मंदिर में लगभग 4.70 लाख घनफुट नक्काशी लाल पत्थर लगेंगे। नक्काशी द्वार पत्थर अयोध्या पहुंचना प्रारंभ हो गए हैं। गर्भ ग्रह में लगने वाला मकराना के सफ़ेद संगमरमर पत्थर की नक्काशी का कार्य प्रगति पर है। यह पत्थर भी शीघ्र अयोध्या पहुंचना प्रारंभ हो जाएंगे। मंदिर निर्माण स्थल पर उपस्थित रहकर ट्रस्ट महासचिव चंपत राय ने बताया कि अभी मंदिर की प्लिंथ (कुर्सी) ऊंची करने का कार्य प्रगति ● शेष पेज 11 पर

# बुंदेलखंड की योजनाओं की नियमित समीक्षा हो : योगी

एजेंसी

झांसी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को झांसी में कानून व्यवस्था और विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान निर्देश दिया कि बुंदेलखंड की सभी योजनाओं की नियमित समीक्षा की जाये।

बुदेलखंड में झांसी और ललितपुर के दो दिवसीय दौरे पर सायं लगभग चार बजे यहां पहुंचने के बाद मुख्यमंत्री योगी ने आयुक्त सभागार में मंडलायुक्त अजय शंकर पांडेय, जिलाधिकारी रविंद्र कुमार और अन्य अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों के साथ मंडलीय समीक्षा बैठक में जरूरी निर्देश दिये। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि बैठक में मुख्यमंत्री ने जल जीवन मिशन (जेजेएम) के अंतर्गत लंबित कार्यों को समयबद्ध रूप से पूरा करने, इस मिशन के अंतर्गत चल रहे कामों की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी काम निर्धारित मानकों एवं समय सारिणी के अनुरूप आगे बढ़ें और अधिकारी अपने कार्यालय नियमित रूप से पहुंचे। सभी अधिकारी अपने कार्यालय में उपस्थित रहकर जन सुनवाई सुनिश्चित करें। बुंदेलखंड की सभी परियोजनाओं की नियमित समीक्षा हो। योगी ने कहा कि सीडीओ और एडीएम (नमामि गंगे) की नियमित समीक्षा करें। साथ ही अधिकारीगण समस्त जनप्रतिनिधियों के साथ लगातार संवाद स्थापित करें और उन्हें महत्वपूर्ण परियोजनाओं के सम्बन्ध में जानकारी भी दें। महीने में एक बार व्यापारियों, उद्योग बन्धुओं, बैंक एवं जन प्रतिनिधियों के साथ संवाद स्थापित हो। उन्होंने ललितपुर स्थित फार्मा पार्क के सम्बन्ध में कार्रवाई को तेज़ी से आगे बढ़ाने के भी निर्देश दिये। एरेच बांध के सम्बन्ध में जांच के परिणामों के आधार पर कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। योगी ने समीक्षा बैठक में कहा कि कायाकल्प योजना को जनसहभागिता से आगे बढ़ाया जाये। बच्चों के यूनिफार्म, बैग, जूता-मौजा के लिए शासन से भेजी गयी धनराशि का सदुपयोग सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने मुख्यमंत्री आरोग्य मेला का नियमित आयोजन सुनिश्चित करने, पूरे बुंदेलखंड में प्राकृतिक खेती को आगे बढ़ाने और ● शेष पेज 11 पर



### मुख्यमंत्री ने किया जिम्नेजियम हॉल का उद्घाटन

**झांसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में बुंदेलखंड के प्रथम वातानुकूलित जिम्नेजियम हॉल का लोकार्पण व उद्घाटन कन्याओं के साथ किया। उन्होंने छोटे व कुछ बड़े बच्चों द्वारा किए गए करतबों को भी देखा। इस दौरान उनके साथ जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, सांसद अनुराग शर्मा, मंत्री मन्नू कोरी, सदर विधायक रवि शर्मा, गरौठा विधायक जवाहर सिंह राजपूत, बबीना विधायक राजीव सिंह पारीछा समेत प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। उद्घाटन के बाद छोटे बच्चों और युवाओं और युवतियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष जिम्नास्ट के करतब दिखाये। बच्चियों ने अपनी बॉक्सिंग के करतब दिखाये। उत्तर प्रदेश के खेल निदेशक आर० पी० सिंह ने बताया कि जिस अत्याधुनिक जिम्नेज़ियम हॉल का उद्घाटन मुख्यमंत्री ने किया है, उसके माध्यम से जिमनास्ट से जुड़े 11 खेलों को प्रोत्साहन ● शेष पेज 11 पर

# स्क्रैप रिसाइकिलिंग केंद्र खोलने के नियम आसान बनाए जाएंगे: गडकरी

एजेंसी



नयी दिल्ली। केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शनिवार को कहा कि देश में जगह-जगह स्क्रैप रिसाइकिलिंग सेंटर स्थापित किये जायेंगे जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ रोजगार के व्यापक अवसर उत्पन्न होंगे। श्री गडकरी स्क्रैप रिसाइकिलिंग क्षेत्र पर एक औद्योगिक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

श्री गडकरी ने कहा कि सरकार ऐसे केंद्र स्थापित करने वालों की आसानी के लिए इसकी स्वीकृति के लिए सिंगल-विंडो सुविधा शुरू कर रही है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इससे इस क्षेत्र में काम में अनेक सहूलियतें हो जायेंगी तथा रिसाइकिंग की गयी सामग्री की आपूर्ति बढ़ने से आयात कम करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि रीसाइक्लिंग उद्योग भी देश में भारी रोजगार के अवसर उत्पन्न करेगा। स्क्रैपिंग नीति को इस तरह डिजाइन किया गया है ताकि उद्योग को इसका हिस्सा बनाया जा सके और वाहन-विनिर्माता छोटी या बड़ी कंपनियों से इसमें निवेश आमंत्रित किया जा सके। श्री गड़करी ने मटेरियल रिसाइकिलिंग एसोसियेशन ऑफ इंडिया की ओर से आयोजित नौवें इंडियन मटेरियल रिसाइकिलिंग सम्मेलन में कहा कि सामग्री की रिसाइकिलिंग के मामले में जापान और बेल्जियम की तकनीक से सीखने और रिसाइकिलिंग की लागत में कमी लाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सरकार स्क्रैप रिसाइकिलिंग के लिए एसोसियेशन को सभी तरह की मदद उपलब्ध करायेगी। उन्होंने स्क्रैप रिसाइकिलिंग में नयी तकनीकी का इस्तेमाल करने के लिए इस क्षेत्र में कार्यरत उद्यमियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में निर्यात को बढ़ाने और आयात को कम करने की आवश्यकता है। उन्होंने एसोसियेशन की दूरदर्शिता और कार्यप्रणाली को लेकर खुशी जतायी। केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री भागवत कराड ● शेष पेज 11 पर

## सीमाओं की रक्षा करने वालों को सुविधाएं मुहैया कराना सर्वोच्च प्राथमिकता : रक्षामंत्री

# चीन के खतरे के मद्देनजर क्षमता बढ़ाए सीमा सड़क संगठन

एजेंसी

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि भारत की सीमाओं की रक्षा करने वालों को ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं मुहैया कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों का विकास सुनिश्चित करना सरकार की व्यापक रक्षा रणनीति का एक प्रमुख हिस्सा है। सिंह ने कहा, ''हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता उन लोगों को ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं मुहैया कराना है जो हमारी सुरक्षा के लिए दिन-रात काम कर रहे हैं, जो इस देश की सीमा के पहरेदार हैं। रक्षा मंत्री ने देश के सीमावर्ती क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए बीआरओ की भी सराहना की। पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास का उदाहरण देते हुए सिंह ने कहा कि यह अब देश के समग्र विकास के लिए ''नया प्रवेश द्वार'' बन गया है। उन्होंने कहा कि मानव सभ्यता की यात्रा में सड़कों का बहुत महत्व रहा है। रक्षा मंत्री ने कहा, ''शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार, खाद्यान्न आपूर्ति, सेना की सामरिक जरूरतें, उद्योग और सामाजिक-आर्थिक प्रगति से जुड़े अन्य कार्यों को पूरा करने में सड़कों और पुलों की भूमिका महत्वपूर्ण रही है।'' हाल के दिनों में उत्तरी सेक्टर में चीन की उपस्थिति बढ़ी है। पर्वतीय क्षेत्रों में निर्माण कार्य में निपुण होने के कारण वे विभिन्न स्थानों पर बहुत जल्दी पहुँचने में सफल हो जाते हैं। बीआरओ को समानांतर तरीके से काम जारी रखना चाहिए और प्रौद्योगिकी के पूर्ण उपयोग के साथ अपनी क्षमता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार अपनी ओर से इस दिशा में बीआरओ को आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए सभी प्रयत्न कर रही है। रक्षा मंत्री ने देश की सुरक्षा और सीमावर्ती क्षेत्रों के विकास के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए वित्तीय वर्ष 2022-23 में बीआरओ के पूंजीगत बजट को 40 प्रतिशत बढ़ाकर



3,500 करोड़ रुपये करने का उल्लेख किया और बीआरओ को न केवल बजटीय सहायता बल्कि इस दिशा में हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्रों के विकास को सरकार की व्यापक रक्षा रणनीति का प्रमुख हिस्सा बताया और कहा कि इससे देश का सुरक्षा तंत्र मजबूत बनेगा और दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आएगा। उन्होंने कहा कि लोगों की सहभागिता भी रक्षा रणनीति का अहम हिस्सा है। उन्होंने कहा ल्लसीमावर्ती क्षेत्रों के लोग जितने अधिक सशक्त होंगे, वे उन क्षेत्रों की सुरक्षा को लेकर उतने ही अधिक जागरूक और चिंतित होंगे। नागरिक राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति होते हैं। इसलिए बदलते समय के साथ हम अपने सीमावर्ती क्षेत्रों के विकास की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारी सुरक्षा के लिए चौबीसों घंटे काम करने वालों को ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। श्री सिंह ने पूरे देश के लिए सुरक्षा और समृद्धि के नए द्वार खोलने के लिए संगठन की सराहना करते हुए इसे केवल एक निर्माण संगठन ही नहीं, बल्कि एकता, अनुशासन, समर्पण और कर्तव्य के प्रति भक्तिभाव से काम करने का एक ज्वलंत उदाहरण बताया। राष्ट्र की प्रगति में सड़कों, पुलों और सुरंगों के महत्व को रेखांकित करते हुए, रक्षा मंत्री ने कहा कि बीआरओ द्वारा पूरी की गई परियोजनाओं ने सशस्त्र बलों की परिचालन तैयारियों में वृद्धि की है और दूर-दराज क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार किया है। उन्होंने कहा, ''सीमावर्ती क्षेत्रों में अवसंरचना का विकास प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विज़न के अनुसार एक मजबूत, सुरक्षित और आत्मनिर्भर 'नया भारत' के निर्माण के लिए सरकार की अटूट प्रतिबद्धता का सूचक है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस बात को रेखांकित किया कि सीमावर्ती क्षेत्र विकास के नए केंद्रों के रूप में उभरे हैं और उत्तर-पूर्व जैसे क्षेत्र न केवल खुद को विकसित कर रहे हैं, बल्कि देश की सर्वांगीण प्रगति के लिए प्रवेश द्वार भी बन गए हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि इन क्षेत्रों का विकास अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी राष्ट्र की प्रगति के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि पूर्वोत्तर क्षेत्र भारत को दक्षिण एशिया और दक्षिण पूर्व एशिया से जोड़ता है। रक्षा मंत्री ने'' 75 कैफ़े'' और ● शेष पेज 11 पर

## उप्र में ओडीओपी उत्पादों की बिक्री को दोगुना करने की कवायद

लखनऊ। योगी सरकार ओडीओपी (एक जिला एक उत्पाद) के उत्पादों को बिक्री को अगले पांच वर्षों में दोगुना करेगी। 1.5 लाख पारम्परिक कामगारों को प्रशिक्षित किया जाएगा और उन्हें टूलकिट दिया जाएगा। साथ ही कारोबार के लिए ऋण भी उपलब्ध कराया जाएगा। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि योगी सरकार लोगों को रोजगार से जोड़ने के लिए सतत प्रयत्नशील है। सरकार का लक्ष्य है कि अगले पांच वर्षों में प्रत्येक परिवार से कम से कम एक व्यक्ति को रोजगार उपलब्ध कराया जाए। ओडीओपी योजना को मिशन मोड पर चलाने के लिए सरकार ने निर्देश दिए हैं। सरकार का लक्ष्य है कि अगले दो वर्ष में ओडीओपी योजना के तहत 19 सामान्य सुविधा केंद्र को शुरू किया जाएगा और 15 सामान्य सुविधा केंद्रों का शिलान्यास किया जाएगा। साथ ही पांच सामान्य सुविधा केंद्रों का जल्द उद्घाटन किया जाएगा। उप्र में ओडीओपी योजाना की शुभारंभ वर्ष 2018 में हुआ। इसका मुख्य उद्देश्य प्रदेश के पारंपरिक उत्पादों की पहचान, उत्पादों की बिक्री को बढ़ावा देना और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। साथ ही कुशल कामगारों के पलायन को भी रोकना है। इसके लिए सरकार ओडीओपी उत्पादों के उत्पादन से बिक्री तक आसान बना रही है। प्रवक्ता ने बताया कि योगी सरकार ओडीओपी योजना के तहत वित्त, विपणन, प्रौद्योगिकी, डिजाइन, पैकेजिंग आदि चुनौतियों के समाधान के लिए विभिन्न संगठनों व संस्थानों के साथ मिलकर काम कर रही है। सभी ई-कामर्स प्लेटफार्मों पर ओडीओपी उत्पादों की बिक्री की जा रही है। इसके तहत फिलपकार्ट पर 1000 करोड़ से अधिक के ओडीओपी उत्पाद की बिक्री हो चुकी है। पिछले पांच वर्षों में प्रदेश सरकार ओडीओपी वित्त पोषण योजना के तहत 1088 करोड़ रुपये व्यय कर चुकी है और 1,09,334 रोजगार का सृजन हुआ है।

## सेंट जोसेफ स्कूल ने मनाई रवीन्द्रनाथ टैगोर की 161वीं वर्षगांठ

लखनऊ। सेंट जोसेफ की रुचिखण्ड शाखा में गुरदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर की 161वीं वर्षगांठ क्विज एवं विशेष असेम्बली द्वारा मनाई गई साथ ही मातृ दिवस का भी आयोजन हुआ। जिसमें पूरे विद्यालय परिवार की ओर से मदर मैम के लिए कृतज्ञता और आभार समाहित हुआ। समस्त छात्रों ने अपनी माताओं के प्रति अपनी भावनाओं की अभिव्यक्ति भिन्न भिन्न तरीक़ों से की। माँ के लिए बच्चे उनके लाल होते हैं। इसी आधार पर प्लेवे से यूकेजी तक के छात्रों को सुंदर लाल परिधानों में बुलाया गया और रेड डे का आयोजन उत्साहपूर्वक हुआ।

# आध्यात्म का एक महासमागम कार्यक्रम का हुआ आयोजन, देश भर से पहुँचे संत



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनउ। शनिवार को कृष्ण भक्तों की ओम गौ लोक आश्रम व अन्तर्राष्ट्रीय संस्था मुस्कॉन के द्वारा आध्यात्म का एक महा समागम कार्यक्रम का आयोजन इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में किया गया। इस समागम मे मुख्य अतिथि कैलाश विजय वर्गीय, मुख्य वक्ता पूर्व उप मुख्यमंत्री डा दिनेश शर्मा व अध्यक्षता मुख्य रुप से शंकराचार्य नरेंद्रानन्द सरस्वती के द्वारा की गई। देश भर से आए संत काशी, अन्तर्राष्ट्रीय योगी आनन्द अमेरिका, महादेव आश्रम महाराज शुक्रतीर्थ, मिथिलानन्दिनी महाराज अयोध्या, महन्त राजू दास हनुमानगढी अयोध्या, प्रकाशानन्द महराज देवघर झारखंड, साध्वी प्राची हरिद्वार आदि ने इस कार्यक्रम मे वास्तविक भारत समर्थ सशक्त शिक्षित हिन्दू राष्ट्र पर व्याख्यान दिए। इस महासमागम के अवसर पर मुख्य अतिथि कैलाश विजयवर्गीय, राष मुख्य वक्ता प्रदुम्न कुमार राष्ट्रीय संगठक भाजपा, सांसद प्रो रीता बहुगुणा जोशी, गुलाबो देवी माध्यमिक शिक्षा मंत्री उप्र, परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह उपस्थिति रहे। इसमें सांस्कृतिक व लोकगीतों का कार्यक्रम में लोकगाईका आशा रावत के ग्रुप द्वारा दी गई देवी स्तुति जयति जय जय शैलपुत्री ने सभी का मन मोह लिया। रंगलोक अकादमी नोएडा द्वारा फिल्म और थियेटर द्वारा मीरा के जीवन की शानदार प्रस्तुति दी। इस मौके पर गौ आधारित प्राकृतिक कृषि प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ शशिकान्त तिवारी संस्थापक अध्यक्ष मुस्कॉन ने अपनी समाज, धर्म व राष्ट्रभक्ति भावना को व्यक्त करते हुए अपनी आगामी कार्य योजना को विस्तार से बताया।

# नादान महल क्षेत्र में 10 बिजली चोरों पर एफआईआर दर्ज



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। बिजली चोरों के खिलाफ बिजली विभाग की लगातार छापेमारी की कार्रवाई जारी है । शनिवार को तड़के सुबह चौक डिवीजन के नादान महल उपखंड के बिजली कर्मियों व विजिलेंस की टीम ने संयुक्त रूप से बिजली चोरों के खिलाफ छापेमारी की यह छापेमारी तकिया जंगली शाह, विक्टोरिया स्ट्रीट, गढ़ैया, बिल्लौच पुरा, तकिया जहांगीर हाता आदि इलाक़ो में की गई थी । जिसमें 10 लोगों को बिजली चोरी करते हुए पाया गया जिनके खिलाफ धारा 135 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया है। इस छापेमारी में नादान महल उपखण्ड के उपखण्ड अधिकारी परविंद कुमार व अवर अभियंता अशोक कुमार, अवर अभियंता अंकित पांडे तथा विजिलेंस के उपखण्ड अधिकारी श्री निवास व परिवर्तन दल प्रभारी लेसा 3 के उ. नि. मोहम्मद अहमद अंसारी व उनकी टीम के लोग मौजूद थे।

## स्टार्टअप की योजना पर हुआ व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन

लखनऊ। नेताजी सुभाष चंद्र बोस महिला महाविद्यालय में आई आई सी के तत्वाधान में छात्राओं के लिए स्टार्ट अप की योजना कैसे बनायें और उसके कानूनी और व्यवहारिक पहलुओं पर एक व्याख्यान प्राचार्य के संरक्षण में आयोजित किया गया। व्याख्यान के मुख्य वक्ता के रूप में क्राफ्टिसॉलविन्स से उद्यम की शुरुआत करने वाली जया वर्मा ने छात्राओं को स्टार्ट अप के बारे में कैसे सोचें, कैसे अपनी किसी भी सृजनात्मकता उद्यम के रूप में परिवर्तित कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनें, उन्होंने अपने उद्यम से संबंधित अनुभवों को साझा कर छात्राओं को प्रेरित किया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो अनुराधा तिवारी ने भी छात्राओं से आत्मनिर्भर होने के लिए उद्यमिता की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया। डॉ अरविंद ने भी छात्राओं को ऑनलाइन व्यवसाय शुरुआत कैसे करें और किन किन दैनिक जीवन में उपयोग होने वाली वस्तुओं से करें इस के बारे मे विस्तार से समझाया। कार्यक्रम में आई आई सी की प्रभारी डा पूनम वर्मा, डॉ रोशनी सिंह, डॉ पारुल मिश्रा उपस्थित रही व कार्यक्रम का संचालन डॉ श्वेता भरद्वाज द्वारा किया गया।

# पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने वाला अभियुक्त भेजा गया जेल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। गोसाईगंज पुलिस द्वारा पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार करके पुलिस द्वारा जेल भेज दिया गया है। एच एस ओ गोसाईगंज शैलेंद्र गिरी के अनुसार 2 मई को थाना क्षेत्र हसनगंज के मोहल्ला डालीगंज क्षेत्र निवासी शांति देवी पत्नी स्व प्रेम चंद की ओर से दी गई तहरीर के अनुसार गोसाईगंज निवासी नीरज शुक्ला द्वारा शिकायत कत्री के देवर की पुत्री सोनी शुक्ला द्वारा मार पीट कर प्रताड़ित किया गया। प्रताड़ना से क्षुब्ध होकर सोने ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी।इस मामले में गोसाईगंज कोतवाली में अभियुक्त नीरज शुक्ला के विरुद्ध धारा 307 के तहत अभियोग दर्ज कर लिया गया था।इस मामले में 7 मई 2022 को प्रभारी निरीक्षक शैलेन्द्र गिरि के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त को गोसाईगंज कस्बे के मोहल्ला साहन टोला स्थित मकान से गिरफ्तार कर लिया गया । गोसाईगंज एच एस ओ के अनुसार 46 वर्षीय अभियुक्त नीरज को जेल भेज दिया गया।

## गौसगंज ग्राम पंचायत के प्रधान पद के चुनाव की पुनर्मतगणना में अंजू सिंह हुई विजय घोषित

सण्डीला- हरदोई । त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव वर्ष 2021 में ग्राम सभा गौसगंज के प्रधान पद चुनाव में अंजू पत्नी रवीश कुमार सिंह अपने विपक्षी हसमतुन निशा पत्नी रियाजुउल हक से 10 मतों से चुनाव हार गई थी। मतगणना से असंतुष्ट प्रधान प्रत्याशी अंजू सिंह ने पुनः मतगणना के लिए एस डी एम कोर्ट में अपील की थी कोर्ट ने मुकदमा चलने के बाद एसडीएम ने पक्षों के बयान पर निर्णय लेते हुए पुनः मतगणना रिकाउंटिंग का आदेश जारी किया था रिकाउंटिंग के लिए तिथि 6 मई निर्धारित की गई थी! जोकि अपने निर्धारित तिथि में शांतिपूर्ण ढंग से वोटों की गणना की गई जिसमें अंजू पत्नी रवीश कुमार सिंह 7 वोटों से विजई घोषित किया गया जिससे प्रधान प्रत्याशी अंजू समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई ।

# हिंदू युवा वाहिनी भारत के अतुल तिवारी बने महानगर उपाध्यक्ष

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। प्रदेश की राजधानी लखनऊ में हिंदू युवा वाहिनी भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अनुभव शुक्ला की उपस्थिती मे बैठक का आयोजन किया गया जिसमे अतुल तिवारी को महानगर उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया । राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन पर अतुल तिवारी के नाम पर जोर देत हुए कहा की महानगर लखनऊ को आज एक युवा पीढी के नवयुवक को महानगर उपाध्यक्ष की कमान सौपी जा रही है। मुझे विश्वास ही पूर्ण भरोसा है कि अतुल तिवारी संगठन को निस्वार्थ भाव से मजबूत करने मे अपना पूरा सहयोग देगे । इस मौके पर प्रदेश संयोजक अरविंद पांडे प्रदेश अध्यक्ष दीपक पंडित प्रदेश प्रभारी राहुल यादव व गगन सिंह जिला अध्यक्ष संजय तिवारी जी की उपस्थिति में लखनऊ के पिकेडली होटल में आज दिनांक 07 मई को लखनऊ महानगर कमेटी का गठन किया गया। जिसमें यश शर्मा को लखनऊ महानगर कमेटी का अध्यक्ष मनोनीत किया गया ।यस शर्मा के अध्यक्ष बनने पर बहुत-बहुत बधाई दी। वही राष्ट्रीय अनुभव शुक्ला जी ने लखनऊ महानगर की टीम को बधाई देते हुए कहा कि आज इस कोर कमेटी की बैठक मे हिन्दू युवा वाहिनी भारत को और नव युवको का बल मिला है । इसी तर पूरे भारत मे सक्रिय सदस्यों को जोडने का काम किया जाएगा । उपस्थित सभी गणमान्यजनों की आभार प्रकट करते हुए संगठन को और मजबूत करने और तन मन धन से संगठन के प्रति निस्वार्थ भाव संकल्पित होने की बात कही ।

# पटरी दुकानदारों द्वारा किया गया अस्थाई अतिक्रमण को लेकर कोतवाल ने व्यापारियों से की वार्तालाप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पिहानी हरदोई । कोतवाल डीके सिंह ने पिहानी कोतवाली पर शुक्रवार को व्यापारी संगठन के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बाजारों में सुरक्षा प्रबंध बेहतर करने की रूपरेखा बनाई गई। सभी दुकानों में सीसी टीवी कैमरे लगाने की अपील की। उद्योग व्यापार संगठन के नगर अध्यक्ष पंकज वैसे ने पुलिस से व्यापारियों के सहयोग की अपील की। डीके सिंह ने कहा कि व्यापारियों की सुरक्षा के लिए पुलिस कटिबद्ध है। व्यापारी तय समय सीमा में अपने प्रतिष्ठान रात को बंद कर दें। बाजारों में सक्षम दुकानदार एक एक चौकीदार रखने के निर्देश दिए। कटरा बाजार में चौकीदार तैनात है परंतु दुकानदार उसको पैसे नहीं देते हैं यह बहुत ही निंदनीय है।कोतवाल ने कहा कि दुकानदार अपनी दुकानों के आगे कम से कम एक एलईडी बल्ब जरूर लगाएं।भयमुक्त माहौल बनाने का पूरा प्रयास किया जा रहा है, जिससे व्यापार बेहतर ढंग से हो सके। इसमें व्यापारियों का सहयोग भी अपेक्षित है। सभी व्यापारी अपने प्रतिष्ठानों पर सीसी टीवी कैमरा अवश्य लगवाएं।

कैमरे की दिशा भी इस तरह से हो, जिससे पूरे दुकान की गतिविधि उसमें कैद हो सके। किसी भी घटना की स्थिति में कैमरे की फुटेज की मदद से अपराधियों तक पहुंचने में मदद मिलेगी। कोतवाल ने गश्त बढ़ाने का भी निर्देश दिया। बैठक में दर्जनों व्यापारियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान पुलिस ने व्यापारियों से बैंक संबंधी लेनदेन के दौरान सावधानी बरतते हुए मोटी रकम को जमा कराने के लिए पुलिस को जानकारी देने का सुझाव दिया, जिसके चलते पुलिस सुरक्षा में व्यापारी की रकम बैंक में सुरक्षित जमा हो सके। वहीं व्यापारियों से अपने प्रतिष्ठान पर सीसी कैमरे लगाए जाने तथा किसी भी संदिग्ध की तत्काल पुलिस को सूचना दी जाने के लिए अपील की। इस मौके पर उद्योग व्यापार संगठन के नगर अध्यक्ष पंकज वैश्य, विश्राम पाल, कृष्ण पाल राठौर ,फुरकान अहमद फारुकी ,अनिल सिंह ,अमन सिंह ,सुहेल अहमद, राकेश गुप्ता, मेराज अहमद, विमलेश गुप्ता ,सूरज, शादाब आलम ,जितेंद्र गुप्ता ,विमलेश गुप्ता, रामसहाय प्रजापति, मनीष कुमार वर्मा ,धर्मेंद्र कुमार ,कन्हैयालाल कपूर, सर्राफा व्यवसाई राज किशोर सिंह, आदि लोग उपस्थित रहे।

## सड़क हादसे में एक ही परिवार के 07 लोगों की मौत

हरदोई। आगरा एक्सप्रेस वे पर हुए हादसे में सण्डीला इलाके के एक ही परिवार 07 लोगों की मौत, संडीला तहसील क्षेत्र के गांव बहादुरपुर से नोएडा से लौट रहा था परिवार, एक ही परिवार के सात लोगों की यमुना एक्सप्रेस वे पर हुए हादसे में मौत, मृतकों में तीन महिला, एक बालक और तीन पुरुष शामिल एक बालक समेत दो लोग घायल, थाना नौहझील क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेस वे के बाजना कट के समीप हादसा, बहादुरपुर निवासी लल्लू गौतम, उनके बेटे राजेश, श्री गोपाल गौतम, संजय, संजय की पत्नी निशा, लल्लू की पत्नी छुटकी, राजेश की पत्नी नन्दनी, संजय के पुत्र धीरज और संजय के दूसरे पुत्र कृश सवार थे।

# मदर्स डे की पूर्व संध्या पर बच्चों ने मां के प्रति दिखाया अपना प्यार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




हरदोई। आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में मातृत्व दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित चित्रकला व स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया प्रतियोगिता का विषय मां की ममता रखा गया,। प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया तथा अपनी मां के प्रति अपने सम्मान व अपनी भावनाओं का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का आयोजन अस्तित्व फाउंडेशन द्वारा संचालित महिला सशक्तिकरण प्रशिक्षण केंद्र के द्वारा किया गया। फाउंडेशन की अध्यक्ष ऋचा गुप्ता ने प्रतिभागी बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए मां की महिमा का गुणगान किया। कथा गीत ''तू कितनी अच्छी है'' सुनाकर सभी को भावुक कर दिया। कहां तो बताओ और अकबर के विद्यालय की शिक्षिका द्वारा पुष्प देकर स्थित फाउंडेशन की पूरी टीम का स्वागत किया। इसके पश्चात विद्यालय प्रबंधक अखिलेश सिंह ने टीम का आभार व्यक्त किया व नारी सशक्तिकरण का सराहनीय कार्य करने के लिए सभी को बधाई दी। प्रधानाचार्य लक्ष्मी देवी ने सभी विजेता बच्चों का उत्साहवर्धन किया। पोस्टर प्रतियोगिता में ऋतु जोशी ने प्रथम द्वितीय दिव्या सिंह, तृतीय आस्था तथा दीपक वर्मा को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। स्लोगन स्लोगन प्रतियोगिता में तुलसी यादव ने प्रथम तान्या ने द्वितीय वंश गुप्ता ने तृतीय आयुष तथा स्नेहा ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।

प्रतियोगिता का निर्णय उप प्रबंधक मुकेश सिंह व रिचा गुप्ता ,मीनाक्षी गुप्ता, लक्ष्मी गुप्ता व उनकी टीम द्वारा किया गया । इस अवसर पर शिक्षिका मनसा बाजपाई, कविता गुप्ता, विनीता शुक्ला, नैंसी गुप्ता,शीलू मिश्र दिव्या सिंह,अर्पिता सिंह,रचना प्रजापति,आरती वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# मक्खियों की समस्या से किसानों को निजात दिलाई जाए

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरदोई । बीते शनिवार को संपूर्ण तहसील दिवस कार्यक्रम के दौरान तहसील परिसर में उपस्थित उप जिला अधिकारी दीक्षा जैन को भारतीय किसान मजदूर यूनियन दशहरी संगठन के जिला अध्यक्ष पुनीत मिश्रा ने लिखित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने कहा कि विकासखंड अहिरोरी के ग्राम पंचायत डही अंतर्गत हरदोई सीतापुर सड़क मार्ग किनारे पोल्ट्री फार्म में गंदगी की वजह से मक्खियों की भरमार है जिससे आसपास कई ग्राम पंचायतों में रहने वाले किसान मजदूरों को बड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। किसान मच्छरदानी लगा कर खाना खाने को मजबूर है। भीषण मक्खियों की वजह से नन्हे मुन्ने बच्चे आए दिन बीमारियों की चपेट में रहते है। जिसके संबंध में बीते वर्ष कई बार पोल्ट्री फार्म संचालक को अवगत कराया गया पर समस्या आज भी जस की तस बनी हुई है। उन्होंने कहा मामले निस्तारण संबंधी दिनांक 17 मई दिन मंगलवार सुबह 9:00 से पोल्ट्री फार्म के मुख्य गेट पर किसानों की उपस्थिति में एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया जाएगा। मक्खियों की गंभीर समस्या को ध्यान में रखते हुए उप जिलाधिकारी दीक्षा जैन ने मौके पर मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों को डीडीटी पाउडर का तत्काल छिड़काव कराने का आदेश दिया उन्होंने कहा कि कृषि संबंधित अधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों द्वारा मामले की जांच कराई जाएगी जो भी दोषी पाया जाता है उसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। इस मौके पर सरवन कुमार, सुधाकर वर्मा, मिथुन राठौर, विकाश वर्मा, अर्पित गुप्ता, भन्नू लाल, बिजेंद्र वर्मा, गौरव गुप्ता, सर्वाधार वर्मा, दीपक कुमार, शर्मा सिंह, सीलू वर्मा, मुन्ना लाल सहित दर्जनों किसान उपस्थित रहे।

# खेल के मैदान को कब्जा मुक्त कराने के लिए ग्रामीणों ने की एसडीएम से की शिकायत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरदोई । विकासखंड हरियावाँ के ग्राम पंचायत खेरिया में स्थित गाटा संख्या 377 / 0.1640, 378 /0.1520 जूनियर हाई स्कूल खेरिया खेल मैदान के रूप में खतौनी में दर्ज है जिन पर गांव के भगवत स्वरूप, आनंद स्वरूप, ब्रह्मस्वरूप, हरि स्वरूप पुत्रगण राम रूप मिश्रा जो कि मल्लपुर कौढा, थाना कंाठ, जिला शाहजहांपुर के मूल निवासी हैं । जिन के द्वारा ग्राम खेरिया में आकर उक्त भूखंड पर 10 दुकानों का निर्माण कर लिया गया है शेष जगह में मकान बनाकर रह रहे हैं द्य इस संबंध में गांव के ही शिवकुमार बाजपेई ने पीआईएल सिविल संख्या 24895/17 प्रस्तुत की जिसमें उच्च न्यायालय ने 27-10-2017 को प्रकरण के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी हरदोई को आदेशित किया था आदेश के क्रम में जिलाधिकारी हरदोई ने दिनांक 24-1-2018 को अपने निर्णय में अतिक्रमण हटाने हेतु आदेश पारित किया और उप जिलाधिकारी सदर हरदोई को अवैध निर्माण हटाने हेतु आदेशित किया था परंतु जब निर्माण नहीं हटाया गया तो प्रार्थीगण ने शिकायत संख्या 40015522015429 की जिसे राजस्व कर्मियों ने इस उल्लेख के साथ निस्तारित कर दिया कि उक्त भगवत स्वरूप आदि द्वारा सिविल जज जूनियर डिविजन पश्चिमी हरदोई में प्रस्तुत दीवानी वाद संख्या 816/2002 लंबित है जबकि वाद संख्या 816/2002 मैं गाटा संख्या 377, 378 का कोई जिक्र नहीं है उक्त वाद गाटा संख्या 360 पर चल रहा है जिसके दावे के छाया प्रति प्रार्थना पत्र में संलग्न है साथ ही ग्राम सभा के व्यापक हित को दृष्टिगत रखते हुए ( भूखंड संख्या 377 व 378 खेल के मैदान) एवं भूखंड संख्या 355, 379 व 384 जो कि स्कूल के ही है जिन्हें प्रार्थी ने अवैध कब्जे से मुक्त कराने की तहसील दिवस में उप जिलाधिकारी सदर से मांग की है जिस पर उपजिलाधिकारी सदर दीक्षा जैन ने कानूनगो पुष्पेंद्र शुक्ला को टीम बनाकर जांचकर अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया है द्य अब देखना यह है कि वर्षों से से खेल के मैदान पर हुये अतिक्रमण को भू माफियाओं से कब तक निजात मिलती है।

# प्रदेश में डीजल एवं पेट्रोल पर लागू राज्य कर देश के अन्य बड़े राज्यों की तुलना में कम : सुरेश कुमार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने शनिवार को अपने कार्यालय कक्ष में बताया कि प्रदेश के मुख्य कर-करेत्तर राजस्व वाले मदों में वित्तीय वर्ष 2022-23 के अप्रैल माह में कुल 12,854.10 करोड़ रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ। जबकि वर्ष 2021-22 के अप्रैल माह में 11,196.49 करोड़ रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ था। इस प्रकार अप्रैल 2021 की तुलना में अप्रैल 2022 में 1657.61 करोड़ रूपये अधिक राजस्व प्राप्त हुआ है। वित्त मंत्री ने बताया कि जीएसटी के अन्तर्गत माह अप्रैल 2022 में कुल 5894.56 करोड़ रूपये की राजस्व प्राप्ति हुई जबकि गत वर्ष अप्रैल 2021 के माह में प्राप्ति रू0 5157.11 करोड़ थी। वैट के अन्तर्गत माह अप्रैल 2022 में रू0 956.63 करोड़ की राजस्व प्राप्ति हुई जबकि गत वर्ष माह अप्रैल 2021 में प्राप्ति रू0 826.53 करोड़ थी। आबकारी के अन्तर्गत माह अप्रैल 2022 में कुल रू0 3153.32 करोड़ की राजस्व प्राप्ति हुई जबकि गत वर्ष



माह अप्रैल 2021 में प्राप्ति रू0 3240.77 करोड़ थी। खन्ना ने बताया कि स्टाम्प तथा निबन्धन के अन्तर्गत माह अप्रैल 2022 की राजस्व प्राप्ति रू0 1911.23 करोड़ है जबकि गत वर्ष माह अप्रैल 2021 में प्राप्ति रू0 1218.39 करोड़ थी। परिवहन के अन्तर्गत माह अप्रैल, 2022 की राजस्व प्राप्ति रू0 734.89 करोड़ है। जबकि गत वर्ष माह अप्रैल 2021 में प्राप्ति रू0 553.95 करोड़ थी। भू-तत्व तथा खनिकर्म के अन्तर्गत माह अप्रैल, 2022 में प्राप्ति रू0 203:47 करोड़ है जबकि गत वर्ष माह अप्रैल 2021 में प्राप्ति रू0 199.74 करोड़ थी। वित्त मंत्री ने बताया कि प्रदेश में डीजल एवं पेट्रोल पर लागू राज्य कर देश के अन्य बड़े राज्यों की तुलना में कम है। उन्होंने बताया कि कल दिनांक 06 मई को उत्तर प्रदेश में डीजल पर लगने वाला राज्य कर 13.79 रूपये/ली0 के साथ डीजल का उपभोक्ता मूल्य 96.81 रूपये/ली0 है। उन्होंने बताया कि राजस्थान में डीजल पर लागू राज्य कर 17.79 रूपये/ली0 के साथ उपभोक्ता मूल्य 100.91 रूपये/ली0, छत्तीसगढ़ में 19.62 रूपये/ली0 के साथ उपभोक्ता मूल्य 102.84 रूपये/ली0, झारखंड में 18.81 रूपये/ली0 के साथ उपभोक्ता मूल्य 102.00 रूपये/ली0, महाराष्ट्र 22.26 रूपये/ली0 के साथ उपभोक्ता मूल्य 104.75 रूपये/ली0, पश्चिम बंगाल 16.53 रूपये/ली0 के साथ उपभोक्ता मूल्य 99.81 रूपये/ली0, उड़ीसा में 19.35 रूपये/ली0 के साथ उपभोक्ता मूल्य 102.22 रूपये/ली0, तमिलनाडु में 18.44 रूपये/ली0 के साथ उपभोक्ता मूल्य 100.92 रूपये/ली0, आंध्र प्रदेश में 23.01 रूपये/ली0 के साथ उपभोक्ता मूल्य 106.18 रूपये/ली0 तथा तेलांगाना में 21.94 रूपये/ली0 के साथ उपभोक्ता मूल्य 105.47 रूपये/ली0 है। खन्ना ने बताया कि 06 मई को उत्तर प्रदेश में पेट्रोल पर लागू राज्य कर 16.49 रूपये/ली0 के साथ उपभोक्ता मूल्य 105.23 रूपये/ली0 है। उन्होंने बताया कि राजस्थान में पेट्रोल पर लगने वाला राज्य कर 29.10 रूपये/ली0 के साथ उपभोक्ता मूल्य 118.01 रूपये/ली0, छत्तीसगढ़ 22.49 रूपये/ली0 के साथ उपभोक्ता मूल्य 111.45 रूपये/ली0, झारखंड में 19.78 रूपये/ली0 के साथ उपभोक्ता मूल्य 108.69 रूपये/ली0, महाराष्ट्र में 32.16 रूपये/ली0 के साथ उपभोक्ता मूल्य 120.50 रूपये/ली0, पश्चिम बंगाल में 25.74 रूपये/ली0 के साथ उपभोक्ता मूल्य 115.10 रूपये/ली0, उड़ीसा में 23.83 रूपये/ली0 के साथ उपभोक्ता मूल्य 112.48 रूपये/ली0, तमिलनाडु में 22.54 रूपये/ली0 के साथ उपभोक्ता मूल्य 110.83 रूपये/ली0, आंध्रप्रदेश में 31.51 रूपये/ली0 के साथ उपभोक्ता मूल्य 120.57 रूपये/ली0 तथा तेलांगाना में 30.18 रूपये/ली0 के साथ उपभोक्ता मूल्य 119.47 रूपये/ली0 है।

# बाल निकुंज स्कूल में हुआ मदर्स डे उत्सव का आयोजन सुनीता यादव व सुनैना पाल को मिला प्रथम स्थान



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। बाल निकुंज स्कूल के मीडिया प्रभारी ओपी वर्मा ने बताया कि बाल निकुंज की अलीगंज स्थित गर्ल्स एकेडमी के शिवसहाय आडिटोरियम में शनिवार को मदर्स डे उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें इस अवसर पर उपस्थित माताओं का द्वीप जलाकर आरती उतारी गई और पुष्प वर्षा कर आशीर्वाद प्राप्त किया। माताओं द्वारा अपने पाल्यों की बेहतर परवरिश के लिए उनकी प्रशंसा की गयी तथा छोटे बच्चों को उनकी संस्कारपूर्ण शिक्षा में रूचि बढ़ाने तथा उनके खानपान के साथ साथ शारीरिक व बौद्धिक क्षमता को बढ़ाने व सही दिशा में पिरोये रखने के तौर तरीकों पर विस्तार से चर्चा कर ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके। कार्यक्रम को मनोरंजक बनाने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गये। जिसमें सरस्वती वंदना के साथ कक्षा एक के बच्चों ने माँ मुझे आँचल में छुपा ले गीत प्रस्तुत कर सभी माताओं को भावुक कर दिया गया। तदुपरान्त कक्षा दो के अनिरूद्ध की माँ बीना वर्मा ने चिट्ठी न कोई संदेश गीत प्रस्तुत कर माताओं को भावाविभोर कर दिया। कक्षा चार की यंशिका आर्या की माँ तुलसी आर्या ने माँ ओ माँ तू कितनी अच्छी है गीत प्रस्तुत कर माताओं के चेहरों की रंगत बदल दी। म्यूजिकल चेयर्स रेस में कक्षा तीन के अर्पित सिंह यादव की माँ सुनीता यादव को प्रथम स्थान के लिए पुरस्कृत कर सम्मानित किया। वहीं दूसरी तरफ पासिंग द पार्सल गेम में कक्षा एक की किरन पाल की माँ सुनैना पाल को प्रथम स्थान के लिए प्रधानाचार्या डॉ अनूप कुमारी शुक्ला द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कालेज के कोआर्डिनेटर सुधीर मिश्रा, पीआरओ ओपी वर्मा, इंचार्जेज, शिक्षकगण व अभिभावक उपस्थित रहे।

# गांवों की सरकारी जमीनों व सरकारी तालाब पर फल फूल रहा रियलस्टेट का कारोबार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

काकोरी। सरोजनीनगर एवं लखनऊ सदर तहसील के अंतर्गत पड़ने वाले काकोरी,दुबग्गा व पारा थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायतों आदमपुर इन्द्रवारा, खुशहलगंज, सकरा, पानखेड़ा, शिवरी दोना, जलियामऊ, ईटगांव, घुरघरी का तालाब, इब्राहिमगंज, तेज किशन खेड़ा, मदारपुर, बदबदाखेड़ा, विशेश्वरखेड़ा, टेड़वा, फतेहगंज, हरदोइया लालनगर, बेहटा,उदेतखेड़ा, मौंदा, कलियाखेड़ा,समदा,डिघिया, सरोसा, भरोसा, नरौना, माहपत मऊ, सिकरौरी, जेहटा, मौरा, सरायं प्रेमराज, अमेठिया सलेमपुर, बाजनगर, दशहरी, रायपुर, सलेमपुर पतौरा,चिलौली, मुबारकपुर, दुर्गागंज, आबिदखेड़ा, पहिया आजमपुर, सैथा, तुलसीखेड़ा, हयातनगर,बरावन खुर्द, गद्दीनखेड़ा, दौलीखेड़ा,बड़ागांव, करीमाबाद, मदारपुर, रानीखेड़ा, बीबीचक, कठिगरा, बेलवा, माधवपुर, गहलवारा, मुजफ्फरनगर पलिया सहित आदि गांवों में प्रापर्टी डीलरों ने जीएस,खेल मैदान,तालाब,चारागाह,स्कूल आदि सुरक्षित सरकारी जमीनों पर कब्जा करके जमीन पर रियलस्टेट का कारोबार शुरु कर दिया।कुछ ग्राम प्रधानों ने सैकड़ों ग्रामीणों के हस्ताक्षर के साथ कई बार इसकी शिकायत जिला प्रशासन में किया।लेकिन नतीजा सिफर ही रहा।क्षेत्रीय लेखपालों की सांठ गांठ के चलते भूमाफियाओं के हौसले बुलन्द है।सरोजनीनगर व लखनऊ सदर तहसील के काकोरी,दुबग्गा और पारा थाना क्षेत्र के इन गांवों का यह मामला है शासन प्रशासन द्वारा जारी आदेश किसी भी लेखपाल के लिए मायने नही रखते है।क्यूंकि न्यायालय ने कई बार गांव की सुरक्षित जमीनों से अवैध कब्जे हटाने के आदेश दिए परन्तु आज तक सरकारी जमीनों से अवैध कब्जे हटाये नही जा सके।इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी द्वारा जारी किये गए आदेश पर दिखावे के लिए कुछ दिन तो कब्जे हटाने का ढिढ़ोरा पीटा जाता रहा।एक ओर जहां शासन प्रशासन अवैध कब्जा को हटाने के लिए अभियान की बात करता है,तो दूसरी ओर लेखपाल सरकारी जमीनों पर कब्जा कराकर मालामाल हो रहे हैं।लेखपाल ही कब्जेदारों को सलाह देते है कि सरकारी जमीन पर उनका कब्जा कैसे बना रहे।लेखपालों के द्वारा अवैध कब्जों की गलत रिपोर्ट लगाकर अधिकारीयों को गुमराह करने के कारण ही एक ही मामले की कई बार शिकायत होती रहती है।

# मंडलायुक्त ने तहसील समाधान दिवस में सुनी शिकायतें

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बख्शी का तालाब,लखनऊ।बख्शी का तालाब तहसील सभागार में शनिवार को आयोजित हुए तहसील समाधान दिवस में मंडलायुक्त रंजन कुमार ने दूर दराज से आये लोगों की शिकायतों की सुनवाई की व उनकी समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया।शनिवार को आयोजित हुये इस समाधान दिवस पर 195 शिक़ायती पत्र प्राप्त हुए जिसमे राजस्व की 2 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया।जिसमें पुलिस की 19 विकास खण्ड की 19 समाज कल्याण 1 तथा शेष 36 शिकायती पत्र प्राप्त हुए। वहीं मंडलायुक्त रंजन कुमार ने सख्त तेवर दिखाते हुए उप जिलाधिकारी बख्शी का तालाब सिद्धार्थ कुमार को अपने कार्यो में लापरवाही बरतने को लेकर निर्देशित किया कि सहायक अभियंता सिंचाई मुख्य चिकित्सा अधिकारी लखनऊ तथा सप्लाई इंस्पेक्टर को कारण बताओ नोटिस जारी करने के आदेश दिये वही क्षेत्र के किशनपुर ग्राम पंचायत के



प्रधान विष्णु कुमार चौरसिया ने शिकायती पत्र देकर कहा कि उनके गांव में लोगों ने सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर रखा है जिसके लिए पुनः शिकायती पत्र दिया है अधिकारियों ने सिर्फ आश्वासन ही दिया है कि शीघ्र कार्रवाई की जाएगी ।

वही नगर पंचायत बख्शी का तालाब के वार्ड संख्या 7 के पार्षद आशा देवी का कार्य देखने वाले पूर्व पार्षद राजू रावत ने मंडलायुक्त से शिकायत कर कहा कि उनके क्षेत्र में लगा हैंडपंप में घटिया सामग्री इस्तेमाल की जा रही है जिससे हैंडपंप जल्द खराब हो जाते हैं भीषण गर्मी में पानी की किल्लत से जनता को परेशानी होती है। भीखम पुरवा मजरा मामपुर बाना की निवासिनी रामकली ने शिकायत की कि उनकी जमीन पर जिस पर पुश्तैनी कब्जा था उस पर काजल अग्रवाल ने जबरन कब्जा कर लिया और निर्माण कार्य करा रहा है। वही प्रार्थी के द्वारा मना करने पर गालियां देता है तथा प्रार्थिनी को जान से मारने की धमकी देता है। इस संबंध में उन्होंने 29 अप्रैल को प्रार्थना पत्र दिया था। लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इसलिए वह समाधान दिवस में मंडलायुक्त के समक्ष दोबारा पत्र लिखकर शिकायत की है।वहीं पूर्व में किसान हरिहर प्रसाद निवासी मिश्रीपुर के द्वारा अपनी जमीन की पैमाइश को लेकर शिकायत की गई थी वहीं मंडलायुक्त ने मौके पर पहुंच कर अधिकारियों को किसान की जमीन की पैमाइश कर उनका रकबा पूरा करने का आदेश दिया।तहसील समाधान दिवस के मौके पर एडीएम प्रशासन अमरपाल सिंह सहित पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ह्रदयेश कुमार उपजिलाधिकारी सिद्धार्थ कुमार सहित तहसील व खण्ड विकास अधिकारी समेत समस्त विभागों के अधिकारीउपस्थित रहे।

## अभ्युदय पोर्टल पर प्रवेश पात्रता परीक्षा का आयोजन

लखनऊ। मण्डलायुक्त लखनऊ के निर्देशन पर उप निदेशक समाज कल्याण लखनऊ श्रीनिवास द्विवेदी ने बताया कि निदेशालय समाज कल्याण के 29 अप्रैल के पत्र संख्या सी–103 एवं उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबन्धन अकादमी उप्र के 05 मई के पत्र संख्या के द्वारा मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत प्रदेश के आर्थिक रूप से पिछड़े उत्साही तथा मेधावी छात्र छात्राओं को विभिन्न परीक्षाओं सिविल सेवा परीक्षा, एनडीए, सीडीएस, आईआईटी, जेईई व नीट तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु कक्षाओं का लाभ लेने के लिए प्रवेश पात्रता परीक्षा का आयोजन अभ्युदय पोर्टल के माध्यम से निम्नलिखित विवरण ऑनलाइन आवेदन आरम्भ करने की तिथि 01 मई ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 मई है। प्रवेश परीक्षा जेईई की तिथि 18 मई, नीट की 19 मई, एनडीए एवं सीडीएस की 20 मई, सिविल सेवा/राज्य सिविल (प्रा0) परीक्षा 21 मई एवं समय दोपहर 02 से 03:30 बजे तक है। उन्होंने बताया कि प्रवेश परीक्षा का परिणाम वेबसाइट पर प्रकाशित करे की अनुमानित तिथि 25 मई व कोचिंग सत्र संचालन की अनुमानित तिथि 10 जून तक। आगामी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत निःशुल्क कोचिंग हेतु ऑनलाइन पंजीकरण दिनांक 15 मई तक किया जा सकता है। विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाइट पर पंजीकरण कर लॉगिन कर सकते हैं।

## विंद्रनाथ टैगोर के 161वें जन्म दिवस पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

बख्शी का तालाब, लखनऊ । बख्शी का तालाब स्थित चंद्र भानु गुप्त कृषि स्नातकोत्तर महाविद्यालय में श्रद्धेय रविंद्र नाथ टैगोर के 161वें जन्म दिवस पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के आइक्यूएसी के संयोजक डॉ सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 35 छात्र– छात्राओं ने हिस्सा लिया छात्रों को रविंद्र नाथ पर पोस्टर बनाकर चित्रण प्रस्तुत करने के लिए प्रतियोगिता कराई गई थी क्योंकि रविंद्र नाथ टैगोर एक अच्छे चित्रकार थे। प्रतियोगिता में छात्र–छात्राओं के पोस्टर प्राप्त हुए जिसमें प्रथम स्थान प्रज्ञा साहू तथा द्वितीय स्थान राजन कुमार एवं तृतीय स्थान पलक रावत को मिला। महाविद्यालय के निदेशक प्रो योगेश कुमार शर्मा तथा प्राचार्य प्रो गजेंद्र सिंह ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी और बताया की रविंद्र नाथ टैगोर एक अच्छे मानवतावादी साहित्यकार एवं चिंतक थे जो समाज के लिए सोचते थे उन्होंने भारत के राष्ट्रगान जन – मन– गन की रचना की थी और वह प्रथम नोबेल पुरस्कार विजेता थे। उन्होंने बताया कि इस प्रकार की प्रतियोगिता से छात्रों को हिंदी के साहित्यकारों के बारे में जानकारी होगी। जो उन्हें उनके जीवन में अच्छे कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा। विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी शिवमंगल चौरसिया ने बताया कि समय–समय पर महाविद्यालय में इस प्रकार की प्रतियोगिताएं कराई जाती हैं जिससे छात्र लाभान्वित हो रहे हैं। प्रतियोगिता को सफल संपादित कराने के लिए आइक्यूएसी टीम के सदस्य डॉ सुधीर कुमार रघुवंशी डॉ लल्लन कुमार यादव,डॉ एस सी चंदा,प्रतिमा सिंह डॉ दीप्ति श्रीवास्तव एवं डॉ रजनी शुक्ला ने सहयोग किया।

## गैंगस्टर एक्ट के दो आरोपी गिरफ्तार

बख्शी का तालाब, लखनऊ । बीकेटी पुलिस ने शनिवार को गैंगस्टर एक्ट में फरार चल रहे दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।इंस्पेक्टर अरविंद कुमार राणा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर हमने पुलिस टीम के साथ बताये गये स्थान फौजी ढाबे के पास घेराबंदी कर दो गैंगस्टर के आरोपी आदिल सिद्दकी निवासी स्थाई पता पारा पोस्ट पुरवा थाना मोटवा जनपद उन्नाव व वर्तमान पता आदिल नगर बृद्धा आश्रम के पास थाना गुडम्बा जनपद लखनऊ व दूसरा आरोपी ऋतिक उर्फ टाइगर निवासी डुडौली मार्ग प्रीति नगर–2 मोहिबुल्लापुर थाना मड़ियांव जनपद लखनऊ को गिरफ्तार कर लिया गया है।वहीं बीकेटी सीओ नवीना शुक्ला ने बताया कि दोनों फरार गैंगस्टर एक्ट के आरोपियों पर ग्रामीण थाना बीकेटी सहित कमिशनरेट के कई थानों पर आधा दर्जन से भी अधिक मुकदमें दर्ज हैं व बीकेटी थाने पर वह गैंगस्टर एक्ट की लिष्ट में शामिल थे।

## डीपीएस स्कूल की जानकीपुरम शाखा में हुआ श्रमिक सप्ताह का आयोजन

लखनऊ। दिल्ली पब्लिक स्कूल की जानकीपुरम शाखा में श्रमिक सप्ताह का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा एक और दो के बच्चों को इस दिवस का अर्थ समझाते हुए उन्हें विद्यालय में कार्य कर रही आया दीदियों से परिचित कराया गया। वही कक्षा तीन व चार के बच्चों ने श्रमिकों के लिए शुभकामना कार्ड बनाए। कक्षा पाँच के बच्चों ने स्लोगन लिखकर अपने भाव व्यक्त किए सप्ताह के अंत में कक्षा छह, सात व आठ के बच्चों ने एक प्रार्थना सभा का आयोजन किया। जिसमें गीत, नृत्य का आयोजन किया गया। कक्षा 09 के छात्रों द्वारा एक प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया गया तथा कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या ने विद्यालय में काम करने वाले चतुर्थ वर्ग के लोगों को उपहार देकर सम्मानित किया और कहा कि श्रमिक वर्ग समाज का एक अभिन्न अंग है और इसके बिना किसी भी प्रकार कि प्रगति संभव नहीं है।

# रेडियो केजीएमयू गूंज ने वैक्सीनेशन जागरूकता के लिए उठाए कदम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के सामुदायिक रेडियो स्टेशन रेडियो केजीएमयू गूंज ने एडवांस लर्निंग स्कूल में जाकर 12 से 18 साल तक के बच्चों को टीकाकरण के लिए जागरूक किया और वहां पर मौजूद लगभग 100 छात्रों का टीकाकरण करवाया। किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर लेफ्टिनेंट जनरल डॉक्टर बिपिन पुरी के नेतृत्व में और रेडियो केजीएमयू गूंज 89.6 मेगाहर्ट्ज के अधिशासी अधिकारी प्रोफ़ेसर विनोद जैन के सहयोग से शनिवार को एडवांस लर्निंग स्कूल में एक वैक्सीनेशन कैंप आयोजित किया गया। जिसमें 12 से 18 साल तक के छात्रों को वैक्सीन लगाई गई। रेडियो केजीएमयू गूंज के प्रोग्रामिंग हेड विनय सक्सेना ने कहा कि बच्चे ही देश का भविष्य है और बच्चों को वैक्सीन लगना बेहद जरूरी है। आरजे



शिवाय ने बच्चों के साथ मिलकर उन्हें कोविड अनुरूप व्यवहार का पालन करने के लिए प्रेरित किया और कोविड से संबंधित तमाम तरह के मिथकों को तोड़कर बच्चों से ही जागरूकता संदेश फैलाने की कोशिश की। रेडियो जॉकी प्रतिमा ने तमाम छात्रों के साथ उनकी वैक्सीन को लेकर प्रतिक्रिया पर उनको समझाते हुए वैक्सीन के लिए प्रेरित किया एवं बच्चों ने अपनी प्रतिभा को भी रेडियो केजीएमयू गूंज के सामने प्रदर्शित किया। स्कूल की प्रधानाचार्या परवीन बानो ने कहा कि 12 से 18 साल के बच्चों का टीकाकरण करवाना स्कूल के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। इस मौके पर एडवांस लर्निंग स्कूल के वाइस प्रिंसिपल मेहजबीन उमर, सैफुद्दीन खान, तबस्सुम उमर, काशिफ खान, अल्पना तिवारी और रेडियो केजीएमयू गूंज से राजेश कुमार गुप्ता, दीपक दीक्षित व सुरभि तिवारी मौजूद रहे।

# महोना में लगे इंडियामार्का हैंड पंप खराब जिम्मेदार मौन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बख्शी का तालाब,लखनऊ। तहसील बख्शी का तालाब की नगर पंचायत महोना में इस भीषण गर्मी में भी पेयजल की किल्लत है।आपको बता दें कि महोना के सभी वार्डों में कोई न कोई हैंडपंप खराब है लेकिन अधिशासी अधिकारी की उदासीनता के चलते पेयजल हेतु लगाए गए इंडिया मार्का हैंड पंप की हालत बद से बदतर है।महोना प्रशासन अपनी आंखों पर पट्टी बांधकर बैठा है नगर पंचायत महोना की जनता राम भरोसे है स्थानीय लोगों ने बताया कि कभी इंडिया मार्का हैंड पंप के पार्ट्स का रोना रोया जाता है कभी लेबर और मिस्त्री का रोना रोया जाता है कई कई माह हो चुके हैं जो हैंडपंप खराब पड़े हैं उनको ठीक नहीं कराया गया है और कई हैंडपंपों को तो स्थानीय लोगों ने अवैध अतिक्रमण करके अपने कब्जे में कर लिया है। लेकिन जिम्मेदार मौन धारण किए हैं वहीं अवैध रूप से इंडिया मार्का हैंडपंपों पर कब्जे



दारो के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई भी अब तक नही हुई है नगर पंचायत महोना के पूर्व पार्षद सदस्य जिला नीति आयोग के सदस्य मो.अकील खान ने नगर पंचायत महोना प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि महोना की जनता नगर पंचायत कार्यालय पर शिकायत लेकर जाती है लेकिन कार्रवाई नहीं होती है चाहे हैंडपंप हो या स्ट्रीट लाइट हो या नाला नाली की सफाई व्यवस्था हो कभी समय से कोई कार्य नहीं होता है एवं नगर पंचायत महोना के सड़कों की दुर्दशा भी बद से बदतर है।

# बिना नक्शा पास कराए बनाया गया निर्माण सील

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण से बिना नक्शा पास कराए भवन का निर्माण कराना शायद लोगों के लिए अब ख्वाब सा बनकर रह जायेगा। क्योंकि लखनऊ विकास प्राधिकरण ऐसे सभी भवनों के खिलाफ कमर कसे हुए हैं जो कि अवैध रूप से निर्मित किए गए हैं। इसी क्रम में शनिवार को चौक के नक्खास क्षेत्र में हो रहे एक अवैध निर्माण को एलडीए द्वारा सील किया गया है। प्रवर्तन जोन 7 के जोनल अधिकारी कमलजीत सिंह ने बताया कि चौक थाना क्षेत्र के अंतर्गत नक्खास इलाके में आसिफ और हामिद द्वारा चावल वाली गली से शाहगंज जाने वाली रोड पर गली मीर माता में प्राधिकरण से बगैर नक्शा स्वीकृत कराये लगभग 1500 वर्गफिट के भूखण्ड पर लोअर ग्राउंड, अपर ग्राउंड व प्रथम तल का निर्माण कार्य किया गया है। इस अवैध निर्माण के खिलाफ विहित न्यायालय में




वाद भी दर्ज किया गया था। निर्माण के सम्बन्ध में पक्ष द्वारा कोई स्वीकृत मानचित्र न प्रस्तुत किये जाने पर अवैध रूप से किये गये निर्माण को सील किये जाने के आदेश दिये गये थे। जिसके बाद सहायक अभियंता राजेश सिंह तोमर के नेतृत्व में अवर अभियंता संजय गुप्ता द्वारा प्राधिकरण की पुलिस बल व क्षेत्रीय थाना पुलिस बल के सहयोग से उक्त स्थल को सील किया गया।

# मैक्स इंस्टीट्यूट ऑफ़ कैंसर केयर साकेत की प्रेसवार्ता संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। मैक्स इंस्टीट्यूट ऑफ़ कैंसर केयर साकेत द्वारा शनिवार को होटल जेमनी कॉन्टिनेंटल में एक महत्वपूर्ण प्रेसवार्ता की गई जिसमें कैंसर जैसे गम्भीर रोग व उसके बचाओ पर चर्चा की गई। इस दौरान रोग के सामूहिक स्तर पर प्रबंधन आधुनिक उपचार पद्धतियों और शुरू में ही डायग्नोसिस करा लेने के महत्व को बताया गया। मैक्स इंस्टीट्यूट ऑफ़ कैंसर केयर मैक्स हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. हरित चतुर्वेदी ने कहा 'कैंसर की इलाज पद्धतियों में आई हालिया तरक्की की बदौलत आखिरी चरण में भी पहुंच चुके कई तरह के कैंसर के इलाज का शानदार परिणाम मिला है और पिछले कुछ वर्षों के दौरान मरीज के जीवित बचने की दर ठीक हुई है। परंपरागत सर्जरी के मुकाबले न्यूनतम कट वाली शल्यक्रिया से मरीज को कई सारे फायदे मिलते हैं। मसलन छोटा कट, तेज रिकवरी,




कम दर्द, अस्पताल में कम समय तक रहने की नौबत और सर्जरी के बाद बहुत कम परेशानियां। दा विन्सी रोबोटिक असिस्टेड सर्जरी जैसी आधुनिक सर्जिकल टेकनोलॉजी की मदद से हम बहुत परिशुद्धता के साथ इन प्रक्रियाओं को अंजाम दे पाते हैं जिनमें ऑपरेशन के बाद कम से कम ख्याल रखना पड़ता है और शीघ्र रिकवरी होती है। उन्होंने कहा कि ग्लोबाकैन 2020 के हालिया आंकड़ों के मुताबिक कैंसर के सभी मामलों में सिर और गर्दन के कैंसर के मामले 24 फीसदी से अधिक पाए गए हैं जबकि पिछले वर्ष कुल 2.75 लाख मामले पाए गए थे। यह भी दुखद खबर है कि कैंसर के सर्वाधिक मामले उत्तर प्रदेश में ही पाए गए हैं। मैक्स सुपर स्पेशियल्टी हॉस्पिटल, दिल्ली में कैंसर केयर ऑनकोलॉजी के निदेशक डॉ. देवव्रत आर्या ने कहा हमारा अंतिम लक्ष्य कैंसर मरीजों के ठीक होने व जीवित रहने की दर में सुधार लाना तथा महंगे या निष्प्रभावी इलाज का कम से कम इस्तेमाल करने पर है। पहले मरीजों को कीमोथेरापी की जरूरत पड़ती थी लेकिन ऑनकोलॉजी में परिशुद्धता आने से इस रोग की उपचार पद्धति में जबर्दस्त बदलाव आया है। वहीं मैक्स इंस्टीट्यूट ऑफ़ कैंसर केयर में ब्रेस्ट एंड ओंकोप्लास्टिक की कंसल्टेंट सर्जन डॉ. अदिति चतुर्वेदी ने कहा आंकोप्लास्टीक तकनीक के आने से नकारात्मक परिणाम कम सुनिश्चित हुए हैं और ब्रेस्ट का आकार भी लगभग सामान्य बना रहता है। अपने मरीजों को बेहतर परिणाम देने के लिए हम ब्रेस्ट सर्जन, मेडिकल एंड रेडिएशन आन्कोलॉजिस्ट, प्लास्टिक सर्जन, पैथोलॉजिस्ट एवं रेडियोलॉजिस्ट आदि के साथ घनिष्ठ संवाद बनाए रखते हैं। डॉ. अक्षत मलिक ने कहा पहले गर्दन की सर्जरी और थायरॉयडेक्टोमी की सर्जरी बहुत कष्टकारी होती थी गर्दन पर भी गहरा दाग पड़ जाता था जो समय के साथ और ज्यादा विकृत तथा भद्दा लगने लगता था। लेकिन हाल की तरक्की और आधुनिक टेक्नोलॉजी की बदौलत जटिल तथा अत्यंत मुश्किल हिस्से का भी ट्यूमर रोबोट की मदद से निकाल लिया जाता है। वहीं इस मौके पर डॉ. डोडुल मंडल ने कहा टोमोथेरापी (रेडिसैक्ट–एक्स9), आईजीआरटी, वीमैट, रैपिडआर्क, रेडियोसर्जरी, स्टीरियोटैक्टिक रेडिएशन, प्रोटोन बीम थेरापी आदि जैसी आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों ने बहुत कम साइड इलेक्ट्स के साथ सटीक उपचार विकल्प दिए हैं। इन सबके कारण कैंसर मरीजों के ठीक होने और जीवन की गुणवत्ता की दर बढ़ी है। मैक्स हॉस्पिटल, साकेत में सभी तरह के कैंसर और कैंसर रहित स्थितियों के इलाज के लिए अत्याधुनिक चिकित्सा और रेडिएशन पद्धतियां उपलब्ध हैं।

# डीएम की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस संपन्न

## दर्ज 215 शिकायतों में महज पांच का ही हो सका निस्तारण

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखीमपुर-खीरी। शनिवार को तहसील निघासन के सभागार में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ।

डीएम ने कहा कि फरियादियों की शिकायतों का गुणवत्तापरक, समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। फरियादियों की फरियाद एक-एक कर सुनकर उनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित अफसरो को निर्देशित किया। जनसमस्याओं का निस्तारण शासन की प्राथमिकताओं में है, इसलिए सभी अधिकारी रूचि लेकर गुणवत्तायुक्त ढंग से निस्तारण सुनिश्चित करे। इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नही होगी। भूमि संबंधी मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीमें मौके पर जाकर गुणवत्तापरक निस्तारण करें। डीएम ने संपूर्ण समाधान दिवस की पंजिका का अवलोकन कर गत संपूर्ण समाधान दिवसो में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण पर शिकायतकर्ताओ से फोन पर फीडबैक प्राप्त किया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 215 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत किये, जिसमें 05 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व 113, पुलिस 48, विकास 16, आपूर्ति 15, स्वास्थ्य 04, नगर पंचायत 03, गन्ना, शिक्षा, समाज कल्याण, बाल विकास, वन एवं मंडी की एक-एक, विद्युत, जल निगम, बैंक पीडब्ल्यूडी व कृषि की दो-दो शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ। जिन्हें पृष्ठांकित कर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण हेतु उपलब्ध करा दिया गया।

### इनकी रही मौजूदगी

संपूर्ण समाधान दिवस में सीडीओ अनिल कुमार सिंह, पीडी केके पांडेय, डीपीआरओ सौम्यशील सिंह, डीएसओ विजय प्रताप सिंह, डीपीओ संजय निगम, सुनील कुमार श्रीवास्तव, एसडीएम श्रद्धा सिंह, क्षेत्राधिकारी निघासन सुबोध कुमार जायसवाल, तहसीलदार भीमसेन सहित ज़िला व तहसील स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### गर्भवती महिलाओं की हुई गोद भराई, सेम बच्चों को डीएम ने दी पोषण पोटली

संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सीडीओ अनिल कुमार सिंह के संग सेम श्रेणी के बच्चे दिव्यांश, महिमा, सृष्टि, हस्सान, एहसान, करीना व इमरान को पोषण पोटली एवं गर्भवती महिला कोमल शर्मा सरस्वती व निशा को पुष्टाहार किट देकर गोदभराई संस्कार किया। इस दौरान एसडीएम श्रद्धा सिंह, डीपीओ सुनील कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### तीन दिव्यांगों को मिली ट्राई साइकिल

तहसील निघासन के दो पुरुष एवं एक महिला दिव्यांग को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने मिलकर ट्राई साइकिल की सौगात दी। इस दौरान डीएम ने दिव्यांग जनों का माल्यार्पण एवं फल देकर ट्राई साइकिल प्रदान की। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से यह ट्राई साइकिल प्रदान की गई है ताकि आने जाने में कोई असुविधा ना हो। इस दौरान उपजिलाधिकारी श्रद्धा सिंह, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी वीरपाल मौजूद रहे।

### एसडीएम व विधायक ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में सुनी समस्याएँ

धौरहरा-खीरी। शनिवार को तहसील के सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस मे एसडीएम धीरेंद्र सिंह व सीओ टीएन दुबे ने आए हुए फरियादियों की फरियाद को सुना। वहीं सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुँचे विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने फरियादियों की शिकायतों को सुना और अधिकारियों को मौके पर जाकर निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस में एसडीएम को प्रेमा देवी निवासी ढखिनिया ने प्रार्थना पत्र दिया कि ग्राम एवं भूमि विकास बैंक लिमिटेड धौरहरा के फील्ड ऑफिसर दल बल के साथ वसूली करने उसके घर घुस गए, घर में बहू बेटियों के सामने उसकी बहुत बेज्जती की और अपमानित किया, धक्का-मुक्की भी की। बाल पकड़कर नीचे बैठा दिया व उसके पति को जीप में लाद कर ले गए। वहीं रामचंद्र श्रीवास्तव निवासी कुमेहना ने तालाब से कब्ज हटवाने की मांग की। टपरी पुरवा निवासी राहुल जो पैरों से विकलांग है उसको विधायक विनोद शंकर अवस्थी, एसडीएम धीरेंद्र सिंह ने ई-साइकिल की चाबी देकर उसका हौसला बढ़ाया। सम्पूर्ण समाधान दिवस मे प्राप्त प्रार्थना पत्र राजस्व विभाग के 26, पुलिस की 30, विकास विभाग की 6 नगर पंचायत की 2, आपूर्ति की 6, अन्य की 6 सहित कुल 76 प्रार्थना पत्र दर्ज किए गए। जिसमें राजस्व की 11, विकास की 2, आपूर्ति की 1 शिकायत का मौके पर निस्तारण करा दिया गया। वहीं शेष बची शिकायतों का एक सप्ताह में निस्तारण कराने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान तहसीलदार धौरहरा संतोष कुमार शुक्ला, बीडीओ धौरहरा नीरज दुबे, विधायक पुत्र देवव्रत अवस्थी, प्रभारी निरीक्षक ईसानगर अरविंद पांडेय, उप निरीक्षक कमलेश राजभर सहित सभी तहसील स्तरीय अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## कांग्रेस पूर्व लोकसभा प्रत्याशी अशोक सिंह की पत्नी का निधन

अम्बेडकरनगर। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य, अम्बेडकरनगर लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी अशोक सिंह की पत्नी गीता सिंह का 65 वर्ष की उम्र में आकस्मिक निधन हो गया। जनपद के कांग्रेसजनों ने भगवान से दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए प्रार्थना करते हुए मौन धारण किया प्रदान करे जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमित कुमार वर्मा ''जितेन्द्र'',पूर्व जिला अध्यक्ष अजय सिंह ''कप्तान'', सै. मेराजुद्दीन किछौछवी, रामकुमार पाल, मीडिया प्रभारी डा विजय शंकर तिवारी, जिला उपाध्यक्ष/प्रवक्ता अवधेश कुमार मिश्र ''बब्लू'', सदस्यता अभियान प्रभारी गुलाम रसूल ''छोटू'', पी. सी. सी. सदस्य जियाराम वर्मा, रमेश मिश्र, नंदलाल चौधरी, राजपत सिंह, सरिता यादव, शकील अंसारी, दुर्गा प्रसाद पाण्डेय, बद्री नारायण शुक्ला, पन्नालाल कन्नौजिया, डॉ गयादीन सिंह भारती, डॉ मसूद, सोशल मीडिया प्रभारी संजय तिवारी, जिला उपाध्यक्ष सुनील मिश्र, सुनील सिंह, रवीश शुक्ला, महलीप्रसाद राजभर, जिला महासचिव आलोक पाठक, अफरोज आलम वेग, पुष्पलता, फिरोज अहमद किछौछवी, रेहान जैदी, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मो जियाउद्दीन अंसारी, सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष उदयभान मिश्र ''राजबहादुर'', अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष आर पी कौशल, नगर अध्यक्ष राजेश प्रजापति, सुखीलाल वर्मा, किसान प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष रघुनाथ पटेल, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मनजीत राजभर, शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष पं सूर्य नारायण तिवारी, आदि ने शोक संवेदना व्यक्त की।

## प्रबोध हत्या कांड का पुलिस ने किया खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

**हत्या में प्रयुक्त लोहे की रॉड, खुखरी व 50 हजार की नगदी बरामद**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर-खीरी। सुबो गुप्ता हत्याकांड का खुलास करते हुए प्रभारी निरीक्षक ौरहरा र्म प्रकाश शुक्ला ने बताया कि सदर कोतवाली के गांव बालूडीह निवासी प्रबो कुमार गुप्ता की प्रापर्टी विवाद में हत्या कर दी गई थी। हत्यारों ने शव कोतवाली ौरहरा के गांव जटपुरवा के निकट फेंक दिया था। इस मामले में पुलिस ने सुपारी देकर हत्या कराने वाले बालूडीह निवासी आशीष गुप्ता, थाना ईसानगर के गांव खमरिया निवासी उसके साढ़ू अतुल गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया था। दो दिन पहले पुलिस मुठभेड़ में गोली लगने से घायल हुए खमरिया निवासी सुपारी किलर उमेश मिश्रा को जेल भेजा था, जबकि तीसरा सुपारी किलर थाना खीरी के गांव चौफेरी निवासी राजेश उर्फ रजनीकांत तिवारी उर्फ पुस्सू को पुलिस ने चौरी बेचेलाल डिग्री कालेज के आगे रसूलपुर मोड़ से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी सुपारी किलर ने पुलिस को बताया कि प्रबो कुमार गुप्ता की हत्या की योजना में आशीष गुप्ता उर्फ अंशू के बहनोई लखीमपुर शहर के मोहल्ला बहादुर नगर निवासी दीपक गुप्ता उर्फ दीपू भी शामिल था। इसकी पुष्टि होने के बाद पुलिस ने घर पर छापा मारकर आरोपी दीपक गुप्ता उर्फ दीपू को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने सुपारी किलर के पास से 50 हजार रुपये की नगदी और निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त एक लोहे की रड व एक लोहे की खुखरी बरामद की है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों का चालान कर कोर्ट में पेश किया, जहां से अदालत ने आरोपियों को जेल भेज दिया है।

## आजादी का अमृत महोत्सव : बीएसए ने ओदराहना से राष्ट्रगान गायन कार्यक्रम का किया शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**❒ खीरी में परिषदीय विद्यालयों में गूंजा टैगोर जयंती पर राष्ट्रगान-राष्ट्रगीत, बना रिकॉर्ड**

लखीमपुर-खीरी। आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर ॢआजादी का अमृत महोत्सवॣ कार्यक्रम के तहत शनिवार को खीरी के 3106 परिषदीय विद्यालयों में गुरुदेव रवींद्र नाथ टैगोर जयंती पर राष्ट्रगान-राष्ट्रगीत गायन कार्यक्रम हुआ। बीएसए डॉ. लक्ष्मीकांत पाण्डेय ने तहसील व विकास क्षेत्र फूलबेहड़ के संविलियन विद्यालय ओदराहना से राष्ट्रगान व राष्ट्रगीत के सामूहिक गायन कार्यक्रम का शुभारंभ किया। यह सामूहिक गायन कार्यक्रम जनपद के सभी 3106 परिषदीय विद्यालयों, 16 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों,18 सहायता प्राप्त व मान्यता प्राप्त विद्यालयों में हुआ, जिसमें जनपद के लगभग 11009 शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। बीएसए ने संविलियन विद्यालय ओदराहना के सभी बच्चों व स्टाफ संग गुरुदेव रविंद्र नाथ टैगोर को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए राष्ट्रगान-राष्ट्रगीत गायन किया। उन्होंने बच्चों को अमृत महोत्सव कार्यक्रम के महत्व, आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताते हुए गुरुदेव रविंद्र नाथ टैगोर के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला। ॢआजादी का अमृत महोत्सवॣ भारत की आजादी की 75वां वर्ष मनाने के उपलक्ष्य में पूरे देश में मनाया जा रहा। इस महोत्सव के तहत जन भागीदारी बढ़ाने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे, उसी श्रंखला में आज यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।बच्चों से देश-प्रदेश की जानकारी विषयक प्रश्न पूछे। बच्चों ने सभी प्रश्नों के उत्तर दिए। बीएसए ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने के गुर सिखाए। कार्यक्रम में सभी बच्चे यूनिफॉर्म में प्रतिभाग किए। कार्यक्रम में एआरपी अमित शुक्ला, एआरपी कामनाथ चौधरी, विद्यालय की प्रधानाध्यापिका अन्नपूर्णा, समस्त स्टाफ, विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य, अभिभावकों ने भी प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम में परिषदीय विद्यालयों के लगभग तीन लाख से अधिक बच्चों ने एक साथ प्रतिभाग किया, जोकि अपने आप में ऐतिहासिक रिकॉर्ड है।

## घर में घुसे चोर, 40 हजार की नकदी समेत पार किये लाखों के जेवर

खमरिया-खीरी। थाना ईसानगर क्षेत्र के ग्राम पंचायत खमरिया में शुक्रवार की रात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए नकदी सहित लाखों का सामान पार कर दिया। खमरिया चौराहा स्थित सत्य प्रकाश अवस्थी जिनकी बेटी की शादी 2 मई को थी, अभी शादी के मेहमान भी नहीं गए थे कि रात चोर दीवाल के सहारे छत पर चढ़ गए तथा घर के अंदर जाकर तीन कमरों के ताले तोड़ दिए और मेहमानों के रखे हुए जेवर, झुमकी, कुंडल, पायल एवं मंगलसूत्र, कपड़े आदि काफी मात्रा में उठा ले गए तथा बक्से में रखे ?40000 भी ताला तोड़कर उठा ले गए। गृह स्वामी ने बताया कि हम सब लोग गर्मी होने के कारण छत पर लेटे हुए थे तथा कूलर चल रहा था, सुबह जब हम जगे और नीचे आंगन में आए तब हमने देखा हमारे तीनों कमरों के ताले तोड़ दिए गए हैं तथा कमरों में रखे कपड़े जेवर एवं बर्तन सहित लाखों का सामान गायब हो गया है। गृह स्वामी ने बताया है हमने पीआरवी 112 को सूचना दे दी है। इस संबंध में चौकी प्रभारी खमरिया ने बताया कि तहरीर नहीं मिली है, तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

### राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला द्वारा घाघूपुर विकासखंड कटेहरी में संचालित केंद्र का निरीक्षण

अंबेडकर नगर। मंत्रिमंडलीय समूह के सदस्य राज्य मंत्री महिला कल्याण, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार प्रतिभा शुक्ला द्वारा जनपद अंबेडकर नगर के आंगनबाड़ी केंद्र घाघूपुर विकासखंड कटेहरी में संचालित केंद्र का निरीक्षण किया गया। मंत्री द्वारा पाठशाला पूर्व शिक्षा के बच्चों से कविता व अक्षर ज्ञान की जानकारी ली। बेटी आदित्य प्रजापति द्वारा पूरी कविता मंत्री के समक्ष पढ़ी गई। जिस पर खुश होकर मंत्री ने आंगनबाड़ी केंद्र घाघूपुर की कार्यकत्री अमरावती, आईसीडीएस अधिकारियों/कर्मचारियों की प्रशंसा की। कार्यक्रम में विधान परिषद सदस्य हरिओम पांडे, जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन, मुख्य विकास अधिकारी घनश्याम मीणा, जिला अध्यक्ष भाजपा डॉक्टर मिथिलेश त्रिपाठी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी ,बाल विकास परियोजना अधिकारी कटेहरी बलराम सिंह, सीडीपीओ विनोद कुमार, राजेश यादव, नीरज कुमार वर्मा तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर 5 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई तथा 3 बच्चे का अन्नप्रास किया गया।

### राज्य मंत्री महिला कल्याण बाल विकास एवं पुष्टाहार द्वारा थाना अहिरौली का औचक निरीक्षण

अंबेडकर नगर। राज्य मंत्री महिला कल्याण बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग उत्तर प्रदेश प्रतिभा शुक्ला द्वारा थाना अहिरौली का औचक निरीक्षण किया गया। मंत्री द्वारा थाना अहिरौली मे स्थापित महिला हेल्पडेस्क का जायजा लिया गया। महिला हेल्प डेस्क पर मौके पर उपस्थित थाना अध्यक्ष तथा महिला पुलिस चंचल सिंह से महिलाओं के शिकायत के बारे में पूछताछ किया गया। मंत्री ने थानाध्यक्ष को निर्देश देते हुए कहा कि महिला से संबंधित जो भी शिकायत थाना में आए उसका निस्तारण गुणवत्तापूर्ण तत्काल किया जाना सुनिश्चित किया जाए। थाना में आए हुए महिलाओं को किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। थाने में जो भी शिकायत करता आता है उनको बैठने के लिए पर्याप्त व्यवस्था, पीने के लिए पानी उपलब्ध होना चाहिए।निरीक्षण के दौरान मौके पर एमएलसी हरिओम पांडे,जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन, मुख्य विकास अधिकारी घनश्याम मीणा, उप जिलाधिकारी अकबरपुर पवनकुमारजयसवाल, क्षेत्राधिकारी अकबरपुर तथा अन्य अधिकारी कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

### हादसों का हब बनता जा रहा हरदुहा नाला, एसडीएम से पटवाने की मांग

धौरहरा-खीरी। कोतवाली क्षेत्र के काजीपुरवा गांव के पास स्थित हरदुहा नाला जो हादसों का हब बनता जा रहा है। अब तक कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं और कई लोगों की मौत भी हो चुकी हैं। कस्बे के समाजसेवी तौकीर खां ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायत कर हरदुहा नाला को पटवाने की मांग की है, जिससे होने वाले हादसों पर रोक लग सके। शनिवार को तहसील में चल रहे सम्पूर्ण समाधान दिवस में मौजूद विधायक व एसडीएम को कस्बे के समाजसेवी तौकीर खां, मोहम्मद इकबाल, सुशील कश्यप, कैलाश मिश्रा आदि लोगों ने एक प्रार्थना पत्र देकर बताया कि कस्बे के पश्चिम काजीपुरवा गांव के पास ढखेरवा-धौरहरा हाइवे पर हरदुहा नाले के पास अक्सर दुर्घटना होती रहती हैं और उसमें डूबकर अब तक कई लोगां की जान जा चुकी है। यह नाला बहुत ही गहरा है, इसको बोल्डर पत्थर डलवाकर पटवाये जाने की मांग की है जिससे होने वाली दुर्घटना से बचाव हो सके। पहले भी कई वाहन नाले में गिर चुके है जिसमे कई लोगो की जान जा चुकी है। 2008 में एक एम्बुलेंस इसी नाले में गिर गयी थी जिसमे ड्राइवर सहित ईएमटी की मौत हो गयी थी जिनके शव कई दिन बाद काफी तलाश के बाद बरामद हुए थे। अक्सर पुल पर हादसे होते रहते हैं। बताया जाता है कि यह नाला काफी गहरा है।

### एसडीएम ने किया विद्यालयों का निरीक्षण जांची एमडीएम खाने की गुणवत्ता

धौरहरा-खीरी। एसडीएम ने नगर पंचायत के प्राथमिक विद्यालयों का निरीक्षण कर शिक्षकों व बच्चों की उपस्थिति, बच्चों के मिलने वाले एमडीएम खाने की गुणवत्ता की जांच परख की। शनिवार को सुबह करीब दस बजे अचानक एसडीएम धीरेंद्र सिंह नगर पंचायत के बीआरसी स्तिथ उच्च प्राथमिक विद्यालय व प्राथमिक विद्यालय पहुँच कर निरीक्षण किया और शिक्षकों की उपस्थिति व बच्चों की उपस्थिति की हकीकत जानी। क्लासरुम में जाकर बच्चों से सवाल जवाब किया और बच्चों को मिलने वाले एमडीएम खाने की गुणवत्ता की जांच की। जिस पर एमडीएम की गुणवत्ता सही न मिलने पर कड़ी फटकार लगाई और कार्यवाही की बात कही। एसडीएम ने बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने व नामांकन कराने पर जोर दिया और स्कूल की साफ सफाई के लिए निर्देशित किया। इस दौरान प्रवीण दीक्षित सहित सभी अध्यापक मौजूद रहे।

### मोहल्लों में कैंप लगाकर बनाए जाएंगे गोल्डन कार्ड

लखीमपुर-खीरी। आयुष्मान भारत अभियान के अंतर्गत चल रहे पखवाड़े से शहरी लाभार्थियों को जोड़ने के लिए अब मोहल्लों में कैंप लगाकर गोल्डन कार्ड बनाए जाएंगे। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने नगर पालिका अध्यक्ष निरुपमा बाजपेई व पति डॉ. मौनी बाजपेई के साथ बैठक कर नगरपालिका कर्मचारियों का सहयोग और स्थान को निर्धारित किया है। जिला प्रोग्राम कोओर्डिनेटर डॉ. अक्षत ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. बीसी पंत के नेतृत्व में चलाई जा रही आयुष्मान स्वास्थ्य बीमा योजना के शहरी जनमानस को जोड़ने के लिए एक अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें 11 से 14 मई तक मोहल्ला शिवपुरी, द्वारिकापुरी, भुईपुरवानाथ व शांतिनगर के वे लोग अपना गोल्डन कार्ड बनवा सकते हैं जिनका नाम लाभार्थी सूची में मौजूद है। इसके लिए नगर पालिका अध्यक्ष निरुपमा मौनी से वार्ता कर द्वारिकापुरी मोहल्ले में मो. रफी कोटेदार के स्थान पर कैंप लगाया जाएगा। वहीं 16 मई से 19 मई के बीच मोहल्ला शिवकॉलोनी, राजगढ़, गोटैय्याबाग, ईदगाह के पात्रता सूची लाभार्थी अपना गोल्डन कार्ड पीके इंटर कॉलेज में आयोजित कैंप में पहुंचकर बनवा सकते हैं।

## सो रहे बड़े भाई की छोटे ने टाई से गला घोंट की हत्या, फरार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**❒ छोटे भाई द्वारा निकाले गये 13 हजार रुपयों की पूछतांछ पर हुआ था दोनों में झगड़, मां व बहन ने कराया था शांत**

**❒ पेंशन के रुपये को लेकर आरोपी अक्सर शराब पीकर घर में करता था विवाद**

लखीमपुर-खीरी। जनपद मुख्यालय शहर लखीमपुर के एक मोहल्ले में पेंशन के रुपयों को लेकर हुए विवाद में छोटे भाई ने शुक्रवार की रात बड़े भाई की टाई से गला घोंट कर हत्या कर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौका-ए-वारदात का निरीक्षण किया और शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना शुक्रवार की रात करीब डेढ़ बजे के बाद हुई। मोहल्ला कृष्णानगर निवासी सुशील कुमार शुक्ला ओएल मेढ़क मंदिर के पास प्राइमरी स्कूल में अध्यापक थे। उनकी तेरह साल पहले सड़क हादसे में मौत हो गई थी। इसके बाद मृतक आश्रित में सुशील कुमार शुक्ला की पत्नी श्यामकली को नौकरी मिल गई, जो शहर के गांधी बाल उद्यान जूनियर हाईस्कूल में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हैं। जिला अस्पताल की मोर्चरी पर मौजूद मृतक की मां श्यामकली और छोटी बहन महिमा ने बताया कि घर में उसके दो भाई और वह इकलौती छोटी बहन है। मां श्यामकली और उसके छोटे बेटे प्रबल शुक्ला का ज्वाइंट खाता था। छोटा पुत्र प्रबल आए दिन शराब पीकर पैसे के लेनदेन को लेकर अपने बड़े भाई पूरन शुक्ला से विवाद और मारपीट करता था। उन्होंने बताया कि 6 मई को प्रबल शुक्ला ने अपनी मां के खाते से ऑनलाइन 13000 रुपये निकाल लिए थे, जसकी जानकारी बड़े भाई पूरन शुक्ला को हुई। उसने छोटे भाई प्रबल शुक्ला से रुपये खाते से निकाले जाने के बारे में जानकारी की। इसी को लेकर विवाद हो गया। मां और बहन ने किसी तरह से समझा-बुझाकर दोनों को शांत कराया दिया। मृतक की मां श्यामकली और बहन ने बिलखते हुए बताया कि रात करीब डेढ़ बजे बजे प्रबल शुक्ला उठा और सोते समय पूरन शुक्ला कि टाई से गला दबा दिया। पूरन शुक्ला के चीखने चिल्लाने पर परिवार के लोग जब कमरे में पहुंचे तो आरोपी प्रबल शुक्ला मौके से भाग निकला। घटना के बाद घर में कोहराम मच गया। रात करीब ढाई बजे परिवार के लोग पूरन को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर शव मोर्चरी में रखवा दिया। करीब 10 घंटे के बाद हत्या की सूचना मिलने पर पुलिस में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में प्रभारी निरीक्षक सदर चंद्रशेखर सिंह, इंस्पेक्टर अपराध संजय सिंह आदि के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। आसपास व परिवार के लोगों से भी बातचीत की। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## धोखाधड़ी कर फर्म ने समिति को दे दिए नकली कृषि उपकरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

धौरहरा-खीरी। लखीमपुर शहर की अजमानी ट्रैक्टर एजेंसी पर धोखाधड़ी का आरोप लगाकर किसान सीपेज व बांध निर्माण समिति के अध्यक्ष ने सदर कोरवाली में तहरीर दी है। किसान का आरोप है कि फर्म ने जिन कृषि यंत्रों का भुगतान लिया। वे न देकर उससे मिलते जुलते नामों के कृषि उपकरण आपूर्त कर दिए। जिनको बदलने की बात कहने पर फर्म मालिक अभद्रता करते हैं। धौरहरा कोतवाली क्षेत्र के लौखनिया गांव निवासी किसान संजय कुमार वर्मा ने तहरीर में कहा है कि वह किसान सीपेज व बांध निर्माण के सदस्य हैं। जिन्होंने समिति के लिए लखीमपुर की अजमानी ट्रैक्टर्स मेला मैदान रोड से एक स्वराज 855 ट्रैक्टर, जीएसए एग्रोजोन का एक मल्चर, एक प्लाऊ हल व एक सात फिट का सुपर सीडर 14,13000 रुपयों में खरीदा था। जिसका भुगतान आरटीजीएस के जरिए समिति ने फर्म को कर दिया था। समिति किसानों को कृषियंत्र किराए पर देती है। आरोप है कि फर्म ने जीएसए एग्रोजोन के बजाए मिलते जुलते नाम की एग्रोना कम्पनी के उपकरण भेज दिए। समिति ने नकली उपकरणों की आपूर्ति पर सवाल उठाए तो फर्म ने बदल देने की बात कही। मगर 6 महीने बीत जाने पर भी फर्म ने कृषि यंत्र नहीं बदले तो समिति के अध्यक्ष फर्म पर पहुंचे। जहां फर्म के मालिक ने समिति अध्यक्ष से अभद्रता की। इस बाबत किसान सीपेज व बांध निर्माण समिति लौखनिया के अध्यक्ष संजय कुमार वर्मा ने सदर कोतवाली में तहरीर देकर धोखाधड़ी करने वाली अजमानी ट्रैक्टर्स के मालिकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।

### रजिस्ट्रेशन और बीमा लेने नहीं दे रहा फर्म मालिक

ट्रैक्टर का रजिस्ट्रेशन और बीमा जो आरटीओ आफिस के फर्म मालिक ने किसानों को देने के नाम पर ले लिया पर अब वह रजिस्ट्रेशन भी नहीं दे रहा, संजय वर्मा बताते हैं कि धोखधड़ी का केवल मैं ही शिकार नहीं हुआ ऐसे कई अन्य किसान भी हैं जिन्हें फर्म मालिक ने ठगा है।

## ग्राम विकास सलाहकार समिति की बैठक संपन्न



कैनविज टाइम्स संवाददाता

अंबेडकर नगर । जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में ग्राम विकास सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान उपस्थित एनटीपीसी से प्रभावित ग्रामों के प्रधान द्वारा ग्राम की समस्याओं के संबंध में अवगत कराया गया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा ग्राम की समस्याओं के संबंध में एनटीपीसी के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि ग्राम की जो भी समस्याएं हैं उनका निस्तारण कराया जाना सुनिश्चित किया जाए तथा रोजगार विकसित करना, तकनीकी प्रशिक्षण, महिला सशक्तिकरण, विद्यालयों को सहयोग तथा पुस्तकालय बनाने में सहयोग की अपेक्षा की गई। बैठक के दौरान एनटीपीसी द्वारा निकटवर्ती ग्रामों में किए गए कार्यों का प्रजेंटेशन दिखाया गया और आगामी वर्ष में किए जाने वाले कार्य योजना पर विचार विमर्श किया गया। इसके उपरांत जिलाधिकारी महोदय द्वारा उपस्थित ग्राम प्रधानों को बुक देकर सम्मानित भी किया गया।बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी घनश्याम मीणा, उप जिलाधिकारी टांडा दीपक वर्मा, मुख्य महाप्रबंधक संजय कुमार सिंह, महाप्रबंधक मानव संसाधन सूर्यनारायण पानीगिरी, महाप्रबंधक आर.के. सिंह ,जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार द्विवेदी, मैनेजर एन टी पी सी परवेज खान, तहसीलदार टांडा, ग्राम प्रधान तथा संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

## भाजपा कार्यक्रताओं ने प्रशासनिक अधिकारियों की कार्यशैली पर किया आक्रोश व्यक्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अंबेडकर नगर । भाजपा सरकार की 100 दिनों के प्राथमिकता वाले योजनाओं की जनपद में क्रियान्वयन की प्रगति और उसके कुशल संचालन की हकीकत से रूबरू होने के लिए एक दिवसीय जनपद दौरे पर आई महिला कल्याण,बाल विकास एवम पुष्टाहार राज्य मंत्री( स्वतंत्र प्रभार) प्रतिभा शुक्ला और पूर्व सांसद अनिल शुक्ल वारसी ने अकबरपुर नगर स्थित न्यू सर्किट हाउस में भाजपा जिलापद ाधिकारी,जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ भाजपा नेताओं के साथ बैठक कर संगठन के कार्य और अधिकारियों की कार्यशैली के बारे में विस्तार से विचार विमर्श किया।राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला की जनपद की सीमा पर भाजपा जिलाध्यक्ष डाक्टर मिथिलेश त्रिपाठी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।न्यू सर्किट हाउस में भाजपा जिलाध्यक्ष डाक्टर मिथिलेश त्रिपाठी की अध्यक्षता में संपन्न हुए बैठक में महिला कल्याण,बाल विकास एवम पुष्टाहार राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने कहा कि आगामी लोक सभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी यहां से विजयश्री प्राप्त कर जनपद का प्रतिनिधित्व लोक सभा में करे इसकी योजना रचना अभी से बना कर कार्य करने की आवश्यकता है।प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी उसका श्रेय भाजपा कार्यकर्ताओं और प्रदेश की जनता को जाता है।उन्होंने कहा कि भाजपा कार्य कर्ताओं ने रात दिन एक कर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनवाई है।उन्होंने कहा कि जनपद में सरकार द्वारा संचालित जन हितकारी योजनाओं का लाभ पात्र परिवारों को मिले इसके लिए भाजपा कार्यकर्ता कार्य करें।उन्होंने कहा कि सरकार किसी के खिलाफ अन्याय नहीं होने देगी।भाजपा जिलाध्यक्ष डाक्टर मिथिलेश त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा के कार्य कर्ताओं के मान सम्मान की चिंता संगठन कर रही है।भाजपा कार्यकर्ता संगठन के निर्देशन में सभी सांगठनिक कार्यों/अभियानों का पूरी निष्ठा और मेहनत से सुचारू रूप से संचालन कर रहे हैं।उन्होंने कार्यकर्ताओं को भरोसा दिलाया कि जनपद में उनके रहते किसी भी कार्यकर्ता का उत्पीड़न नहीं होने पायेगा। बैठक में भाजपा कार्यक्रताओं ने प्रशासनिक अधिकारियों की कार्यशैली पर आक्रोश व्यक्त करते हुए राज्य मंत्री को उनके कार्यशैली से अवगत कराया ।

# डीएम ने मौके पर कराया 17 शिकायतों का निस्तारण

## समाधान दिवस में संजीदगी के साथ डीएम माला श्रीवास्तव ने सुनी समस्याएं, निराश नहीं होना चाहिए समस्या लेकर आने वाला फरियादी : जिलाधिकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली/सलोन। तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव ने अध्यक्षता करते हुए निर्देश दिये कि तहसील समाधान, थाना दिवस प्रदेश सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं वाले कार्यक्रम हैं जिनमें किसी भी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस पर कि आमजन की समस्याओं को अनदेखा न करें। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं को बहुत ही गंभीरता के साथ सुनने के उपरांत विभागीय अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही उनका निराकरण कराएं। जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव ने कहा कि कोई भी फरियादी समस्या के समाधान के उद्देश्य से ही सरकारी कार्यालयों में आता है इसलिए जनता की समस्या का समाधान करना हम सबके लिए सर्वोपरि है कोई भी फरियादी तहसील दिवस या किसी भी कार्यालय से निराश होकर नहीं जाना चाहिए। पारदर्शिता के आधार पर संबंधित को नियमानुसार न्याय दिया जाए। जब तक फरियादी द्वारा की गई शिकायत के समाधान से संतुष्ट नहीं हो जाएं तब तक शिकायत का समाधान नहीं माना जाएगा। डीएम माला श्रीवास्तव व एसपी श्लोक कुमार व विधायक अशोक कोरी ने तहसील सलोन सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान राजस्व, कानून, नगर पंचायत, जलभराव, बिजली, सड़क, आवास आदि सहित कई विभागों की समस्याओं को तत्काल नियामानुसार निराकरण करने के लिए सम्बन्धित आधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस से प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेकर समस्याओं को समयबद्ध गुणवत्तापूर्वक विशेष ध्यान देकर निस्तारण करने के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 174 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 17 शिकायतों का डीएम व एसपी के माध्यम से मौके पर निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने कहा जिन विभागों की अन्य शिकायतें हैं जिनका मौके पर निस्तारण नहीं हो सका है संबंधित अधिकारी स्थलीय निरीक्षण कर शिकायतों का गुणवत्ता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित करें। इस मौके पर सीएमओ डा. वीरेन्द्र सिंह, डीएफओ, डीडीओ एसएन चौरसिया, एसडीएम व तहसीलदार, एडीआईओ इंजेश सिंह, डीपीओ, डीएसओ, सीवीओ आदि जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। इसके अलावा लालगंज में एसडीएम विजय कुमार व क्षेत्राधिकारी महिपाल पाठक ने तहसील समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याएं सुनी और निस्तारण के निर्देश दिए। दो वर्ष से बिन्दादीन बनाम गांव सभा डोण्डेपुर की हदबरारी की पत्रावली राजस्व निरीक्षक के पास लम्बित होने का मामला गर्माया रहा। ऊंचाहार तहसील सभागार में एडीएम वित्त एंव राजस्व की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में आई 53 शिकायतों में से चार का मौके पर निस्तारण किया गया। बाकी शिकायतों के निस्तारण के लिए टीम गठित कर भेजा गया है। इस मौके पर एएसपी विश्वजीत श्रीवास्तव, एसडीएम राजेश कुमार, तहसीलदार अजय कुमार गुप्ता, नायब तहसीलदार सत्याराज, कोतवाल शिवशंकर सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे। महराजगंज में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुए सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 92 शिकायतें आईं। जिसमें से मौके पर चार शिकायतों का ही निस्तारण किया जा सका। शेष शिकायतों को लेकर एसडीएम सालिकराम ने सम्बन्धित अधिकारियों कर्मचारियों को एक सप्ताह में समाधान करने के निर्देश दिये हैं। मौके पर तहसीलदार अनिल पाठक सहित अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## तहसील का निरीक्षण कर बांटे स्मार्ट फोन



रायबरेली। सम्पूर्ण समाधान दिवस पर शासन द्वारा संचालित समस्त जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाने के लिए विभिन्न विभागों द्वारा स्टालों के माध्यम से लोगों को लाभ परख योजनाओं की जानकारी दी गई। डीएम ने लगाये के स्टालों पर जाकर उपस्थित अधिकारियों से योजनाओं की भी जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिये कि जनपद के हर पात्र व्यक्ति तक सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचना चाहिए। संबंधित विभाग के अधिकारी सोशल मीडिया के माध्यम से अन्य माध्यमों से शासन की योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं। डीएम ने तहसील सलोन के कार्यालयों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने तहसील कार्यालय पटल सहित अभिलेखागार में रखे रिकार्ड पत्रावलियों को साफ-सफाई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिस पर उन्होंने तहसील में साफ-सफाई पाई गई उन्होंने एसडीएम को निर्देश दिये कि तहसील में सफाई इसी प्रकार निरंतर होती रहे। इसके बाद डीएम-एसपी ने सलोन विधायक अशोक कुमार कोरी के साथ सर्वोदय विद्यापीठ पीजी कालेज पहुंचकर छात्र-छात्राओं को स्मार्ट फोन वितरित किया। इसी दौरान पुलिस चौकी पर गर्मी से लोगों को राहत देने के लिए स्वच्छ एवं ठण्डे पानी के लिए वाटर कूलिंग मशीन का फीता काटकर उद्घाटन भी किया गया।

### नौ मई तक हटा लें अतिक्रमण, अन्यथा चलेगा बुलडोजर

रायबरेली। अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित कुमार ने बचत भवन के सभागार में जनपद के व्यापार मण्डल, स्थानीय सभासद एवं नपाप व नगर पंचायत अध्यक्षों के साथ रायबरेली शहर की जाम की समस्या से निपटने के लिए बैठक की। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित कुमार व नगर मजिस्ट्रेट पल्लवी मिश्रा ने व्यापार मंडल व सभासद से कहा कि नगर पालिका क्षेत्र के निवासी दुकानदारों द्वारा अवैध अतिक्रमण करने से लोगों को जाम व भीड़भाड़ का समस्या करना पड़ता है। आप लोगों अपने क्षेत्र के दुकानदारों से अपील करें कि आप अपनी-अपनी दुकानों के अन्दर ही अपनी सामग्री को रखे और अपने-अपने वाहनों को सड़क के किनारे ही खड़ा करें, जिससे लोगों व दूसरी गाड़ियों के आवागमन में परेशानी न हो।

उन्होंने उपस्थित व्यापार मंडलों के प्रतिनिधियों, सभासदों व मीडिया से अपील करते हुए कहा कि अतिक्रमण हटाये जाने का प्रचार-प्रसार कराकर सम्मानित नागरिकों व दुकानदारों को अवैध स्थायी या अस्थायी कब्जा व अतिक्रमण हटाने के लिए जागरूक करें। बैठक में उपस्थित लोगों द्वारा प्रशासन को अपने-अपने सुझाव भी दिए। इस मौके पर अन्य बिंदुओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित कुमार ने नगर के सभी सम्मानित नागरिकों व दुकानदारों से अपील की है कि नगर पालिका क्षेत्र के दुकानदारों द्वारा सड़क की दोनों पटरियों पर किये गए अवैध स्थायी या अस्थायी कब्जा एवं अतिक्रमण को नौ मई सोमवार तक अतिक्रमण को हटवा लें। अन्यथा 10 मई दिन मंगलवार को जिला प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाए जाने की कार्रवाई की जाएगी। जिसकी समस्त जिम्मेदारी स्वयं अतिक्रमणकर्ता की होगी।

### गंगा में डूबे तीन युवक, दो बचे एक लापता

लालगंज (रायबरेली)। लालगंज तहसील क्षेत्र के गेगासों गंगा घाट पर उस समय हड़कंप मच गया जब गंगा नहा रहे तीन युवक गंगा नदी के गहरे पानी में डूब गए। देखते ही देखते तीनों युवक गहरे पानी में उतराने लगे, युवकों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोगों ने दो युवकों को तो किसी तरह बचा लिया, लेकिन एक युवक गंगा नदी की तेज धारा में बह गया। सरेनी पुलिस गोताखोरों की मदद से डूबे युवक की तलाश में लगी हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार डूबा हुआ युवक अमर सिंह (22) पुत्र सुरेश सिंह तोमर ग्राम महेशपुरा थाना सुभाष नगर जिला बरेली का निवासी है। वह अपने ननिहाल राकेश सिंह के यहां अंबारा पश्चिम गांव आया हुआ था। शनिवार दोपहर 11 बजे के करीब वह अपने साथियों अमित सिंह व ऋतुराज दीक्षित के साथ गेगासों गंगा नहाने चला गया। नहाते समय तीनों गंगा में डूबने लगे, लोगों ने अमित और ऋतुराज को तो किसी तरह बचा लिया लेकिन अमर सिंह का अभी तक पता नहीं चल सका है। अमर के गंगा नदी में डूबने से परिजनों में कोहराम मच हुआ है। समाचार लिखे जाने तक सरेनी पुलिस गोताखोरों और फायर ब्रिगेड कर्मियों के साथ डूबे युवक अमर सिंह की तलाश में लगी हुई थी।

### बच्चे की किलकारी से गूंजी एम्बुलेंस

नसीराबाद (रायबरेली)। प्रसूता को प्रसव के लिए एंबुलेंस से अस्पताल ले जाते समय एक बार फिर बच्चे की किलकारी से एंबुलेंस गूंज उठी। अस्पताल पहुंचने के पहले ही प्रसूता ने एंबुलेंस में सुरक्षित बच्चे को जन्म दिया। जच्चा-बच्चा दोनों सुरक्षित बताए जा रहे हैं, जिनका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नसीराबाद में इलाज चल रहा है। गौरतलब हो कि ग्राम पंचायत भेलिया गांव की रहने वाली प्रसूता गीता पत्नी दिलीप के प्रसव पीड़ा होने पर परिजन उसे एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नसीराबाद लेकर जा रहे थे। तभी रास्ते में ऐहलाना गांव के पास प्रसूता ने बच्चे को सुरक्षित जन्म दिया। एंबुलेंस चालक मोहम्मद आसिफ व ई एम टी कृष्ण मोहन यादव ने बताया कि जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ्य हैं। जिनका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नसीराबाद में इलाज चल रहा है।

### चोरों ने पुलिस की नाक में कर दिया दम

महराजगंज (रायबरेली)। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत चोरी की घटनाओं में दिन पर दिन इजाफा होता जा रहा है, चोरी घटनाओं को रोक पाने में महराजगंज पुलिस नाकाम साबित हो रही है। वहीं चोरों के हौसले इस कदर बुलंद है कि वह कभी भी किसी मकान को अपना निशाना बनाते हैं और लाखों रुपए का माल लेकर चंपत हो जाते हैं। ताजा मामला लालूपुर चौहान का है। जहां सुरेंद्र सिंह व मनोज सिंह के मकान में रात एक बजे से तीन बजे के बीच में चोरों ने घटना को अंजाम दिया और जेवरात एवं हजारों की नकदी लेकर चोर रफू चक्कर हो गए। इससे पूर्व 2013 में भी चोरों ने सुरेंद्र सिंह के मकान को निशाना बनाया था, जिसका खुलासा पुलिस आज तक नहीं कर सकी। आपको बताते चले कि यह घटना सत्ता पक्ष की सदर विधायक अदिति सिंह के गांव लालूपुर की है। पीड़ित परिवार ने महराजगंज थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई व लगातार बढ़ती चोरियों की घटनाओं से क्षेत्र में दहशत व जनमानस में आक्रोश व्याप्त है।

### गोहत्या करने जा रहे तीन गिरफ्तार, दो हुए फरार

ऊंचाहार (रायबरेली)। रात के अंधेरे का फायदा उठाकर सुनसान बाग में गोहत्या करने जा रहे तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार करके बंधी गाय को बचा लिया है, जबकि अंधेरे का फायदा उठाकर दो लोग भाग गए हैं। मामला क्षेत्र के पिपरहा गांव के मार्ग के किनारे स्थित एक बाग का है। ऊंचाहार कोतवाल शिवशंकर सिंह का दावा है कि बाग में पांच लोग एकत्र होकर एक गाय को बांधकर काटने जा रहे थे। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बाग में दबिश दी गई तो राजेश पासी निवासी बरगदही, मो. कादिर निवासी वार्ड नंबर पांच और निहाल अहमद उर्फ चड्ढा निवासी मुहल्ला सरांय ऊंचाहार को मौके से गिरफ्तार किया गया है। उनकी इनके दो अन्य साथी रब्बानी निवासी वार्ड नंबर पांच व आरिफ निवासी मुहल्ला सराय रात के अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए है। पुलिस ने बाग में बंधी एक गाय व गाय काटने के उपकरण को बरामद किया है। सभी के विरुद्ध गोवध निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। उल्लेखनीय बात यह है कि गिरफ्तार किए गए निहाल अहमद उर्फ चड्ढा पर पूर्व में एक निजी स्कूल की महिला संचालक की हत्या का भी आरोप लगा है ।

### पीड़ित परिवार को बंधाया ढांढ़स

रायबरेली। ऊंचाहार विधानसभा के कांग्रेस पूर्व प्रत्याशी अतुल सिंह ने ऊंचाहार विधानसभा के असलापुर निवासी रामकुमार (50) की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत की सूचना पाकर पीड़ित परिवार के यहां पहुंचकर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की व हर संभव मदद करने का भरोसा दिया। इसके बाद श्री सिंह ने मनिपुर भटेहरी, पूरे चौहान आदि गांवों में पहुंचकर चौपाल लगा जनसमस्याएं सुनी। इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि ऊंचाहार की जनता हमारे परिवार की तरह है और हम हमेशा आपके सुख दुख में आपके साथ खड़े रहेंगे। वहां के लोगों ने श्री सिंह को बिजली, पानी एवं सड़क की समस्याओं से अवगत कराया। श्री सिंह ने भरोसा दिलाया कि आपकी समस्याओं को आपकी सांसद सोनिया जी से कहकर पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर कांग्रेस नेता शैलेंद्र सिंह, गोलू अग्रहरी, धीरेंद्र यादव, पप्पू मिश्रा, वीरेंद्र सिंह चौहान, कप्तान सिंह, राकेश यादव, राजेश सरोज, गयादीन सरोज, रमेश साहू आदि लोग उपस्थित रहे।

## आयुक्त ग्राम्य विकास के निरीक्षण में ब्लाक में मिली अव्यवस्थाएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**अभिलेखीय त्रुटियों, परिसर में गन्दगी, फाइलों के रख-रखाव पर बीडीओ को लगाई फटकार**

महराजगंज (रायबरेली)। आयुक्त ग्राम्य विकास ने विकास खंड कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अभिलेखीय त्रुटियों, परिसर में फैली गन्दगी, फाइलों के रख-रखाव व परिसर की साफ सफाई को लेकर बीडीओ को कड़ी फटकार लगायी। आयुक्त ग्राम्य विकास ने बताया कि सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाएं सुचारू रूप से चलाई जाएं और अधिक से अधिक ग्रामीणों को उनका लाभ पहुंचाया जाय। इसके अलावां उन्होंने चन्दापुर गांव का भी औचक निरीक्षण किया जहां पर उन्होंने सचिवालय के साथ-साथ तालाब भी देखा।

सुबह लगभग 11 बजे विकास खंड कार्यालय पहुंचे आयुक्त ग्राम्य विकास वीरेन्द्र कुमार सिंह ने लगभग एक घण्टे तक खंड विकास अधिकारी शकील अमहद सहित कार्यालय में उपस्थित अन्य कर्मचारियों से योजनाओं के बारे में जानकारी ली इसके बाद उन्होंने पूरे परिसर का मुआयना किया। फाइलों के रख-रखाव, आवासी कमरों के दुरूस्तीकरण, परिसर में जमी घासफूस को साफ करा पूरे परिसर में फूलदार वृक्ष लगाने के निर्देश दिये। इसके बाद उन्होंने विकास खंड के चन्दापुर गांव पहुंचकर अमृत सरोवर योजना के तहत बने श्री बांके बिहारी कुण्ड का निरीक्षण किया। जिसमें तत्काल पानी भरवाने सहित पूरे तालाब का बागवानी कर सौन्दर्यीकरण किए जाने के निर्देश दिये। इसके अलावां गांव में बने मिनी सचिवालय का भी औचक निरीक्षण किया। चन्दापुर के बड़े राजा कौशलेन्द्र प्रताप सिंह से औपचारिक मुलाकात कर क्षेत्र के विकास पर भी चर्चा की। आयुक्त ग्राम्य विकास वीके सिंह ने बताया कि सरकार द्वारा चलायी गयी योजनाओं का सही ढंग से क्रियान्वयन, प्रचार-प्रसार व अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से औचक निरीक्षण किया गया है, जो भी कमियां मिली है उन्हें सुधार करने के निर्देश बीडीओ को दिये गये हैं। इस दौरान उनके साथ संयुक्त आयुक्त धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, डीसी मनरेगा जीपी कुशवाहा, एपीओ राजीव त्यागी, एडीओसी अरूण श्रीवास्तव, जेई आरईडी अच्युत अग्रवाल, एडीओ पंचायत मनोज कुमार पांडेय, ग्रापअ शिखर शुक्ला, मनोज कुमार, अतुल कुमार, वैभव मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

### ससुराल में झुलसे युवक की इलाज के दौरान मौत

ऊंचाहार (रायबरेली)। क्षेत्र के किशुनी सरायं गांव में बीती 29 तारीख को एक व्यक्ति ससुराल आया था और वो संदिग्ध परिस्थितियों में गंभीर रूप से झुलस गया था, जिसे सीएचसी से जिला अस्पताल रिफर किया गया था, जहां शुक्रवार की देर रात उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। स्थानीय पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। गौरतलब है कि जगतपुर थाना क्षेत्र के कोड़िया मजरे सिददौर गांव निवासी भगवान दीन बीती 29 तारीख को किशुनी सरायं गांव में शोभा देवी पत्नी स्व. रामनरेश के घर ससुराल आया था और रात्रि में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से वो गंभीर रूप से झुलस गया, ससुराल वाले द्वारा उसे एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी लाए जहां से हालत नाजुक होने पर उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रिफर किया गया था, जहां शुक्रवार की रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बताते हैं कि भगवानदीन ने किशुनी सरायं गांव निवासी शोभा देवी की बेटी शान्ति से कुछ समय पूर्व प्रेम विवाह किया था लेकिन थोड़े ही दिनों में पत्नी से अनबन होने के बाद शांति करीबन दो महीने से मायके में रह रही थी।

## साइकिल यात्री भाऊ साहेब भंवर का एनटीपीसी में स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



ऊंचाहार (रायबरेली)। एनटीपीसी ऊंचाहार में प्रसिद्ध साइक्लिस्ट भाऊ साहेब भंवर का आगमन हुआ। शुक्रवार को महाराष्ट्र के जालना निवासी 48 वर्षीय साइकिल यात्री भाऊ साहेब भंवर ने एनटीपीसी ऊंचाहार में मुख्य महाप्रबंधक अभय कुमार समैयार से मुलाकात की। श्री समैयार ने उन्हें प्रशंसा पत्र और सहायता प्रदान कर सम्मानित करते हुए कहा कि भाऊ साहेब सामाजिक बुराईयों जैसे नशा, दहेज, भ्रूण हत्या के खिलाफ जनता को जागरूक करने का महत्वपूर्ण काम कर रहे हैं। मानव संसाधन विभाग की प्रमुख वंदना चतुर्वेदी ने निरंतर साइकिल चलाकर समाज को जागरूक व प्रेरित कर रहे श्री भाऊ का अभिनंदन किया और उन्हें जन सेवक के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रहरी के रूप में सिद्ध पुरुष की संज्ञा दी। उन्होंने कहा कि देश में बहुत सारे लोग पर्दे के पीछे रहकर बिना कोई शोर मचाए बहुत ऐसे कार्य कर रहे हैं, जिसे अनेक संसाधनों के साथ बड़ी-बड़ी संस्थाएं करती हैं। भाऊ साहेब भी ऐसे ही अनुकरणीय उदाहरण हैं। भाऊ साहेब ने बताया कि वह 1993 से साइकिल यात्रा कर रहे हैं। इसकी शुरुआत औरंगाबाद से हुई थी। उन्होंने बताया कि वे अब तक पांच बार सफलतापूर्वक भारत भ्रमण कर चुके हैं। उनका प्रयास है कि वे सम्पूर्ण भारत में जन-जन तक पहुंचकर लोगों को कुरीतियों और समाज को रूढ़िवादी सोच के प्रति जागरुक कर सकें। इस अवसर पर श्री भाऊ ने एनटीपीसी अधिकारियों, कर्मचारियों, महिला क्लब की सदस्याओं व बच्चों से भेंट की और सभी को अपने विचारों से प्रेरित किया।

## अण्डर-16 का जिला स्तरीय क्रिकेट ट्रायल सम्पन्न

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



रायबरेली। प्रतापगढ़ व अमेठी जिले के 282 खिलाड़ियों ने ट्रॉयल में लिया भाग

रायबरेली। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) के संयोजन में रायबरेली डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन (आरडीसीए) की ओर से 16 वर्ष से कम अण्डर-16 आयु वर्ग (बालक) का रायबरेली, प्रतापगढ़ व अमेठी का जिला स्तरीय ट्रायल आज एनएस क्रिकेट एकेडमी के ग्राउण्ड पर सम्पन्न हुआ। यूपीसीए के चयनकर्ता व पूर्व रणजी खिलाड़ी अलीगढ़ से असलम अली, यूपीसीए के चयनकर्ता व पूर्व रणजी खिलाड़ी बरेली से कमलकान्त कनौजिया एवं यूपीसीए के चयनकर्ता व पूर्व रणजी खिलाड़ी लखनऊ से आरिस आलम ने तीनों जिलों से आये हुए अण्डर-16 आयु वर्ग के कुल 282 पंजीकृत खिलाड़ियों का ट्रायल लिया। सभी खिलाड़ियों में अपनी बल्लेबाजी, गेंदबाजी व विकेट कीपिंग की प्रतिभा को चयनकर्ताओं के सामने प्रदर्शित करने की होड़ लगी रही। चयनकर्ताओं ने तीनों जनपदों के अण्डर-16 आयु वर्ग के अति प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को चयनित करते हुए उत्तर प्रदेश के सत्र 2022-23 हेतु बनने वाले खिलाड़ियों की प्रतिभा को भी गहराई से परखा। आरडीसीए के डायरेक्टर व यूपीसीए के संयुक्त सचिव मोहम्मद फहीम ने बताया कि अण्डर-16 आयु वर्ग बालक के ट्रायल एनएस क्रिकेट एकेडमी ग्राउण्ड पर सम्पन्न कराये गये। यूपीसीए द्वारा नामित चयनकर्ताओं ने सभी 282 खिलाड़ियों का ट्रायल लिया और ट्रायल के पश्चात खिलाड़ियों की खेल प्रतिभा के आधार पर तीनों जनपदों के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को चयनित करके चयनित खिलाड़ियों की सूची अलग-अलग अपने पास सुरक्षित कर ली है। आठ मई को अण्डर-23 व रणजी ट्रॉफी हेतु रायबरेली, प्रतापगढ़ व अमेठी जनपद का जिला स्तरीय क्रिकेट ट्रॉयल भी एनएस क्रिकेट एकेडमी ग्राउंड पर होगा। ट्रायल को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में ट्रायल संयोजक नदीम सिद्दीकी, कोआर्डीनेटर आशीष त्रिपाठी, सुधांशु सोनकर, मो. नाजिम, अभिषेक शुक्ला आदि का सराहनीय योगदान रहा।

### वाराणसी: पत्नी से विवाद के बाद पांच साल के बेटे का गला दबाकर मारा, गिरफ्तार

वाराणसी। चोलापुर थाना क्षेत्र के रामगांव में शनिवार को पत्नी से विवाद के बाद एक व्यक्ति ने अपने पांच साल के मासूम बेटे की गला दबाकर हत्या कर दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस पूछताछ और छानबीन के बाद आरोपी की तलाश में जुट गईं। रामगांव निवासी गिरजाशंकर का अपनी पत्नी सोनी से विवाद हो गया। इसके बाद उसने पत्नी को कमरे में बंद कर बेटे आदित्य का गुस्से में आकर गलाघोंट दिया और मौके से भाग निकला। सोनी के चीख पुकार पर आसपास के लोग मौके पर जुट गये तो बालक को मृत देख सन्न रह गये। फिर सोनी को कमरे से निकाला। सोनी ने अपने मायके वालों को घटना की सूचना देकर पति के खिलाफ थाने में नामजद तहरीर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इस सम्बंध में ग्रामीण पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मृत बालक की मां सोनी देवी ने अपने पति के खिलाफ तहरीर दी है। अभियोग पंजीकृत किया जा रहा है। आरोपी गिरजाशंकर राम निवासी रामगांव थाना चोलापुर को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। प्रथम दृष्टया यह मामला पति पत्नी के विवाद का है। जिस कारण पति नें गुस्से में आकर अपने ही पुत्र का गला दबा दिया। जिससे उसकी मृत्यु हो गयी थाना चोलापुर पुलिस आवश्यक विधिक कार्यवाही में जुटी हुई है।

## निर्दोषों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं करेगी सपा : वीरेन्द्र यादव

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



रायबरेली। समाजवादी पार्टी की जिला कार्यकारिणी की बैठक जिलाध्यक्ष इं. वीरेन्द्र यादव की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय सुपर मार्केट में सम्पन्न हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा नेताओं के इशारे पर आमजनों खासकर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं का प्रशासन द्वारा लगातार उत्पीड़न किया जा रहा है। पार्टी कार्यकर्ताओं के विरूद्ध पुलिस फर्जी मुकदमें लिखकर गुण्डा एक्ट एवं जिला बदर की कार्यवाही कर रही है।

श्री यादव ने कहा कि आमजनों में मय एवं दबाव का माहौल बनाने का प्रयास किया जा रहा है। विकास के धन की लूट करने का षड़यन्त्र किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की आपूर्ति कुछ घंटों की हो रही है। अधिकारी एवं कर्मचारी निरंकुश होकर मनमानी पर उतारू हैं। उन्होनें उपस्थित पदाधिकारियों से कहा कि पार्टी शीघ्र ही उत्पीड़न एवं जनसमस्याओं को लेकर धरना-प्रदर्शन करेगी। बैठक को संबोधित करते हुए बछरावां विधायक श्याम सुन्दर भारती ने कहा कि जब से भाजपा-2 की सरकार बनी है, अपराध एवं अपराधी बड़े हैं, निरन्तर हत्यायें एवं लूट की घटनायें हो रही हैं, पुलिस का इकबाल समाप्त हो गया है। हरचन्दपुर विधायक राहुल लोधी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की समस्या को देखते हुए हैण्डपंप रिबोर के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र ही समस्या के समाधान हेतु कहा गया है। पुलिस प्रशासन द्वारा बदले की भावना से कार्य किये जा रहे हैं। बैठक का संचालन महासचिव मो. अरशद खान ने किया। बैठक को सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष ओपी यादव, जिला उपाध्यक्ष हाजी मो. इलियास, रामसेवक वर्मा, शिव नारायन सिंह, शिवशंकर चौधरी, रामस्वरूप पासी, सुरेश पटेल, राजेश मौर्या, श्रवण चौधरी, रंजीत यादव, मो. हसीन, बुधेन्द्र सिह, बलराज राना, छविनाथ, बबलू लोधी, मेहरबान सिंह, नरेन्द्र सिंह प्रधान, विकास विश्वकर्मा, संजय पासी, शशिकान्त शर्मा, पवन पटेल, जागेश्वर यादव ने सम्बोधित किया। इस दौरान व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष मुकेश रस्तोगी, मो. रेहान, पूनम मौर्य, ज्योति यादव, रवीन्द्र सिंह, लक्ष्मी शंकर, मो. शमशाद, डा. जावेद, मो. फहीम, समर बहादुर यादव, अजय मिश्रा, अनिल यादव, अशोक यादव, राहुल निर्मल, सुशील यादव, छोटेलाल, विनोद यादव, उदयराज मौर्य, रामसुमेर, रमेश मौर्य, रणजीत यादव आदि उपस्थित रहे।

# खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री ने अधिकारियों के साथ की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । जनपद के भ्रमण पर आये मा. मंत्री सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग, उत्तर प्रदेश श्री राकेश सचान ने शुक्रवार को जिले के अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान निर्देश दिया कि जिला प्रशासन के लिए तहसील व थाना मुख्य इकाई है। तहसील व थानों की कार्यशैली से जिला प्रशासन व सरकार की छवि बनती है। श्री सचान ने निर्देश दिया कि थानों व तहसीलों में आने वाले फरियादियों की समस्याओं का निस्तारण शीर्ष प्राथमिकता पर समयबद्ध ढंग से किया जाय।

स्वास्थ्य सेक्टर की समीक्षा के दौरान श्री सचान ने निर्देश दिया कि कोविड जांच का दायरा बढ़ाया जाय तथा कैम्प लगाकर आयुष्मान गोल्डेन कार्ड बनाये जाएं। एएनएम सेन्टरों पर कायाकल्प से पूर्व तथा पश्चात की स्थित के फोटो प्रदर्शित किये जायें ताकि आने वालों को फर्क पता चल सके। आरोग्य मेलो को प्रभावी बनाया जाय सरकार की मंशानुरूप अधिक से अधिक लोगों को जांच एवं उपचार की सुविधा मिल सके। मा. मंत्री ने निर्देश दिया कि गेहूॅ खरीद, जल जीवन मिशन तथा स्वच्छ भारत मिशन महत्वपूर्ण योजनाएं है इसलिए डीएम व सीडीओ नियमित रूप से पर्यवेक्षण करते रहें तथा आवश्यकतानुसार सत्यापन भी कराया जाय।

विद्युत सेक्टर की समीक्षा के दौरान रोस्टर के अनुसार आपूर्ति के साथ-साथ ट्रांसफार्मरों, विद्युत खम्भों एवं विद्युत के तारों को समय से बदलने के साथ-साथ लोकल फाल्ट बिना विलम्ब के दुरूस्त कराये जाने के निर्देश दिये गये। श्री सचान ने यह भी निर्देश दिया कि समय पूर्व बाढ़ से निपटने के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार कर ली जाय। गौआश्रय स्थलों में अभिनव प्रयोग के तौर नेपियर ग्रास लगाये जाने तथा भूसादान अभियान के लिए डीएम के प्रयासों की सराहना करते हुए श्री सचान ने निर्देश दिया कि आश्रय स्थलों पर सभी अनुमन्य सुविधाएं मुहैय्या होनी चाहिए। संरक्षित सभी गोवशों के लिए चारा, पानी, छांव, आवास व इलाज के प्रबन्ध में किसी प्रकार की कोताही न की जाय। इस कार्य में जनप्रतिनिधियों का भी सहयोग प्राप्त किया जाय।

मा. मंत्री श्री सचान निर्देश दिया कि जिले के अधिकारी जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए आकांक्षात्मक जनपद को शीघ्र से शीघ्र सामान्य जनपद की श्रेणी में लाये जाने का प्रयास करें। अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के बीच संवादहीनता की स्थिति नहीं होनी चाहिए। डीएम, एसएसपी व सीडीओ समय समय पर जनप्रतिनिधियों से वार्ता करते रहें तथा उनके द्वारा दिये गये सुझावों को प्राथमिकता प्रदान की जाय।

इस अवसर पूर्व मंत्री विधायक सदर अनुपमा जायसवाल, पयागपुर के सुभाष त्रिपाठी व बलहा की सरोज सोनकर, जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी, मुख्य विकास अधिकारी कविता मीना सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# समाधान दिवस पर सदर विधायक व डीएम एसपी ने सुनी फरियादियों की समस्याएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। शनिवार को जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन ज़िले की चारों तहसीलों में हुआ। जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील सदर में जिलाधिकारी डा. उज्ज्वल कुमार की अध्यक्षता में हुआ जहां पर उन्होंने विधायक सदर प्रतीक भूषण सिंह, पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा के साथ जन शिकायतें सुनीं तथा उनका निस्तारण किया।विधायक सदर ने जनसुनवाई के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि जन सामान्य की शिकायतों को जांच अधिकारी निष्पक्षता के साथ निपटाएं जिससे शिकायतों का सही व संतोषजनक निस्तारण हो सके। उन्होंने इस दौरान फरियाद लेकर आए हुए कई फरियादियों को सरकार की उपयोगी योजनाओं की जानकारी भी दी। सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचते ही डीएम ने लंबित शिकायतों की समीक्षा की तथा लंबित सभी प्रकरणों को निस्तारित करने के आदेश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में ही डीएम ने सरकार द्वारा कार्ड धारकों को राशन देने की योजना को पूरी पारदर्शिता के साथ कराने के निर्देश डीएसओ व सभी पर्यवेक्षणीय अधिकारियों को दिए हैं।शिकायतों के निस्तारण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि प्राप्त शिकायतों पर सम्बन्धित अधिकारी स्थलीय निरीक्षण कर दोनों पक्षों की बातें सुनकर शिकायत का निस्तारण करें जिससे एक ही शिकायत बार-बार न आए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में 168 शिकायतें प्राप्त हुईं जिसमें से 16 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया, शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इसके साथ ही पट्टा पाने वाले लाभार्थियों को पट्टा प्रमाण पत्र भी वितरित किया गया तथा तहसील परिसर में जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, माननीय विधायक के द्वारा पौधा लगाया गया इसके साथ ही तहसील परिसर में ही प्याऊ का उद्घाटन भी किया गया। इस अवसर पर सम्पूर्ण समाधान में पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र, एसडीएम विनोद सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी आर.एस केसरी, डीएफओ वन विभाग, डीसी एनआरएलएम, सीओ सिटी लक्ष्मीकान्त गौतम, तहसीलदार राजीव मोहन सक्सेना, जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश चौधरी, जिला पंचायत राज अधिकारी रोहित भारती, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी सुरेंद्र यादव, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी रवीन्द्र सिंह राठौर, जिला कृषि अधिकारी जेपी यादव सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी व फरियादी उपस्थित रहे।

# चोरी की बिजली से हो रही खेतों में सिंचाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोतीगंज गोंडा। विकासखंड मनकापुर क्षेत्र में सिंचाई के लिए चोरी की बिजली से खेतों में धड़ल्ले से विद्युत मोटर चल रहे हैं। लेकिन जिम्मेदार मामले से अंजान बने हुए हैं। इससे विभाग को राजस्व का भारी नुकसान हो रहा है।मोतीगंज, वीरपुर, तुर्काडीह, विद्यानगर, रामपुर, गढ़ी, कंचनपुर, क्षेत्र में लोगों की ओर से धड़ल्ले से बिजली की चोरी की जा रही है। लोग कटिया फंसा कर खेतों तक तार खींच लेते हैं। और उससे विद्युत मोटर चलाकर बिजली की चोरी करते हैं। ऐसा नहीं है कि वे यह काम अपने बूते पर करते हैं इसके लिए उन्हें विद्युत कर्मियों का भी पूरा सहयोग होता है और उस सहयोग के बदले किसान विद्युत कर्मियों को आर्थिक लाभ पहुंचाते हैं। कभी कभार शिकायत मिलने पर विभाग की ओर से कुछ मामलों में कार्रवाई कर इतिश्री कर ली जाती है।विकासखंड पंडरी कृपाल क्षेत्र में सीहा गांव ,नोबरा, गपीगंज चौराहा, तुलसीपुर, सोनवारसा सहित दर्जनों गांवों में अवैध तरीके से बिजली की चोरी कर विद्युत मोटर संचालित हो रहे हैं। विद्युत कर्मियों से मिली भगत कर खेतों तक केबिल खींच रखा गया है और उससे इस समय खेतों में लगे गन्नने की फसल की सिंचाई हो रही है। इससे बिजली विभाग को राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है। सूत्रों की मानें तो विद्युत कर्मियों ने गांवों में अपने आदमी लगा रखे हैं,जिनके माध्यम से वे किसानों से सम्पर्क करते हैं और मोटर चलवाने की पूरी जिम्मेदारी लेते हैं। इसके बदले वे किसानों से 500 रुपये से लेकर 1500 रुपये प्रतिमाह की वसूली करते हैं। जब कभी ऊपर से जांच अभियान चलता है तो कर्मी लोगों को पहले ही सावधान कर देते हैं।

# महंगाई से उबल रहा रसोई गैस, कैसे जलेगा गरीबों के घर रसोई का चूल्हा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। पेट्रोल व डीजल के दाम बढ़ने के बाद अब रसोई गैस के दाम में होते जा रहे इजाफ़े से किचन का बजट बिगड़ने लगा है। गैस के बढ़ते दाम के कारण गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों की रसोई के चूल्हे से दूर होता जा रहा है। गैस के बढ़ते दाम को देखते हुए गरीब तबके के लोग उपले या फिर लकड़ी पर खाना पकाने को मजबूर हो रहे हैं। हर महीने के भीतर रसोई गैस के रेट बढ़ने से घरेलू एलपीजी सिलेंडर का दाम 1057 रुपए हो गए हैं। उधर, गैस एजेंसियों के मालिकों का कहना है कि गैस के दाम बढ़ने से उनकी सेल पर भी काफी असर पड़ा है। गौरतलब है कि 'उज्ज्वला' योजना के तहत बेशक सरकार ने हर घर तक गैस सिलेंडर पहुंचाया ताकि गरीब परिवार की महिलाओं को चूल्हे व लकड़ी जलाने से छुटकारा मिल सके। मगर अब गैस सिलेंडर के आसमान छूते दामों के कारण न तो गरीब परिवार गैस सिलेंडर भरवा पा रहे हैं व न ही उन्हें लकड़ी व अन्य ईंधन जलाने से निजात मिली है।



महंगे घरेलू गैस सिलेंडर भरवाने से असमर्थ हुए परिवार अब फिर से लकड़ी से चूल्हे जलाने को मजबूर हो गए हैं। जिससे न केवल उनकी सेहत प्रभावित हो रही है, बल्कि पर्यावरण भी दूषित होता है। जिले में करीब डेढ़ लाख परिवारों को उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर मिले थे, जिनमें से अधिकतर परिवारों के घरों पर अब गैस सिलेंडर शोपीस बन गए हैं। और कुछ लोगों के तो भूसे में पड़े सड़ रहे। क्योंकि यह परिवार महंगे दाम पर गैस सिलेंडर भरवाने से असमर्थ हैं।

### महंगाई के कारण गैस नहीं भरवा पा रहे गरीब परिवार

चूल्हों पर लकड़ी इत्यादि जलाने से पैदा होने वाला धुआं पर्यावरण को प्रदूषित करता है, जिससे निजात दिलाने व महिलाओं के सेहत के मद्देनजर केंद्र सरकार द्वारा उज्ज्वला योजना के तहत हर परिवार को गैस सिलेंडर मुहैया करवाए गए थे। जिले गरीब परिवारों ने इस योजना का लाभ भी लिया व हर झुग्गी-झोपड़ी तक गैस सिलेंडर पहुंच गए।लाकडाउन के समय लोगो को कामकाज न मिलने के कारण यहां गरीब परिवार सिलेंडर नहीं भरवाने से असमर्थ हो थे।

### कोरोना के समय छीना रोजगार अब महंगाई निकाल रही कचूमर

उज्ज्वला योजना के तहत रसोई गैस सिलेंडर पाने वाली मायावती का कहना है कि ही लाकडाऊन के समय उसके पति की नौकरी चली गई। घर की आर्थिक स्थिति भी ठीक नहीं थी। जब से कोरोना खत्म हुआ तब से अब आए दिन रसोई गैस के रेट बढ़ाने से अब गैस सिलेंडर भरवाने में उसका परिवार असमर्थ हो चुका है।

### शोपीस बना गैस सिलेंडर

निर्मला का कहना है कि सरकार की ओर से उज्जवला योजना के तहत सिलेंडर मिले थे। मगर गैस सिलेंडर के रेट बढ़ने से अब वो घर में ही शोपीस बनकर रह गए है। अब तो वह लकड़ियों पर खाना बनाने के लिए मजबूर हो रहे हैं। सरकार को गैस रेट कम करने चाहिए।

### अंगीठी पर बना रही हूं खाना

सीता पति ने कहा कि पहले से ही महंगाई चरम पर है। घर में सभी मजदूरी करके परिवार पालते हैं। गैस सिलेंडर महंगे होने से वो तो अब इसे भरवाने से भी असमर्थ हो चुके है। ऐसे में वे लोग अंगीठी पर खाना बनाने को मजबूर हो रहे हैं। सरकार रेट करें कम इसी तरह उज्ज्वला के तहत गैस सिलेंडर प्राप्त करने वाली रीता, सोनिया, ऊषा आदि ने कहा कि पहले ही कोरोना महामारी के दौरान लगाए गए लाकडाउन के कारण उनके घर की आर्थिक हालत कमजोर थी। जबकि अब सरकार आए दिन गैस की कीमतों में इजाफा करके गरीब वर्ग के लोगों की कमर तोड़ने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार को महंगाई पर अंकुश लगाते हुए रसोई गैस की कीमतें कम करनी चाहिए। एक बार फिर बढ़े गैस सिलेंडर के रेट गैस एजेंसी के मालिकों ने कहा कि गैस सिलेंडर के दाम हर महीने पिछले दो माह के दौरान ही कई बार बढ़ गए हैं। दो माह दौरान करीब 200 रुपये बढ़े है। गोंडा में अब घरेलू सिलेंडर 1057 रुपये का हो गया है। कई गरीब परिवार गैस सिलेंडर भरवाने से असमर्थ भी हैं, जो एजेंसी पर चक्कर भी लगाते हैं, लेकिन रेट अधिक होने के कारण गैस सिलेंडर नहीं भरवा पाते। उन्होंने कहा कि इससे उनकी सेल भी कम होकर रह गई है।

# दरगाह पुलिस ने चोरी का खुलासा कर दो चोरों को भेजा जेल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच। थाना दरगाह शरीफ क्षेत्र अंतर्गत एसएसबी जवान के घर हुई ताला तोड़कर चोरी घटना का खुलासा एक सप्ताह के अंदर कर दरगाह पुलिस ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार जेल भेज दिया। मालूम हो कि शहर के नई बस्ती घोसिनबाग बक्सीपुरा मोहल्ला निवासी सशस्त्र सीमा बल 59वीं बटालियन अगैइय्या नानपारा में तैनात जवान प्रदीप कुमार पटेल अपने घर ताला लगाकर 22 अप्रैल को ड्यूटी पर गये हुये थे। जिसका चोरों ने बन्द पड़े घर का पूरा फायदा उठाते हुये घर का ताला तोड़कर नगदी रुपये, सोने व चांदी के जेवरात व अन्य सामान समेत करीब चार लाख रुपये का माल चोरी कर लिया था। 24 अप्रैल को सुबह जब एसएसबी जवान घर लौटकर आया और दरवाजे का ताला टूटा देखा तो घटना की जानकारी हुई। घटना की तहरीर स्थानीय पुलिस को दी जिस पर थाना दरगाह की पुलिस ने मु.आ.स. 100/2022 धारा 457, 380 आईपीसी में मुकदमा पंजीकृत कर थाना प्रभारी ने घटने की खुलासा कर आरोपियों को पकड़कर जेल भेजने की जिम्मेदारी हल्का एसआई कौशर अली को सौंपी थी। विवेचनाधिकारी श्री अली ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर घटने को अंजाम देने वाले थाना क्षेत्र के दो शातिर चोरों क्रमशः मोनू व तौफीक को चोरी के कुछ सामान व नगदी के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इनके द्वारा शहर में हुई दो अन्य चोरियों को भी अंजाम देने की बात कबूल की गयी है।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस पर लगाये गये स्टालों का विधायक ने किया निरीक्षण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ 6 गर्भवती महिलाओं व दो बच्चों का कराया गया अन्नप्रासन

बहराइच । तहसील नानपारा में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर खाद एवं रसद, समाज कल्याण, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, स्वास्थ्य, राजस्व, महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार सहित अन्य विभागों द्वारा लगाये स्टालों का विधायक नानपारा राम विकास वर्मा ने जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी, मुख्य विकास अधिकारी कविता मीना व अन्य अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया मौजूद अधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। आई.सी.डी.एस. विभाग के स्आल के निरीक्षण के दौरान विधायक, डीएम, एसएसपी व सीडीओ ने संयुक्त रूप से 06 गर्भवती महिलाओं श्रीमती हसीबुन, सूबी, आकून, राधादेवी, रामावती व लक्ष्मीदेवी की गोद भराई की तथा 02 बच्चों सौम्या व मो. सैफ को अन्नप्रासन कराया।

### नोडल अधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई तीसरी प्री-ट्रायल बैठक

बहराइच । जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बहराइच के तत्वाधान में 14 मई 2022 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाये जाने के उद्देश्य से बनाने के लिए पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण अजय कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता एवं अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, नोडल अधिकारी, लोक अदालत सुरजन सिंह तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बहराइच की सचिव श्रीमती शिखा यादव की मौजूदगी में बीमा कम्पनियों प्रतिनिधियों व उनके पैनल अधिवक्तागण तथा याचीगण के साथ मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, गेंदघर बहराइच में तीसरी प्री-ट्रायल बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान बताया गया कि अब तक मोटर वाहन दुर्घटना प्रतिकर के 20 मामले चिन्हित हुए हैं। इस सम्बन्ध में निर्देश दिया गया कि चिन्हित 20 मामलों के अतिरिक्त वाहन दुर्घटना प्रतिकर से सम्बन्धित ज्यादा से ज्यादा मामलों को चिन्हित कर उन्हें राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से प्रस्तुत कर निस्तारित कराया जाय। बैठक में मौजूद अधिवक्ताओं से लोक अदालत को सफल बनाने में आ रही बाधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी तथा प्रभावी ढंग से सफल बनाये जाने के सम्बन्ध में उनसे सुझाव भी मॉगे गये।

### आश्रय गृह सह प्रशिक्षण केन्द्रों के संचालन हेतु स्वैच्छिक संगठनों से प्रस्ताव आमंत्रित

बहराइच । दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा मानसिक मंदित एवं मानसिक रूप से रुग्ण निराश्रित दिव्यांगजन के लिये संचालित आश्रय गृह सह प्रशिक्षण केन्द्रों के संचालन हेतु यथा निर्धारित कार्यों के लिये आवश्यक पात्रता के आधार पर अनुदान दिये जाने हेतु स्वैच्छिक संगठनों 20 मई 2022 तक अनुदान प्रस्ताव आमंत्रित किये जा रहे हैं। यह जानकारी देते हुए जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी ए.के. गौतम ने बताया कि इच्छुक स्वैच्छिक संस्थाएं विकास भवन स्थित उनके कार्यालय में अनुदान प्रस्ताव समस्त प्रपत्रों के साथ तीन प्रतियों में जमा कर सकते है। किसी प्रकार की असुविधा, समस्या आने पर मो.न. 8090919475 अथवा 7408795308 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

### शादी में खाने को लेकर बरातियों और घरातियो में जमकर हुयी मारपीट

बहराइच। फखरपुर थाना परिक्षेत्र के ग्राम मलूकपुर दरगाही में शुक्रवार को रिसिया थाना क्षेत्र से बारात आई। दावत-ए-वलीमा के दौरान खाने को लेकर बवाल शुरू हो गया। बारातियों और घरातियों में जमकर मारपीट हुई। घराती पक्ष से एक युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पाकर पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने दोनों पक्ष से जानकारी ली। हालांकि बाद में दोनों पक्ष में सुलह का दावा ग्राम प्रधान ने किया है। फखरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मलूकपुर दरगाही निवासी सलीम की बेटी का विवाह रिसिया थाना क्षेत्र के ग्राम नौवा गांव निवासी जुबेर पुत्र जमील के साथ तय हुआ था। शुक्रवार को जमील बारात लेकर पहुंचा। दोपहर में तीन बजे के आसपास दावत ए वलीमा में खाना को लेकर बारातियों का विवाद शुरू हो गया। लड़के पक्ष के लोग नाराज हो गए। सभी ने जमकर मारपीट की टेंट में लगी कुर्सियां एक दूसरे पर फेंक कर मारने लगे। विवाह कार्यक्रम में जमकर बवाल हुआ। बारातियों की पिटाई में लड़की पक्ष से एक युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना पाकर पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने दोनों पक्ष से लिखापढ़ी की। इसके बाद पुलिस चली गई। ग्राम प्रधान मुन्ना ने बताया कि खाना को लेकर विवाद हुआ था। बाद में दोनों पक्ष में सुलह हो गया। लड़की की विदाई कर दी गई है। वहीं थानाध्यक्ष परमानंद तिवारी ने ऐसी किसी घटना से इंकार किया। उनका कहना है कि वह सड़क पर ही टहल रहे हैं। कहीं मारपीट नहीं हुई है।

### स्वामी डिग्री कॉलेज में दिव्यांग प्रमाण पत्र शिविर का किया शुभारंभ

पूरनपुर। स्वामी एजुकेशनल कांप्लेक्स महाविद्यालय में दिव्यांग शिविर का आयोजन किया गया इस दिव्यांग शिविर का शुभारंभ डॉ दलजीत कौर अध्यक्ष जिला पंचायत के द्वारा किया गया सुबह से ही महाविद्यालय में दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने के लिए दूरदराज से बहुत सारे लोग आए थे डॉ एसके चावला आंख रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर पीके शर्मा नाक कान गला रोग विशेषज्ञ, डॉ अश्विनी गुप्ता, एसीएमओ एवं डॉ संजीव सक्सेना हड्डी रोग विशेषज्ञ के द्वारा आए हुए सभी दिव्यांगों की जांच पड़ताल की गई सभी पात्र दिव्यांगों के प्रमाण पत्र भी जारी किए गए शिविर में लगभग 500 से अधिक दिव्यांगजन आए जिसमे से डेढ़ सौ से अधिक दिव्यांगजनो के प्रमाण पत्रों को बनाया गया कुछ दिव्यांगजनो को पीलीभीत एक्स-रे व कान की जांच हेतु बरेली में रेफर किया गया जिनकी रिपोर्ट आने के बाद उनके भी प्रमाण पत्र जारी करवा दिए जाएंगे युवा भाजपा नेता रवि यादव ने बताया कि पूर्व में महाविद्यालय में दिव्यांग शिविर का आयोजन करवाया गया था भविष्य में भी जनहित के कैंपो का आयोजन महाविद्यालय होता रहेगा कैंप आयोजन में जिला स्वास्थ्य टीम के आलावा इमरान, शब्बू,हीरेश का भी सहयोग रहा हैं ।

# सांसद कैसरगंज ने राज ठाकरे से माफी मांगने या वापस जाने का लगाया होर्डिंग




कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच। कैसरगंज लोकसभा के सांसद बृज भूषण शरण सिंह एक बार फिर चर्चा में हैं। उन्होंने लोकसभ क्षेत्र के लोगों से पांच जून को अयोध्या पहुंचने की अपील की है। साथ राज ठाकरे को उत्तर भारतीयों से माफी मांगने की बात कही है। सांसद ने मनसे प्रमुख राज ठाकरे को अयोध्या आने से पूर्व उत्तर भारतीयों से माफी मांगने की मांग की है। सांसद ने कहा कि राज ठाकरे ने उत्तर भारतीयों को अपशब्द कहे, साथ ही उन्हें मुंबई से भगा दिया। ऐसे में उत्तर भारतीयों से माफी मांगे। उनका कहना है कि माफी नहीं मांगेंगे तो हम सभी राज ठाकरे को अयोध्या में उतरने नहीं देंगे। लोकसभा क्षेत्र की जनता से पांच जून को अयोध्या पहुंचने की अपील की है। इसके लिए लखनऊ बहराइच मार्ग पर जगह जगह पोस्टर और बैनर भी लगाए गए हैं। सांसद के समर्थक भी राज ठाकरे से माफी मांगने की अपील कर रहे हैं।

# आईटीआई के विद्यार्थियों को मिले टैबलेट, हुए गदगद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर-खीरी। प्रदेश सरकार की महात्वाकांक्षी योजना डीजी शक्ति के अन्तर्गत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, चन्दन चौकी (खीरी) में टैबलेट वितरण कार्यक्रम समारोह पूर्वक आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि गृह राज्य मंत्री भारत सरकार, सांसद खीरी के प्रतिनिधि दीपक तलवार ने राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के 284 प्रशिक्षार्थियों को टैबलेट वितरित किए साथ ही उनको उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनायें व बधाई दी और इनका प्रयोग सिर्फ पढाई के काम में करने की सलाह दी। उन्होंने इस अवसर पर छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि उप्र के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ द्वारा अपनी सरकार के पहले 100 दिन की कार्य सूची में टैबलेट वितरण कार्यक्रम को प्रमुखता दी गई है। जिसके अन्तर्गत जिले स्तर पर छात्र-छात्राओं को टैबलेट वितरण किया जा रहा है। विशिष्ट अतिथि परियोजना निदेशक यू के सिंह ने इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को सम्बोधित किया और सरकार द्वारा जनजाति विकास हेतु चलाये जा रहे कार्यक्रमों के बारे में बताते हुए उनकी प्रगति से अवगत कराया। विशिष्ट अतिथि तहसीलदार आशीष कुमार सिंह ने इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए यह संदेश दिया कि युवाओं को जिन्दगी बेहतर बनाने के लिये अपने कार्य को मेहनत और लगन से करने सलाह देते हुए कहा कि, अगर इस समय को मौज मस्ती में गुजार देगे तो जीवन भर संघर्ष करना पड़ेगा। पूर्व कार्यदेशक अनूप सिंह ने योजना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रत्येक क्षेत्र में आज के दौर में शिक्षा इण्टरनेट के माध्यम से प्रदान करने जाने लगी है और कई छात्र ऐसे है जो अपनी आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण आधुनिक उपकरणों का उपयोग नहीं कर पाते है। इन टैबलेटों के द्वारा आने वाले समय में छात्र पढाई करने के पश्चात नौकरी आसानी से सर्च करके आवेदन भी कर सकेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रधानाचार्य, जी.आई.टी.आई., जीतेन्द्र कुमार सक्सेना द्वारा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन ओजस्वी वक्ता प्रशांत बाजपेयी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आईटीआई के कार्यदेशक कृष्ण मोहन सिंह, नरेश कुमार, श्रृंखला मिश्रा, कीर्ति गुप्ता, दिनेश कुमार, प्रदीप कुमार, प्रवीण कुमार, महादेव का विशेष योगदान रहा।

# अफसरों व सभासदों के साथ हुई विकास पर चर्चा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। शनिवार को विकास भवन के प्रेरणा सभागार में जल निगम , सेतु निगम व विद्युत विभाग, डूडा व पालिका के अफसरों की मौजूद्गी में सुल्तानपुर विाायक विनोद सिंह ने कहा नगर का समग्र विकास उनके चुनावी एजेंडे में था जिसे वह प्राथमिकता पर कराना चाहते हैं । नगरपालिका के सदस्य विकास की महत्वपूर्ण इकाई है सभी के साथ सभी के सुझाव पर अमल करते हुए नगर क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था बेहतर की जाएगी। जल निगम के कर्मचारियों के सहयोग से शहर की खुदी हुई सड़कें यथाशीघ्र ठीक कराई जाएगी। डूडा विभाग से केंद्र व राज्य द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाया जाएगा। बैठक में विाायक विनोद सिंह ने सभी सदस्यों से वार्ड की समस्याओं के बाबत पत्र मांगा जिसे संबंाित विभागों के अाकिारियों को देते हुए आगामी पखवाड़े भर में कार्य योजना बनाकर निस्तारण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा नगर के विकास में ान आड़े नह आएगा वह अपनी विाायक निाि से भी 50 लाख रूपए तक मदद के लिए तैयार है। नगर के लगभग सभी सभासदों ने विाायक की इस पहल के लिए ान्यवाद ज्ञापित किया । वार्ड में जर्जर खंभे, बांस बल्लीयों पर लगी हुई विद्युत लाइनों का मुद्दा उठाया। सभासद विनोद पांडे व विजय कुमार सेक्रेटरी ने पंचरास्ते से लेकर दरियापुर तक जल निगम द्वारा खोदी गई सड़क का मुद्दा उठाया। दरियापुर के सभासद राजदेव शुक्ला ने वार्ड में हाईटेंशन लाइन को हटाकर जनता को सुरक्षित करते हुए भूमिगत केबल लगाकर विद्युत सप्लाई चलाए जाने की मांग की। दरियापुर वार्ड में होने वाले जलभराव के लिए योजना के अंतर्गत सीवेज लाइन डालकर जलभराव की समस्या मुक्त करने का पत्र विाायक को सौंपा। सभासद डक्टर संतोष सिंह ने श्मशान घाट से लेकर गोमती पुल तक गोमती रिवरफ्रंट की तर्ज पर कारीडोर बनाए जाने की मांग की। उन्होंने श्मशान घाट के नाले पर बंाा लगाए जाने के लिए कहा जिससे बाढ़ के समय इलाके में जलभराव से निजात मिल सके। सभासद अजय सिंह, मनीष जयसवाल, आत्मजीत सिंह टीटू, अरूण कुमार सिंह, मंगरू प्रजापति, अमोल बाजपेई, सुाीर तिवारी, अफजल अंसारी, मोहम्मद आजम, मो सज्जाद, प्रीति शर्मा, राकेश जयसवाल, विनोद पांडे, सभासद प्रतिनिाि संजय कप्तान, दिनेश चौरसिया, रमेश सिंह टिन्नू, अनुराग श्रीवास्तव, प्रवीण मिश्रा, हाफिज भाई आदि ने अपने क्षेत्र में बिजली व खम्बो से संबंाित समस्याओं से अवगत कराया।

### डीएम द्वारा वन स्टाफ सेंटर का किया गया औचक निरीक्षण, निर्देश

पीलीभीत।डीएम पुलकित खरे ने जिला अस्पताल में स्थित सखी वन स्टाफ सेन्टर का औचक निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान वन स्टाफ सेन्टर के बाहर खाली जगह की साफ सफाई करने के साथ साथ बन्द पड़े कमरे की साफ सफाई कर बच्चों हेतु प्ले रूम के रूप में विकसित करने के दिशा निर्देश दिये गये इस दौरान उन्होंने नवनिर्मित भवन की व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गयें निरीक्षण के दौरान वन स्टाफ सेंटर में 6 महिलाएं आवासित पाई गई महिलाओ को उपलब्ध कराई जा रही विधिक एवं अन्य सुविधाओं के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुये आवश्यक निर्देश दिये इस दौरान वन स्टाफ सेंटर के पास टूटी हुई वाउण्ड्रीवाल चिकित्साधिकारी पुरूष को तत्काल ठीक कराने के निर्देश दिये गये यदि कोई आवागमन हेतु कोई वाउण्ड्री तोड़ता है तो उसके विरूद्व एफआईआर दर्ज कराई जाये डीएम ने निरीक्षण के समय वन स्टॉप सेन्टर में रिक्त पदों के संबंध में जानकारी प्राप्त की डीपीओ द्वारा बताया गया कि इस समय वन स्टॉप सेंटर में रिक्त पदों के चयन की प्रक्रिया क्रियाशील है शीघ्र ही साक्षात्कार की अनुमति हेतु पत्रावली डीएम के समक्ष प्रस्तुत कर दी जाएगी डीएम द्वारा चयन प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए इस दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी,सीएमओ आलोक कुमार,मुख्य चिकित्सा अधीक्षक पुरूष और महिला सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे ।

# मंत्रोच्चारण के साथ हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न, पूजा पाठ शुरू

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुड़वार/सुल्तानपुर। स्थानीय कुड़वार थाना क्षेत्र के राजापुर बाजार में शुक्रवार शाम को दिल्ली के बीजेपी सांसद व भोजपुरी अभिनेता मनोज तिवारी चल रहे नवनिर्मित श्रीहनुमान मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के अंतिम दिन शामिल हुए। साथ में प्रतापगढ़ के बीजेपी सांसद संगम लाल गुप्ता, इसौली विाानसभा प्रत्याशी रहे ओमप्रकाश पाण्डेय बजरंगी, यथार्थ मानस सेवा ट्रस्ट की प्रदेश सचिव पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी अपने परिवारजनों व शुभचिंतकों के साथ राजापुर बाजार में मौजूद रह। आपको बताते चलें कि कुड़वार थाना क्षेत्र के राजापुर बाजार में श्री हनुमानजी के नवनिर्मित मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान रविवार से शुरू हुआ और शुक्रवार देर शाम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के आयोजक क्षेत्र के अखिलेश चंद्र शुक्ला ने बताया कि दिल्ली के बीजेपी नेता व सांसद मनोज तिवारी व प्रतापगढ़ जिले के सांसद संगम लाल गुप्ता को नवनिर्मित हनुमान जी के मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान का समापन सांसद मनोज तिवारी के हाथों वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ।



### कार्यक्रम की अनुमति न होने से सख्त दिखा स्थानीय पुलिस प्रशासन

उत्तर प्रदेश में लगातार दूसरी बार बीजेपी की सरकार का गठन अभी हाल में ही संपन्न हुआ है। योगी आदित्यनाथ दुबारा मुख्यमंत्री की कुर्सी पर आसीन हैं। मुख्यमंत्री योगी जी पार्ट टू में और भी शख्त दिखाई दे रहे हैं। प्राासन को अलर्ट पर रखा गया है। अपराियों की अवैा संपत्तियों को जब्त किया जा रहा है अथवा बुल्डोजर से ढ़हाया जा रहा है। माननीय न्यायालय के आदेश का अनुपालन कराते हुए मुख्यमंत्री ने सभी ाार्मिक स्थलों से लाउडस्पीकर उतरवाए जाने की अनुमति सभी जिलााकािरियों को निर्देशित किया गया है। साथ ही किसी बड़े कार्यक्रम में जिले के जिलााकािरी अथवा उपजिलााकािरी के अनुमति जानकारी के बगैर किया जाता है तो पुलिस प्रशासन को कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया है। जिले के कुड़वार राजापुर बाजार में नवनिर्मित हनुमान मंदिर पर बड़े आयोजन को लेकर उपजिलााकािरी सीपी पाठक की बिना (इजाजत)अनुमति के कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसके चलते कुड़वार थानायक्ष रवि कुमार सिंह व पुलिस टीम सख्त दिखाई दी। हालांकि जनभावनाओं को देखते हुए कार्यक्रम को शांति पूर्वक संपन्न कराया गया। इस अवसर पर आयोजक अखिलेश चंद्र शुक्ला, बहुचर्चित समाजसेविका मनीषा पाण्ड़ेय,पूर्व विस प्रत्याशी ओमप्रकाश पांडेय बजरंगी, श्री नारायण पाण्डेय, कई क्षेत्रीय बीजेपी नेताओं समेत कई गणमान्य जन नवनिर्मित हनुमान जी महाराज के मंदिर प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के अंतिम दिन शुक्र्रवार को राजापुर बाजार में मौजूद रहे।

# महिला ने ड्राईराशन न मिलने पर बीएमएम सहित अन्य पर अभ्रदता का आरोप, दी तहरीर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिसौली । बिसौली ब्लाक में शुक्रवार को एक महिला सखी समूह ने ब्लाक पर तैनात उख्रख्र जगमोहन एवम् एक अन्य के खिलाफ अश्लील हरकतें और अभ्रद्रता का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर देकर कार्यबाही की गुहार लगाई है । योगी सरकार महिलाओं को सशक्त व आत्मनिर्भर बनाने के लिए तमाम अभियान चलाए जा रहे हैं इसके बावजूद महिलाओं पर अत्याचार कम होने का नाम नहीं ले रहे । एक तरफ जहां सरकार के अधीनस्थों पर महिलाओं द्वारा गंभीर आरोप लगाए जाते हैं। वहीं सरकार के अधीनस्थो द्वारा ही महिलाओं को सशक्त व आत्मनिर्भर बनाने के लिए अभियान चलाए जा रहे हैं । आखिर कहां गया योगी सरकार का नारी सुरक्षा कानून बाल पुष्टाहार विभाग के कर्मचारी पर एक समूह सखी ने अभ्रदता व अश्लील हरकत करने का आरोप लगाया है। जिसकी शिकायत महिला ने बिसौली कोतवाली पुलिस को देकर न्याय की गुहार लगाई है । पूरा मामला बदायूं जिले के बिसौली ब्लाक का है जहां एक गाँव की समूह सखी महिला शुक्रवार को ब्लाक पर अपना ड्राईराशन रिसीव करने आई थी समूह सखी नेहा वार्ष्णेय ने बताया कि वहां मौजूद उख्रख्र जगमोहन और रघुराज ने ड्राई राशन रिसीव करने से मना कर दिया जब समूह सखी नेहा वार्ष्णेय राशन रिसीव ना कराने का कारण पूछा तो उन्होंने कहा कि आप के खिलाफ एक शिकायत आई है समूह सखी ने शिकायत के बारे में पूछा तो उख्रख्र और रघुराज ने समूह सखी को अकेले में आने को कहा समूह सखी नेहा वार्ष्णेय ने उख्रख्र और रघुराज पर अश्लील हरकतें करने का आरोप लगाया है समूह सखी ने बताया कि इसकी शिकायत एख्र्म से की गई तो उन्होंने भी धमकाते हुए वहां पर जाने के लिए कह दिया समूह सखी ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की गुहार लगाई है । समूह महिला द्वारा थाने में दी तहरीर के बारे में प्रदीप कुमार पांडे ज्वाइंट डेवलपमेंट कमिश्नर के बिसौली पहुंचने मामले की जानकारी लेने पर बताया कि एसडीएम बिसौली ज्योति शर्मा को पूरे मामले की जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए गए ।

# डीएम, एसएसपी ने संपूर्ण समाधान दिवस में सुनी जन शिकायतें

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूँ। जिलाधिकारी दीपा रंजन ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 ओ0पी0 सिह, उप जिलाधिकारी राम शिरोमणि, पीडी डीआरडीए अनिल कुमार व अन्य अधिकारियों के साथ तहसील दातागंज में शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में फारियादियों की शिकायतों को सुनकर अधिकारियों को गुणवत्तापूर्वक एवं समयवद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं। डीएम ने समस्त संबंधित विभागीय अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। शिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। उन्होनें फरियादियों की फरियाद एक-एक कर सुनी और उनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होनें कहा कि जनसमस्याओं का निस्तारण शासन की प्राथमिकताओं में है सभी अधिकारी रूचि लेकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण सुनिश्चित करे। शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में 105 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिसमें से 12 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। इस अवसर पर समस्त जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# फास्ट ट्रैक कोर्ट ने दुराचार के अभियुक्त को किया दोषी करार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ 11 मई को सजा के बिन्दु पर होगा फैसला

सुलतानपुर। लंभुआ थाना क्षेत्र के एक गांव में 16 साल पूर्व किशोरी के अपहरण व दुराचार के मामले में फास्ट ट्रैक कोर्ट के न्यायाीश कल्प राज सिंह ने अभियुक्त संतोष कुमार मिश्र को दोषी करार दिया है। अभियुक्त को जेल भेज दिया गया है जिसे तलब कर बुावार को सजा सुनाई जाएगी। एडीजीसी दान बहादुर वर्मा के मुताबिक विद्यालय में पढ़ने जा रही एक नाबालिग किशोरी का अपहरण हो गया था। 3 नवंबर 2006 की घटना में जयशंकर तिवारी, प्रमोद, विजय तिवारी, विनोद, शेखर तिवारी, प्रदीप, सुनील और सतीश आदि पर बलवा,मारपीट और अपहरण का मुकदमा दर्ज हुआ था। जिन्हें बाद में पुलिस ने क्लीन चिट दे दी थी। पीड़ित पक्ष की गवाही के बाद इन आरोपियों को मुकदमे में फिर विचारण के लिए तलब गया किया गया। जिसके बाद आरोपियों ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की जहां से उनके खिलाफ कार्रवाई पर रोक लगा दी गई है। जिस कारण उनकी पत्रावली अलग कर दी गई। अभियुक्त संतोष कुमार मिश्र को कोर्ट ने दुराचार के आरोप में दोषी करार दिया है जिसे जेल से तलब कर 11 मई को सजा सुनवाई की जाएगी। इसी मामले में आरोपी के पिता रामराज और मां उषा देवी को कोर्ट ने अपहरण के आरोप से बरी कर दे दिया है।

### मुफ्ती सैय्यद वाक़िफ अली ने दसियों वर्षों से शांति और सुकून के माहौल में ईद की नमाज़ अदा कराई, किया स्वागत

बिसौली/सैदपुर। ईदगाह अहले सुन्नत वल जमाअत में ख़तीब व इमाम हज़रत मुफ्ती सैय्यद वाक़िफ अली साहब ने पिछले दसियों वर्षों की तरह इस वर्ष भी शांति और सुकून के माहौल में ईद उल फितर की नमाज़ अदा कराई। वहीं हज़ारों की तादाद में लोगों ने नमाज़ अदा की। जिसके चलते लोगों ने उनका फूलमालाओं से स्वागत किया। उधर हमेशा की तरह अलग-अलग वक्त पर बस्ती की मस्जिदों में भी नमाज अदा की गई। बतादें कि इस वर्ष ईद से दो दिन पहले कुछ असामाजिक लोगों ने माहौल बिगाड़ने की कोशिश की तो एसडीएम ज्योति शर्मा व सीओ शक्ति सिंह बिसौली ने क़ानून का कड़ाई से पालन करते हुए सुरक्षा की बेहतरीन व्यवस्था बनाई। आखिर में पेशे इमाम मुफ्ती सैय्यद वाक़िफ अली साहब ने लोगों को सही रास्ते पर चलने की और क़ौमो मुल्क की शांति व सलामती के लिए दुआएं मांगी और प्रशासन का शुक्रिया अदा किया।

### महिलाओं की जागरुकता के लिए किया गया जागरुक

बदायूँ । मिशन शक्ति अभियान, महिला सुरक्षा विशेष अभियान के अंतर्गत महिला रिपोटिंग थाना उघैती महिला कॉन्स्टेबल रेनू व महिला कॉन्स्टेबल कविता द्वारा ग्राम करियामई में बालिकाओं व महिलाओं की मीटिंग ली गई, जिसमें बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान के विषय में चर्चा की गई। महिला हेल्पलाइन नंबर 181, वूमेन पावर लाइन नंबर 1090, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076, आपातकालीन नंबर 112, स्वास्थ्य सेवा नंबर 102, एंबुलेंस नंबर 108, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। महिला सुरक्षा घरेलू हिंसा के विरुद्ध चुप्पी तोड़ने व उनके अधिकार के संबंध में जानकारी दी गई। बाल श्रम बाल विवाह के संबंध में जानकारी दी गई। छात्राओं को मैसेज, कॉल या सोशल मीडिया के ज़रिए परेशान करने वालों को कैसे सबक सिखाया जाता है इसके लिए भी जागरूक किया। लड़कियों व महिलाओं के साथ मारपीट, छेड़छाड़ से बचाव संबंधित जागरूक कर अन्य संबंधित जानकारी दी गई। इस प्रकार के कार्यक्रम इस्लामनगर में चलाए गए।

### 115 किसानों से 2209.50 कु0 की हुई खरीद

बदायू । जिला खाद्य विपणन अधिकारी अतुल कुमार वशिष्ट ने अवगत कराया है कि जनपद बदायूँ में 135 गेहूँ क्रय केन्द्र जिलाधिकारी दीपा रंजन द्वारा अनुमोदित किये गये हैं। शुक्रवार तक जनपद में 98 गेहूँ क्रय केन्द्रों पर 2209.50 कु0 की 115 किसानों से खरीद हो गयी है। बाजार में गेहूँ के दाम अधिक होने के कारण किसान अपना गेहूँ केन्द्रों पर नहीं ला रहे हैं। गेहूँ खरीद में प्रगति लाने हेतु गेहूँ क्रय केन्द्रों के प्रभारी अपने क्षेत्र के किसानों से सम्पर्क करते हुए उन्हें सरकारी गेहूँ क्रय केन्द्रों पर गेहूँ विक्रय करने हेतु प्रेरित कर रहें है, गेहूँ खरीद में तेजी लाने हेतु लगतार प्रयासरत है।

### निशानेबाज वर्तिका पर जारी वारंट कोर्ट ने रोका

सुलतानपुर। प्रधानमंत्री तथा आयुष राज्य मंत्री भारत सरकार को संदर्भित पत्र में कूट रचना कर धोखाधड़ी करने की आरोपी अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज वर्तिका सिंह पर जारी वारंट पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट किरन गोंड ने पर रोक लगाते हुए कार्रवाई को स्थगित कर दिया है। अन्तर्राष्ट्रीय निशानेबाज वर्तिका सिंह के अविक्ता अरविंद सिंह राजा ने बताया कि सीजेएम कोर्ट के आदेश के खिलाफ उसने रिट याचिका दाखिल की थी। जिस पर हाईकोर्ट ने जारी वारंट की कार्यवाही पर रोक लगाते हुए 11 मई तक वर्तिका सिंह पर की गई कार्रवाई को स्थगित कर दिया गया था। हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन में सीजेएम कोर्ट ने वर्तिका पर जारी वारंट स्थगित करने का आदेश दिया है। मामले मे अगली सुनवाई के लिए 2 जून की तिथि नियत की गई है।

### सीएम के विधानसभा उपचुनाव में जीत सुनिश्चित करने के लिए व्यापारियों के साथ किया मीटिंग, बनाई रणनीति

पीलीभीत। आगामी चम्पावत विधानसभा उपचुनाव के दृष्टिगत बनबसा के प्रमुख व्यापारी मनोज मित्तल के आवास पर पीलीभीत युवा व्यापार मण्डल जिलाध्यक्ष कपिल अग्रवाल ने बनबसा नगर के प्रमुख व्यापारियों की एक बैठक ली और बैठक में व्यापारी समाज से तन मन धन से उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को सहयोग करने हेतु आग्रह किया तथा बनबसा नगर की समस्याओं पर चर्चा की बैठक में उपस्थित सभी भामाशाहों ने एक स्वर में आगामी चुनाव में भाजपा को एकजुट होकर समर्थन करने के प्रति दृढ़ प्रतिज्ञता व्यक्त की। बैठक में बनबसा व्यापार मंडल महामन्त्री अभिषेक गोयल,मनोज मित्तल, अंकुर गोयल, विकास अग्रवाल, संजय अग्रवाल,कपिल भार्गव, संजय पारिख,रोहित अग्रवाल, हर्षित गोयल,आशीष गर्ग, विकास थापा,पंकज मुरारी,शिव नारायण साहू समेत अनेकों प्रमुख व्यापारी उपस्थित रहे बैठक में बाद युवा व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष कपिल अग्रवाल ने बनबसा भारतीय जनता पार्टी मण्डल अध्यक्ष संदीप पाठक के प्रतिष्ठान पर जाकर से उनसे आगामी चुनाव की रणनीति पर चर्चा की हैं ।

# संपूर्ण समाधान दिवस पर कमिश्नर ने सुनी समस्याएं, 12 का निस्तारण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बिसौली । शासन प्रशासन के निर्देश अनुसार कोरोना काल के बाद दूसरा संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया प्रत्येक महीने में प्रथम व तृतीय शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। ज्योति शर्मा एसडीएम बिसौली के अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ जिसमें तहसीलदार अशोक कुमार सैनी नायब तहसीलदार की मौजूदगी में जनता की जन समस्याओं सुनकर संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए जा रहे थे तभी अचानक ज्वाइंट डेवलपमेंट कमिश्नर प्रदीप कुमार पांडे संपूर्ण समाधान दिवस पर बिसौली आ पहुंचे और जनता की जनसमस्याओं को सुना । संपूर्ण समाधान दिवस पर आम जनमानस द्वारा कुल 66 शिकायतें मौके पर आई जिसमें कमिश्नर द्वारा मौके पर राजस्व विभाग,राशन खाद्यान्न आपूर्ति विभाग सहित विकास कार्यो से सम्बंधित 12 शिकायतों का निस्तारण कराया गया । संपूर्ण समाधान दिवस पर जन समस्याएं सुनने के दौरान प्रदीप कुमार पांडे ज्वाइंट डेवलपमेंट कमिश्नर, ज्योति शर्मा उप जिलाधिकारी, अशोक कुमार सैनी तहसीलदार सहित बिसौली तहसील क्षेत्र के समस्त विभाग के अधिकारी मौजूद रहे ।

# गर्म हवाओं या लू से ऐसे करें बचाव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। जिला आपदा प्रबन्ध प्राधिकरण बदायूँ द्वारा जानकारी दी गई है कि गर्म हवाओं अथवा लू से बचाव हेतु क्या करें, क्या न करें, जिसमें बताया गया है कि पर्याप्त मात्रा में पानी या तरल पदार्थ जैसे छाछ, नीबू का पानी, आम का पना का उपयोग करें। हल्के रंग के सूती एवं पसीना शोषित करने वाले हल्के वस्त्र पहलें एवं सर का ढकें एवं कड़ी धूप से बचें। लू से प्रभावित व्यक्ति को छाया में लिपटा कर सूती गीले कपड़े से पोंछे अथवा नहलायें तथा चिकित्सक से सम्पर्क करें। लू लगने से लक्षणों को पहचाने, यदि कमजोरी लगे, सिर दर्द हो, उल्टी महसूसू हो, तेज पसीना और झटका जैसा महसूस हो, चक्कर आये तो तुरन्त चिकित्सक से सम्पर्क करें, बीमार गर्भवती महिला कार्मिकों को अतिरिक्त सावधानी बरतनी चाहिए। विशेष तौर पर दोपहर 12 बजे से 03 बजे के मध्य सूर्य की रोशनी में जाने से बचें। यात्रा करते समय पीने का पानी अपने साथ ले जायें। निर्जलीकरण से बचने के लिए ओआरएस का प्रयोग करें। स्थानीय मौसम के पूर्वानुमान को सुने और आगामी तापमान में होने वाले परिवर्तन के लिए सतर्क रहें। बच्चों तथा पालतू जानवरों को बन्द गाडियों में न छोड़े। जहाँ तक सम्भव हो घर में ही रहें और सूर्य के सम्पर्क से बचें। सूर्य के ताप से बचने के लिए जहाँ तक सम्भव हो घर की निचली मंजिल पर ही रहें। सन्तुलित, हल्का व नियमित भोजन करें। अधिक प्रोटीन वाले तथा बासी खाद्य पदार्थ से बचें। आपात स्थिति से निपटने के लिए प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण लें। जानवरों को छाया में बांधें और उन्हें पर्याप्त मात्रा में पानी पिलायें। उक्त जानकारी अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संतोष कुमार वैश्य द्वारा दी गई है।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 'मदर्स डे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। करौंदिया (विवेक नगर) स्थित कमला नेहरूइंस्टिट्यूट अफ चाइल्ड एजुकेशन में 'मदर्स डे बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की व्यवस्थापक आशा सिंह के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके हुआ। प्ले ग्रुप, जूनियर केजी, सीनियर केजी, कक्षा 1 व 2, कक्षा- 6-7 के छात्र-छात्राओं ने डांस, नाटक, गीत प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। प्रेप के विद्यार्थियों ने लकड़ी की काठी गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। जूनियर केजी के विद्यार्थियों ने गलती से मिस्टेक गीत पर नृत्य, सीनियर केजी के विद्यार्थियों ने बम-बम भोले गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया व कक्षा 1 व 2 के विद्यार्थियों ने उंगली पकड़ कर गीत पर नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कक्षा 6 की छात्र-छात्राएं आयुष्मान सिंह, अंशिका सिंह, आर्या, यशस्वी पांडेय व श्रीश ने मदर्स फीलिंग नाटक का मंचन किया। कक्षा 9 का छात्र .ष्णा त्रिपाठी ने मेरी मां के बराबर कोई नह गीत गाकर लोगों का मन मोह लिया। वही कक्षा- 9 की छात्र-छात्राएं जोया अफरोज, प्रियांशी शुक्ला, आयुष यादव, .ष्णा त्रिपाठी ने मेरी मां गीत गाया जो कि कर्णप्रिय रहा। मदर्स डे के शुभ अवसर पर 100 माताएं उपस्थित रह। जिनमें 80 माताओं ने चिट गेम संबंाी खेल, रैंप वक, का हिस्सा बनी। इस खेल में 'मदर अफ द डे नेहा सिंह और 'एक्टिविटी क्वीन अंकिता पाल रह। विद्यालय की व्यवस्थापक आशा सिंह ने छात्र-छात्राओं की माताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पूरे जीवन भर हमारी माताएं हमारा लालन पालन करती हैं तथा हमें एक सुरक्षित जीवन और अच्छे संस्कार देती हैं, इसलिए हमें माताओं का सम्मान करना चाहिए। राष्ट्रपति तथा डिरोजियो सम्मान से सम्मानित प्राानाचार्य ड एन डी सिंह ने कहा कि निस्वार्थ प्रेम का सबसे अच्छा उदाहरण एक मां है। उक्त अवसर पर विद्यालय की शिक्षक- शिक्षिकाएं तन्वी गोयल, रेनू सिंह, सी बी सिंह, अनिल कुमार यादव, शैलेंद्र उपायाय, ज्योति श्रीवास्तव, गीता मिश्रा, श्वेता सिंह, शीलू गुप्ता, जगराम भार्गव, देवब्रत सिंह, विनय मौर्य आदि मौजूद रहे।

# शिक्षक संघ संयुक्त कार्यसमिति बैठक सम्पन्न

❒ विविध समस्याओं के निस्तारण के लिए उच्च अधिकारियों से मिलेंगेः निज़ाम खान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। कुड़वार ब्लॉक संशाधन केंद्र पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ कुड़वार इकाई की संयुक्त कार्य समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष निज़ाम खान ने किया।बैठक में शिक्षकों के विविध समस्याओं के निस्तारण पर चर्चा हुई।सदन में नवनियुक्त शिक्षकों का एरियर और वेतन आदेश ,एक ही पद पर दस वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके शिक्षकों के चयन वेतनमान स्वीकृति निस्तारण ,बढ़ती महंगाई के सापेक्ष तीन वर्षों से स्थिर मध्यान्ह भोजन की लागत दर बढ़ाने हेतु विभाग सूचित कर ने की चर्चा ब्लॉक के शिक्षकों के समस्याओं के संग्रह के साथ सदस्यता अभियान चलाने पर जोर दिया गया इत्यादि बिंदुओं पर चर्चा हुई। अध्यक्ष निज़ाम खान ने सदन के सदस्यों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उपरोक्त समस्त बिंदुओं के दृष्टिगत समस्याओं के निदान हेतु जनपद के उच्च अधिकारियों से सम्पर्क कर निस्तारण कराने का आश्वसन दिया। शासन के मंशानुरूप नामांकन निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करने के लिए डोर टू डोर ग्रामीणों एव अभिभावकों से सम्पर्क करें। जिससे शत-प्रतिशत नामांकन में बृद्धि हो। संरक्षक सुहेल सिद्दीकी, मंत्री बृजेश मिश्रा ,वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्याम सुंदर यादव, उपाध्यक्ष सिकन्दर वर्मा ,विनय पाण्डेय ऑडिटर ,संगठनमंत्री राजमणि यादव,ने भी सम्बोधित किया।कोषाध्यक्ष मुहम्मद मुज्तबा ने आय व्यय प्रस्तुत किया।इस मौके पर आदर्श वेलफ़ेयर एसोसिएशन शिक्षामित्र संघ के अध्यक्ष प्रदीप यादव भी अपने विचार रखे ।बैठक में राज बहादुर यादव,भारत यादव,वीरेंद्र तिवारी टाइगर,. फैज़ उल्लाह अंसारी,सुशांत मिश्र, आदि लोग उपस्थित रहे।

# एकता ही विविधता में परिलक्षित होती है

आए दिन यह तर्क किसी न किसी कोने से तथाकथित बुद्धिजीवी वर्ग पेश करता रहता है कि भारत की विविधता की अनदेखी हो रही है। वह बड़े निश्चय के साथ अपना सुचिंतित संदेह कुछ इस तरह से व्यक्त करता है मानो 'भारत' कोई एकल रचना न थी, न है और न उसे होना चाहिए। इस तरह की सोच की प्रेरणाएँ विभिन्न अवसरों पर उभार लेती रहती हैं और भारत की अंतर्निहित स्वाभाविक एकता को संदिग्ध बना कर उसे प्रश्नांकित करने की चेष्टा करती रहती हैं। भारत की विविधता ही उसका स्वभाव है, ऐसा रेखांकित करते हुए और उसी का बखान करते हुए एकता की समस्या खड़ी की जाती है और उसको पैदा करने की संभावना तलाशी जाती है । इस तरह की स्थापना के लिए भाषा, धर्म, जाति, रंग, वेश-भूषा, खान-पान, क्षेत्र और प्रथा आदि को दिखाया जाता है। नाना प्रकार की विविधताओँ को विशदता से पहचनवाते हुए भारत एक विविधता का नाम है, यह प्रतिपादित करते हैं। यह सच है कि दृश्य जगत में मिलने वाली विविधता की कोई सीमा नहीं है और न हो ही सकती है। हम सभी देखते हैं क़ि प्रत्येक विविधता से कुछ और विविधताएँ भी पैदा होती रहती हैं। विविधताओं का विस्तार हर किसी का प्रत्यक्ष अनुभव है। हम अक्सर पाते हैं कि एक ही माता-पिता की अनेक संतानें होती हैं जो स्वभाव और रंग-रूप आदि विशेषताओं में एक-दूसरे से भिन्न भी होती हैं। यहाँ तक कि जुड़वां बच्चों में भी अंतर पाए जाते हैं पर उस भिन्नता से माता-पिता से उनका निरंतर सम्बन्ध कमतर या असंगत नहीं हो जाता। इस सामान्य अनुभव को किनारे रख भारत की एकता को नक़ली और प्रायोजित घोषित करते हुए विविधता के शास्त्र को बड़ी तेज़ी से आगे बढ़ाने में हमारे प्रगतिशील विचारक महानुभाव सतही जानकारियों का अम्बार लगाते हुए विविधताओं की नई-नई क़िस्में खड़ी करते नहीं थकते। उनका स्थायी भाव यही रहता है कि विविधता प्राणदायी है और उसकी हर क़ीमत पर रक्षा की जानी चाहिए (विविधता बची रहेगी तो एकता आ ही जायगी!) । विविधता का उत्सव मनाते हुए इन विशेषज्ञों को विविधता ही मूल लगती है इसलिए वे विखंडन में ही भविष्य देखते हैं। वे यह यह भूल जाते हैं कि विविधता भी किसी एकता के सापेक्ष ही हो सकती है और सोची-समझी जा सकती है। यदि मूल का उच्छेदन करते हुए सिर्फ प्रकट विविधता पर ही ध्यान देते रहेंगे तो सत्य का केवल आंशिक और अधूरा परिचय होगा और गलत निष्कर्ष पर पहुंचा जायगा। इस अधकचरे ज्ञान से उपजने वाली विखंडन की प्रक्रिया आत्मघाती हो जाती है। इस तरह की सोच में बिना पूर्वापर का विचार किए किसी एक मूल से पैदा होने वाली हर नई इकाई एक-दूसरे से स्वतंत्र हो जाती है और अन्य इकाइयों से प्रतिस्पर्धा में द्वन्द करती खड़ी होती है। यह बात आसानी से देखी जा सकती है कि इस तरह की विखंडनकारी परियोजनाओं की तार्किक परिणति प्रायः हिंसा में घटित होती दिखाई पड़ती है। यह तो जड़ को काटने या उखाड़ने जैसी बात लगती है जिसके फलस्वरूप पूरे वृक्ष की सभी शाखा-प्रशाखाएँ निर्जीव या परोपजीवी हो जाएँगी। भारत को स्वभावतः बिखरा हुआ और परस्पर असम्बन्धित देखने की प्रवृत्ति भारत के की प्रकृति, इतिहास और संरचना के सत्य को अनदेखी करती है। वास्तविकता यह है कि भारत की विविधताएँ ख़तरे में हैं, इसका नारा देते हुए विविधताओं का उपयोग सिर्फ़ अपने सीमित अहंकार की पुष्टि और तात्कालिक हितों की तुष्टि के लिए ही किया जाता है। इस युक्ति का उपयोग करते समय यह भुला दिया जाता है कि भारत की मौलिक एकता और राष्ट्र के साथ रागात्मक सम्बंध की अनुगूँज ऋग्वेद से आरंभ होकर रामायण, महाभारत, विष्णु पुराण आदि से होते हुए रवि ठाकुर, सुब्रह्मन्य भारती, मैथिलीशरण गुप्त और रामधारी सिंह दिनकर समेत अन्यान्य रचनाकारों तक विस्तृत होता आ रहा है। सहृदयता के साथ सौमनस्य का स्वीकार और प्रसार का लक्ष्य समरसता और पारस्परिक निकटता की भावना से ही संभव हो पाता है। यह पृथ्वी नाना धर्म वालों और विविध भाषाओं को बोलने वालों का भरण-पोषण करती है । इसी अर्थ में भूमि माता है । देवता और मनुष्य भिन्न होते हुए भी परस्पर एक दूसरे पर निर्भर माने गए हैं , यहाँ तक कि भक्त जितना भगवान पर निर्भर होता है उतना ही भगवान भी भक्त पर निर्भर होते हैं । यही सोच कर यह आकांक्षा बार-बार की जाती रही कि विविधवर्णी समाज में बुद्धि, हृदय और मन सभी समान हों।

# धार्मिक-सामाजिक एजेंडे का क्या जवाब?

> हिंदी की तरह ही कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटा कर उसका विशेष राज्य का दर्ज खत्म करने का मुद्दा है। कश्मीर की पार्टियों और वामपंथी दलों को छोड़ दें तो किसी विपक्षी पार्टी ने इसका विरोध नहीं किया। कांग्रेस और उसकी सहयोगी पार्टियों का विरोध इतने तक सीमित है कि केंद्र सरकार जम्मू कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्ज बहाल करे और विधानसभा के चुनाव कराए। सोचें, साढ़े तीन साल से कश्मीर में राष्ट्रपति शासन है और देश की सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी सहित किसी की हिम्मत नहीं है कि वह इसके खिलाफ सड़क पर उतरे और आंदोलन करे कि कश्मीर में लोकतांत्रिक व्यवस्था बहाल हो। विपक्ष को पता है कि कश्मीर का मुद्दा बेहद संवेदनशील है और उसे छेड़ना भारी पड़ सकता है। असल में नरेंद्र मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में भाजपा और सरकार ने खुद ऐसा एजेंडा सेट किया है, जिस पर विपक्ष की चुप रहने की मजबूरी है। अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हो या काशी कॉरिडोर का निर्माण हुआ, विपक्ष इनका विरोध नहीं कर सकता है। दबे स्वर में एकाध टिप्पणियों के अलावा इन मुद्दों पर विपक्ष की मौन सहमति रही। नागरिकता संशोधन कानून यानी सीएए के खिलाफ देश भर में आंदोलन हुआ लेकिन इस आंदोलन का नेतृत्व विपक्ष नहीं कर रहा था। मुस्लिम संगठनों और आम मुस्लिम आवाम ने इसके विरोध में आंदोलन किया इसलिए सरकार की सेहत पर इसका रत्ती भर असर नहीं हुआ। उलटे भाजपा को इससे राजनीति के ध्रुवीकरण में मदद मिली। असम इस आंदोलन का एक केंद्र था, जहां पिछले साल हुए चुनाव में एक बार फिर भाजपा का गठबंधन भारी बहुमत से जीता। अभी देश भर में हनुमान चालीसा का मुद्दा छाया हुआ है। अजान बनाम हनुमान चालीसा के इस विवाद में विपक्ष को समझ में ही नहीं आ रहा है कि वह क्या करे। कहीं धार्मिक स्थलों से लाउडस्पीकर उतारे जा रहे हैं तो कहीं मुफ्त लाउडस्पीकर बांट कर धर्मस्थलों पर लगाए जा रहे हैं। विपक्ष किंकर्तव्यविमूढ़ है। रोटी, कपड़ा और मकान की जगह नया नैरेटिव बना दिया गया है।

कांग्रेस और दूसरी विपक्षी पार्टियां कैच-22 सिचुएशन में हैं। उनकी स्थिति सांप-छुछुंदर वाली हो गई है। पिछले आठ साल से भाजपा की ओर से सेट किए गए एजेंडे पर प्रतिक्रिया देते देते विपक्षी पार्टियां अपना एजेंडा सेट करना भूल गई हैं और अब भाजपा की ओर से सेट किए गए एजेंडे पर प्रतिक्रिया देने की स्थिति में भी नहीं हैं। भाजपा अब ऐसा एजेंडा सेट कर रही है, जिस पर कोई भी प्रतिक्रिया देना विपक्ष के लिए राजनीतिक रूप से आत्मघाती हो सकता है। सभी पार्टियां शिव सेना की तरह नहीं हैं, जो भाजपा को दो टूक जवाब दे सकें। भाजपा के एक नेता ने कहा कि बाबरी मस्जिद का ढांचा टूटा तो वे वहीं पर थे और वहां कोई शिव सैनिक नहीं था। इसके जवाब में शिव सेना ने खुल कर कहा कि शिव सैनिकों ने ढांचा गिराया और सुप्रीम कोर्ट तक में इसके सबूत हैं। शिव सेना ने लालकृष्ण आडवाणी का एक इंटरव्यू भी साझा किया, जिसमें वे कह रहे हैं कि गुंबद पर चढ़े लोग मराठी बोल रहे थे और भाजपा के नहीं थे इसलिए उमा भारती और प्रमोद महाजन की बात नहीं मान रहे थे। क्या ऐसे किसी मुद्दे पर कोई दूसरी विपक्षी पार्टी इस तरह का जवाब दे सकती है? सोचें, जब सारे मुद्दे ऐसे ही होंगे तो विपक्ष क्या जवाब देगा? भाजपा ने हिंदी का मुद्दा छेड़ा है। हिंदी को पूरे देश में संपर्क भाषा बनाने की बात केंद्रीय गृह मंत्री ने कही है। दिल्ली में सरकारी कामकाज अब हिंदी में होने लगे हैं और संसद में केंद्रीय मंत्री अब किसी भी भाषा में पूछे गए सवाल का जवाब हिंदी में देते हैं। दक्षिण भारत की पार्टियां इसका विरोध कर रही हैं। वे कर सकती हैं क्योंकि उनको हिंदी विरोध से फायदा होगा। भाषायी अस्मिता की राजनीति करने वाली कुछ और पार्टियां इसका विरोध कर सकती हैं। लेकिन कांग्रेस या उत्तर भारत की दूसरी प्रादेशिक विपक्षी पार्टियां क्या करेंगी? उनके सामने चुप रहने के सिवा कोई और रास्ता नहीं है। कांग्रेस के लिए तो चुप्पी भी कोई समाधान नहीं है क्योंकि उसे उत्तर से दक्षिण और पूरब से पश्चिम तक हर राज्य में राजनीति करनी है। अगर भाषा का विवाद बढ़ता है तो कांग्रेस को कोई स्टैंड लेना होगा और पहली नजर में कोई भी स्टैंड उसको फायदा पहुंचाने वाला नहीं होगा। हिंदी की तरह ही कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटा कर उसका विशेष राज्य का दर्ज खत्म करने का मुद्दा है। कश्मीर की पार्टियों और वामपंथी दलों को छोड़ दें तो किसी विपक्षी पार्टी ने इसका विरोध नहीं किया। कांग्रेस और उसकी सहयोगी पार्टियों का विरोध इतने तक सीमित है कि केंद्र सरकार जम्मू कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्ज बहाल करे और विधानसभा के चुनाव कराए। सोचें, साढ़े तीन साल से कश्मीर में राष्ट्रपति शासन है और देश की सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी सहित किसी की हिम्मत नहीं है कि वह इसके खिलाफ सड़क पर उतरे और आंदोलन करे कि कश्मीर में लोकतांत्रिक व्यवस्था बहाल हो। विपक्ष को पता है कि कश्मीर का मुद्दा बेहद संवेदनशील है और उसे छेड़ना भारी पड़ सकता है। असल में नरेंद्र मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में भाजपा और सरकार ने खुद ऐसा एजेंडा सेट किया है, जिस पर विपक्ष की चुप रहने की मजबूरी है। अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हो या काशी कॉरिडोर का निर्माण हुआ, विपक्ष इनका विरोध नहीं कर सकता है। दबे स्वर में एकाध टिप्पणियों के अलावा इन मुद्दों पर विपक्ष की मौन सहमति रही। नागरिकता संशोधन कानून यानी सीएए के खिलाफ देश भर में आंदोलन हुआ लेकिन इस आंदोलन का नेतृत्व विपक्ष नहीं कर रहा था। मुस्लिम संगठनों और आम मुस्लिम आवाम ने इसके विरोध में आंदोलन किया इसलिए सरकार की सेहत पर इसका रत्ती भर असर नहीं हुआ। उलटे भाजपा को इससे राजनीति के ध्रुवीकरण में मदद मिली। असम इस आंदोलन का एक केंद्र था, जहां पिछले साल हुए चुनाव में एक बार फिर भाजपा का गठबंधन भारी बहुमत से जीता। अभी देश भर में हनुमान चालीसा का मुद्दा छाया हुआ है। अजान बनाम हनुमान चालीसा के इस विवाद में विपक्ष को समझ में ही नहीं आ रहा है कि वह क्या करे। कहीं धार्मिक स्थलों से लाउडस्पीकर उतारे जा रहे हैं तो कहीं मुफ्त लाउडस्पीकर बांट कर धर्मस्थलों पर लगाए जा रहे हैं। विपक्ष किंकर्तव्यविमूढ़ है। रोटी, कपड़ा और मकान की जगह नया नैरेटिव बना दिया गया है। रोटी की जगह हलाल मीट, कपड़े की जगह हिजाब और मकान की जगह बुलडोजर ने ले ली है। इस विमर्श में विपक्ष क्या कर सकता है? कांग्रेस और विपक्ष की ऐसी मजबूरी है कि गरीबों और मजलूमों के घर पर बिना कानूनी कार्रवाई के बुलडोजर चलाने का भी वह विरोध नहीं कर पा रहा है। हलाल मीट और हिजाब के विवाद में भी कांग्रेस या दूसरी विपक्षी पार्टियों का कोई दो टूक स्टैंड नहीं है। वे गोलमोल प्रतिक्रिया देकर उम्मीद कर रहे हैं देर सबेर यह विवाद खत्म जाएगा। उनको समझ ही नहीं आ रहा है कि खत्म होने के लिए ये विवाद शुरू नहीं हुए हैं। इन्हें सुनियोजित तरीके से शुरू किया गया है और ये खत्म तभी होंगे, जब इनका राजनीतिक मकसद पूरा हो जाएगा। सोचें, लव जिहाद रोकने के नाम पर देश के कई राज्यों में अंतरधार्मिक विवाहों को प्रतिबंधित करने वाला कानून बन गया और विपक्ष क्या कर सका? एक के बाद एक राज्यों में भगवद्गीता को पाठ्यक्रम में शामिल किया जा रहा है तो विपक्ष क्या कर ले रहा है? एक के बाद एक कई राज्यों ने समान नागरिक संहिता लागू करने की दिशा में पहला कदम बढ़ा दिया है तो विपक्ष क्या कर रहा है? विपक्ष के पास चुपचाप तमाशा देखने का विकल्प है या इसी खेल में घुस जाने का विकल्प है। कई विपक्षी पार्टियों ने दूसरा रास्ता चुना है यानी वे खुद भी इसी खेल में घुस गए हैं। भाजपा और उसकी सहयोगी पार्टियों और संगठनों ने इन दिनों गौरक्षा का काम स्थगित कर रखा है और इस एजेंडे पर बहुत मंथर गति से काम हो रहा है लेकिन कांग्रेस शासित छत्तीसगढ़ में गौरक्षा का ज्यादा काम शुरू हो गया। वहां के मुख्यमंत्री गोबर खरीद रहे हैं और गोबर से बने बैग में दस्तावेज लेकर बजट पेश करने गए थे। धीरे धीरे बाकी धार्मिक-सामाजिक एजेंडे पर भी विपक्षी पार्टियों का ऐसा ही रवैया देखने को मिले तो हैरानी नहीं होगी। विपक्ष के पास ले-देकर महंगाई और बेरोजगारी का एक मुद्दा है। यह बड़ा मुद्दा है लेकिन अव्वल तो विपक्ष इसे प्रभावी तरीके से उठा नहीं पा रहा है और दूसरे सरकार ने सामाजिक विकास की अपनी योजनाओं के जरिए इस समस्या का असर काफी हद तक कम कर दिया है। अगले दो साल में महंगाई और बेरोजगारी बढ़ती है तो उसी अनुपात में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत मुफ्त अनाज की मात्रा बढ़ा दी जाएगी। पांच किलो अनाज और एक किलो दाल के साथ तेल, नमक और मसाले भी दे दिए जाएंगे। किसान सम्मान निधि के तहत मिलने वाली सालाना राशि छह से बढ़ा कर 12 हजार रुपए कर दी जाएगी। महिलाओं को मिलने वाली सहायता राशि बढ़ा दी जाएगी और आवास योजना का दायरा बढ़ा दिया जाएगा। इतनी योजनाओं के लिए सरकार के पास पैसे की कमी नहीं है। हर महीने जीएसटी की वसूली बढ़ रही है और हर साल आयकर की वसूली में भी रिकॉर्ड बढ़ोतरी हो रही है। सरकार हर साल सिर्फ पेट्रोल-डीजल पर करीब साढ़े चार लाख करोड़ रुपया वसूल रही है, उतने से ही समाज कल्याण की सारी योजनाओं का संचालन हो जाएगा। -अजीत द्विवेदी

# नकली उत्पादों पर रोक

कोविड महामारी के दौर में डिजिटल तकनीकों की उपयोगिता हर क्षेत्र में बढ़ी है। हालांकि, इनका इस्तेमाल नकली उत्पादों और सेवाओं को तैयार करने और बेचने के लिए भी हो रहा है। अमूमन, उपभोक्ता उत्पादों की गुणवत्ता के बारे में ज्यादा जानने की कोशिश नहीं करते, जिसका फायदा जालसाज उठाते हैं। इंटरनेट पर नकली उत्पादों की धड़ल्ले से हो रही बिक्री पर दिल्ली उच्च न्यायालय की टिप्पणी काबिले गौर है। न्यायालय ने ट्रेडमार्क धारकों और ऑनलाइन उत्पाद खरीदने वाले उपभोक्ताओं के हितों का रक्षा को सबसे महत्वपूर्ण बताया है। ट्रेडमार्क उल्लंघन के मुकदमे की सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह ने कहा कि ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर नकली उत्पादों की बिक्री चिंताजनक ढंग से बढ़ रही है। उक्त मामले में तीन ई-कॉमर्स वेबसाइटों को भी प्रतिवादी बनाया गया है। इंटरनेट और मोबाइल फोन के बढ़ते दायरे के चलते हाल के वर्षोंघ में ई-कॉमर्स की वृद्धि अभूतपूर्व रही है। अनुमान है कि यह बाजार 2026 तक 200 बिलियन डॉलर तक पहुंच सकता है। इलेक्ट्रॉनिक्स, परिधान, दवा, होटल बुकिंग, सिनेमा, किताबें, सौंदर्य प्रसाधन, फैशन और किराने आदि के लिए लोग ई-कॉमर्स का रुख कर रहे हैं। उदार प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) नीति ने भी इस क्षेत्र को उत्प्रेरित किया है। ऑनलाइन बाजार के विकास के साथ-साथ नकली उत्पाद और धोखाधड़ी की बढ़ती प्रवृत्ति वैध बाजार और अर्थव्यवस्था के लिए खतरनाक है। इससे सरकार के राजस्व, नौकरियों, उपभोक्ताओं की सुरक्षा से जुड़ी चिंताएं भी बढ़ेंगी. वहीं, संगठित अपराधों के लिए अनुकूल हालात तैयार होंगे। जहां तकनीकी टूल्स से मूल उत्पादों को जांचा जा सकता है, वहीं एआई से उत्पादों का क्लोन तैयार कर दिया जाता है। ऐसी दशा में सही और गलत उत्पाद का चयन मुश्किल हो जाता है। ई-कॉमर्स प्लेटफार्म और ब्रांड मालिक जहां समस्याओं के निदान में उलझे रहते हैं, वहीं जालसाज इसका भरपूर फायदा उठा लेते हैं। इससे निपटने के लिए आवश्यक है कि निरंतर उत्पादों को बेहतर बनाने और नवाचार को बढ़ावा देने की दिशा में प्रयास हों। साथ ही, ई-कॉमर्स का नियमन भी जरूरी है। विक्रेताओं से संबंधित जानकारी और उत्पादों की गुणवत्ता को लेकर विक्रेताओं का दायित्व तय होना चाहिए. सामानों और सेवाओं की नकल और चोरी को रोकने में न्यायिक स्तर पर कुछ अड़चनें भी हैं। कानूनों की राष्ट्रीय सीमाएं तय होती हैं, जबकि ऑनलाइन फर्जीवाड़ा एक वैश्विक समस्या है। इसके लिए हितधारकों के बीच सहयोग बढ़ाना होगा और सरकारी नियमन को सख्त करना होगा। बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर), 2016 में चोरी और जालसाजी से निपटने के लिए अनेक प्रावधान है। जालसाजी के समाधान के लिए प्रवर्तन एजेंसियों का समुचित प्रशिक्षण होना चाहिए। न्यायिक व्यवस्था को भी सुदृढ़ करना होगा और अधिक से अधिक वाणिज्यिक अदालतों का गठन करना होगा, ताकि आईपीआर से जुड़े मामलों का जल्द और प्रभावी समाधान हो सके।

> अमूमन, उपभोक्ता उत्पादों की गुणवत्ता के बारे में ज्यादा जानने की कोशिश नहीं करते, जिसका फायदा जालसाज उठाते हैं। इंटरनेट पर नकली उत्पादों की धड़ल्ले से हो रही बिक्री पर दिल्ली उच्च न्यायालय की टिप्पणी काबिले गौर है। न्यायालय ने ट्रेडमार्क धारकों और ऑनलाइन उत्पाद खरीदने वाले उपभोक्ताओं के हितों का रक्षा को सबसे महत्वपूर्ण बताया है। ट्रेडमार्क उल्लंघन के मुकदमे की सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह ने कहा कि ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर नकली उत्पादों की बिक्री चिंताजनक ढंग से बढ़ रही है।

## सेहत मंत्र

# पेट की समस्या दूर कर आपको स्वस्थ रखता है बेल

पोषक तत्वों और औषधीय गुणों से भरपूर बेल गर्मियों में पाया जाने वाला फल है, जिसे अंग्रेजी में बधधद थध्ध्यद्द कहते हैं। बेल एक ऐसा फल है, जो हृदय और मस्तिष्क के लिए सुपर टॉनिक का काम करता है। यह आंतों को हेल्दी बनाए रखता है, जिससे पेट की परेशानियां दूर होती हैं। बेल में टैनिन, फ्लेवोनोइड्स और कैमारिन जैसे पोषक तत्व होते हैं, जो शरीर की सूजन को कम करते हैं। यह रक्तस्राव को रोकता है। कच्चा या अधपका बेल भी पाचन के लिए बहुत अच्छा होता है। गर्मी में पके बेल का शरबत बनाकर पीना फायदेमंद होता है। बेल पेट को मजबूत करता है और पाचन क्रिया को बढ़ावा देता है। बेल में एंटी-फंगल और एंटीहेल्मिंटिक गुण भी होते हैं, जो शरीर से आंतरिक परजीवी को बाहर निकालते हैं। आपको दिल की बिमारी है तो दिल खोल कर खाएं ये फल। दिल से जुड़ी बीमारियों से बचाव में सहायक है बेल। खाना नहीं पचता, पेट में गैस ज्यादा बनती हैं या फिर कब्ज की शिकायत है तो बेल का इस्तेमाल कीजिए। बिना दवा के ही आपका पाचन सिस्टम दुरुस्त हो जाएगा। आपको कोलेस्ट्रॉल घटने-बढ़ने की परेशानी है तो आप बेल खाने की आदत डालें। बेल कोलेस्ट्रॉल के स्तर को नियंत्रित रखने में मददगार है। गर्मियों में अक्सर पानी की कमी से दस्त और डायरिया जैसी बीमारियां जोर पकड़ती हैं। आप भी इस मौसम में दस्त या डायरिया से परेशान हैं तो बेल खाएं फायदा होगा। गर्मियों में पाए जाने वाले इस फल की तासीर ठंडी होती है। शरीर में अगर गर्मी हो गई है तो इस फल का सेवन करें। जिन महिलाओं की डिलिवरी गर्मी के दिनों में हो वे बेल खाएं, इससे उनको और उनके शिशु को फायदा होगा। कैंसर जैसी बीमारी का उपचार भी इस फल में छुपा है। आप इसका भरपूर सेवन करें, इससे आपको बड़ी बीमारी होने का खतरा नहीं रहेगा। बेल जहां आपके पेट के लिए फायदेमंद है, वहीं आपका खून साफ करने का काम भी यह करता है।



## धर्म मंत्र

# वैशाख पूर्णिमा पर दान का है विशेष महत्व

हिन्दू धर्म में वैशाख पूर्णिमा का खास महत्व होता है। वैशाख पूर्णिमा के दिन ही विष्णु के नवें अवतार गौतम बुद्ध का जन्म हुआ था। तो आइए हम आपको वैशाख पूर्णिमा के महत्व तथा पूजा विधि के बारे में बताते हैं। हिन्दू धर्म में हर महीने की पूर्णिमा विष्णु भगवान को समर्पित होती है। हर पूर्णिमा का विशेष महत्व होता है। उसी प्रकार वैशाख पूर्णिमा भी बहुत खास होती है। इस महीने में होने वाली पूर्णिमा के दिन सूर्य अपनी उच्च राशि मेष में और चांद भी अपनी उच्च राशि तुला में होता है। ऐसी मान्यता है कि वैशाख पूर्णिमा के दिन किया गया स्नान कई जन्मों के पापों का नाश करता है। वैशाख पूर्णिमा को बुद्ध पूर्णिमा भी कहा जाता है। वैशाख पूर्णिमा के दिन ही महान दार्शिनक तथा विचारक गौतम बुद्ध का 563 ईसा पूर्व में जन्म हुआ था। यही नहीं 531 ईसा पूर्व निरंजना नदी के तट पर पीपल के पेड़ के नीचे महात्मा बुद्ध को ज्ञान प्राप्त हुआ था। साथ ही महात्मा बुद्ध का महापरिनिर्वाण भी वैशाख पूर्णिमा के दिन ही हुआ था इसलिए बौद्ध धर्म में वैशाख पूर्णिमा का खास महत्व होता है। वैशाख पूर्णिमा बहुत पवित्र दिन होता है, इसलिए इस दिन विशेष प्रकार के काम न करें। इस दिन सदैव शाकाहार ग्रहण करें तथा मांसाहार का सेवन कभी नहीं करें। यह दिन पितरों के तर्पण के लिए खास माना जाता है इसलिए वैशाख पूर्णिमा के दिन गंगा नदी में स्नान कर हाथ में तिल लेकर पितरों क तर्पण करने से उनकी आत्मा को शांति मिलती है। लेकिन इस बार लॉकडाउन के कारण घर से बाहर जाकर नदी में स्नान नहीं कर सकते इसलिए घर में स्नान कर दान पुण्य करें।

पर्यटन



# ग्रेट बैरियर रीफ पर मंडरा रहा संकट
## ग्लोबल वॉर्मिंग से बढ़ रही कोरल ब्लीचिंग

लॉकडाउन की वजह से भले ही प्रदूषण कम हो गया है और मौसम में बदलाव आया हो लेकिन तापमान अभी भी काफी बढ़ रहा है। बढ़ते तापमान का सबसे ज्यादा असर ऑस्ट्रेलिया के ग्रेट बैरियर रीफ में समुद्र को हो रहा है। जी हां, ऑस्ट्रेलियाई पारिस्थितिकी में अहम स्थान रखने वाले विश्व के सबसे बड़े प्रवाल भित्ति 'ग्रेट बैरियर रीफ' पर बढ़ते तापमान की वजह से अस्तित्व का संकट मंडरा रहा है। दरअसल, लगातार बढ़ते हुए तापमान के कारण यहां काफी हानिकारक कोरल ब्लीचिंग हो रही है। शोधकर्ताओं के अनुसार, अब तक गंभीर ब्लीचिंग से बची प्रवाल भित्तियों की संख्या लगातार घटती जा रही है। बता दें कि ग्रेट बैरियर रीफ ऑस्ट्रेलिया के सुदूर उत्तरी और दक्षिणी क्षेत्र में स्थित है। बढ़ते तापमान के कारण पिछले 5 सालों में 2300 कि.मी. रीफ सिस्टम में तीसरी विशाल ब्लीचिंग हुई है। पहली बार इस रीफ ब्लीचिंग का पता 1998 में चला था। परेशानी की बात तो यह है कि लगातार बढ़ते तापमान के कारण कोरल ब्लीचिंग इतनी तेजी से बढ़ रही है कि उसे ठीक होने का भी समय नहीं मिल पा रहा है। कोरल अपने एल्गी (शैवाल) निष्कासित करते हैं, जो उनके टिश्यूज (ऊतकों) में रहते हैं। इन एल्गीज के न रहने पर कोरल्स का चमकदार रंग रंगहीन हो जाता है। समुद्र के तापमान में बदलाव के कारण स्वस्थ कोरल तनावग्रस्त हो जाते हैं, जिसकी वजह से कोरल ब्लीचिंग होती है। शोधकर्ताओं ने बताया कि कोरल ब्लीचिंग गर्मियों में समुद्र के तापमान में वृद्धि के कारण पैदा होने वाले थर्मल तनाव के कारण होती है। बढ़ते तापमान के कारण पिछले पांच वर्षो में 2300 किमी रीफ सिस्टम में तीसरी गंभीर ब्लीचिंग हुई है। पहली बार इसके बारे में वर्ष 1998 में पता चला था। रिकॉर्ड के बताते हैं कि यह साल सबसे गर्म रहा था। बढ़ते तापमान के कारण इसके तीनों क्षेत्र - मध्य, उत्तरी व अब दक्षिणी क्षेत्र सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं।

# जनता की समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण हो : डीएम

## जिलाधिकारी डॉ. आदर्श सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुआ तहसील दिवस



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

हैदरगढ़ बाराबंकी। माह के प्रथम व तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील हैदरगढ़ में जिलाधिकारी डॉ0आदर्श सिंह की अध्यक्षता में आहूत किया गया, जिसमें जिलाधिकारी द्वारा वहाँ पर उपस्थित सभी जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जनता की समस्या का निराकरण समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण ढ़ग से किया जाये। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग और जिला पूर्ति विभाग, अधिशाषी अभियन्ता बाढ़, खण्ड विकास अधिकारी हैदरगढ़, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका हैदरगढ़, अपर बेसिक शिक्षा अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग, प्रधानमंत्री आवास, पशु चिकित्सा विभाग, लोक निर्माण विभाग आदि प्रकरण प्रस्तुत हुए। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान प्रार्थना पत्रों के अव्यवस्थाओं पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। उन्होंने तहसीलदार हैदरगढ़ को फटकार लगाते हुए पुनः गलती न दोहराने के लिए सचेत किया। जिलाधिकारी ने समस्त सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन-जिन विभागों से सम्बन्धित आवेदन पत्र है, उसे जल्द से जल्द शत प्रतिशत निस्तारित करना सुनिश्चित करें। इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 266 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए। राजस्व विभाग से सम्बन्धित 174 प्रार्थना पत्र, पुलिस विभाग से सम्बन्धित 27 प्रार्थना पत्र, विकास विभाग से सम्बन्धित 21 प्रार्थना पत्र, अन्य विभागों से सम्बन्धित 44 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए। मौके पर 09 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया। इस दौरान उपजिलाधिकारी हैदरगढ़, मुख्य चिकित्साधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, जिला पूर्ति अधिकारी, उपनिदेशक कृषि, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, तहसीलदार हैदरगढ़, अपर जिला सूचनाधिकारी सहित सम्बन्धित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

### एसडीएम तान्या की अध्यक्षता में तहसील दिवस सम्पन्न

रामनगर बाराबंकी तहसील सभागार में उपजिला अधिकारी तान्या की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान का आयोजन संपन्न हुआ। जिसमें राजस्व विभाग 59, पुलिस 18, विकास 12, विद्युत विभाग 2, आपूर्ति 14, नगर पंचायत 1, जिला अग्रणी बैंक 1 कुल 106 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें से राजस्व विभाग के 5 शिकायती प्रार्थना पत्रों का तत्काल निस्तारण किया गया। इस अवसर पर तहसीलदार प्राची त्रिपाठी पूर्ति निरीक्षक सुनील कुमार सीएचसी अधीक्षक सूरतगंज डॉ राज ऋषि त्रिपाठी बी डी ओ अमित त्रिपाठी फॉरेस्ट रेंजर सुबोध शुक्ला एसडीओ विकास सोनी बीईओ संजय राय ए डी ओ एजी अनिल मौर्या प्रधान लिपिक नगर पंचायत रामकरण शर्मा सहित अन्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डॉक्टर रहते हैं नदारद, एएनएम करती मरीजों का इलाज

❒ उपस्वास्थ्य केंद्र टीकारामन का बुरा हाल, नहीं सुधर रही स्वास्थ्य सेवाएं




**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

हैदरगढ़ बाराबंकी। प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर हो इसके लिए सूबे के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक फील्ड पर उतर कर काम कर रहे है इसी बीच गोपनीय तरीके से जनपद की स्वास्थ सेवाओ का जायजा लिया साथ ही उचित दिशा निर्देश दिए पर डिप्टी सीएम का खौफ हैदरगढ स्वास्थ्य महकमे को नही है । हैदरगढ़ के उप केंद्रों की स्वास्थ्य सेवाएं चौपट हो चुकी है। जब टीकारामन उपकेंद्र में देखा गया तो स्टाफ के नाम पर नितेश कुमार एल.टी. मौजूद मिले बाकी कोई भी नहीं आया था जब इस विषय में उनसे पूछा गया तो उन्होंने बताया कि डॉ सलमान की ड्यूटी यहां पर है आज वह क्यों नहीं आए मुझे इसके बारे में कुछ भी मालूम नहीं वही उप केंद्र थलवारा यहां की तो बात ही निराली है यहां स्टाफ के नाम पर सिर्फ एनम रूबी मौजूद जोकि उपकेंद्र में बैठकर आसपास के लोगों का व्यक्तिगत रूप से इलाज करती जिससे उनका व्यक्तिगत लाभ होता है इसी कारण से वह यह बताने में भी परहेज करती हैं कि यहां स्टाफ में कौन-कौन है कब आता है कब नहीं आता तथा अस्पताल से संबंधित कोई भी जानकारी किसी को नहीं बताती वही परिसर की बात करें तो यहां इतनी बड़ी बड़ी झाड़ियां है कि आदमी तो छोड़ो जानवर भी वहां जाने से डरता है अस्पताल की झाड़ियों की वजह से परिसर से सटे आंगनबाड़ी केंद्र पर अक्सर सांप निकलते रहते हैं जिससे आंगनबाड़ी कार्यकत्री मीना कुमारी तथा सहायिका जय कला ने बताया कि सांप के डर से हम लोग नीम के पेड़ के नीचे बच्चों को पढ़ाने के लिए मजबूर है ताकि बच्चों के साथ भविष्य में बच्चों के साथ कोई अप्रिय घटना ना हो इस संबंध में सीएमओ व अधीक्षक से जब फोन पर बात करने की कोशिश की गई तो बात नही हो सकी ।

# रिया बनी मीना मंच की अध्यक्ष व आदित्य बने सचिव



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

हैदरगढ़ बाराबंकी। पूर्व माध्यमिक विद्यालय हैदरगढ़ में शनिवार को मीना मंच का गठन हुआ। इसमें रिया को अध्यक्ष चुना गया। मीना मंच की अन्य पदाधिकारियों में कुलसुम बानो कोषाध्यक्ष,आदित्य तिवारी सचिव,पल्लवी पावर एंजिल व शशांक को राजू चुना गया।इस दौरान प्रधानाध्यापक आशा देवी ने कहा कि मीना मंच का उद्देश्य समस्त बालिकाओं को शिक्षा से जोड़ना और उनका ठहराव बनाए रखना है। इसके साथ बालिकाओं की सुरक्षा पर चर्चा करना एवं आपसी सहयोग से उसका समाधान करना, जेंडर भेदभाव एवं सामाजिक कुरीतियों पर समझ विकसित करना और बालिकाओं को इन मुद्दों पर अपने विचार अभिव्यक्त करने के लिए एक मंच प्रदान करना है।सुगमकर्त्ता सावना मिश्रा ने कहा कि बालिकाओं में नेतृत्व एवं सहयोग की भावना विकसित की जा सके। इतना ही नही उनमें पढ़ने, लिखने एवं चित्रण की आदत का विकास करना, जीवन कौशल का विकास, स्वास्थ्य, पोषण एवं स्वच्छता की जानकारी का विकास करना मुख्य उद्देश्य है।इस अवसर पर श्रवण शुक्ल, रुद्रकान्त बाजपेयी, रामशंकर, योगेंद्र मिश्र, शैलेन्द्र सिंह, हरिश्चन्द्र उपस्थित रहे।

# खेत में मिला महिला का शव, पति पर हत्या का मुकदमा दर्ज

❒ घटना की सूचना से मचा हड़कम्प , प्रभारी एसपी व सीओ सिटी ने किया घटना स्थल का निरीक्षण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**





देवा बाराबंकी । देवा कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत शनिवार सुबह एक गांव में एक महिला की लाश मिलते ही गांव में हड़कम्प मच गया घटना की सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी व सीओ सिटी ने घटनास्थल का जायजा लिया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज रहा है मृतका के भाई ने उसके पति के खिलाफ हत्या की तहरीर देवा थाने में दी है जिस पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है और मामले की जांच में जुट गई है । पुलिस के अनुसार देवा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत देवगांव मजरे लोहंजर निवासी केतकी पत्नी राजेश शुक्रवार रात से गायब थी। जिसकी लाश शनिवार सुबह मृतका के पति के मेंथा के खेत में मिली। ग्रामीणों की सूचना पाकर मौके पर पहुंची देवा पुलिस ने मृतका की लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है मृतका के पति राजेश ने बताया कि शुक्रवार से वह गायब थी पूरी रात हमने खोजबीन की परंतु कुछ भी पता नहीं चला और शनिवार की सुबह अपने मेंथा के खेत में उस का मृत शरीर पड़ा मिला एडिशनल एसपी उत्तरी पूर्णेन्दु सिंह ने बताया कि मायके वालों का कहना है पति-पत्नी में अक्सर लड़ाई झगड़ा वाद विवाद हुआ करता था जिसके कारण वह कई बार घर से चली गई है। मृतका के शरीर पर कोई गहरा चोट का निशान नहीं है पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है मृतका के भाई शिवनाथ निवासी नंदनाकला थाना फतेहपुर की तहरीर पर मृतका के पति राजेश कुमार के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है ।

### करंट से युवक की मौत

मसौली बाराबंकी। शुक्रवार को शहर स्थित एक मकान में ग्रेनाइट कर रहे एक 40 वर्षीय युवक के करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गयी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराकर शव को परिजनों को सौप दिया है। थाना व कस्बा सफदरगंज के यादवपुरवा निवासी प्रमोद कुमार पुत्र नन्दू यादव शहर स्थित एक मकान में पत्थर घिसाई का काम कर रहा था कि अचानक युवक के करंट लग गया घर मे कोई अन्य व्यक्ति न होने के कारण युवक की मौके पर ही मौत हो गयी। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौप दिया है। मृतक की पत्नी विमला, पुत्री चाँदनी, आरती, स्वाति व ममता का रो रोकर बुरा हाल है ।

### बन्द रहता है प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सहावर, ग्रामीणों में रोष

हैदरगढ़ बाराबंकी। क्षेत्रीय जनता को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए सहावर में खोले गए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अक्सर बंद रहने की वजह से क्षेत्रीय जनता को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस संबंध में आज संपूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देकर औचक निरीक्षण कर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुचारू रूप से चलाए जाने की मांग की गई। त्रिवेदीगंज क्षेत्र के पूरे आलम सिंह मजरे लाही निवासी राम बहादुर ने दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि सहावर में खोला गया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अक्सर बंद रहता है इस संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र त्रिवेदीगंज के चिकित्सा अधीक्षक को कई बार अवगत कराया गया परंतु व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हो सका ।जिसकी वजह से यहां आने वाले सैकड़ों मरीज अस्पताल में जाकर डॉक्टर का इंतजार करके वापस जाने को मजबूर है ।

### प्रतिबंधित लड़की बरामद, एक गिरफ्तार

बाराबंकी। जनपद में प्रतिबन्धित वृक्षों की कटान करने वालों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना घुंघटेर पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त मोनिष पुत्र युनुस निवासी बड़ी तकिया मजरे छिलगंवा थाना घुंघटेर जनपद बाराबंकी को छोटी तकिया के पीछे से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 30 बोटा हरे आम की लकड़ी बरामद की गयी । थाना घुंघटेर पुलिस द्वारा अभियुक्त के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए थाना घुंघटेर पर वन संरक्षण अधिनियम पंजीकृत किया गया ।

### अवैध मारफीन के साथ एक गिरफ्तार

बाराबंकी। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना टिकैतनगर पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त रनवीर सिंह पुत्र स्व0 राम सिंह निवासी ग्राम सरायदुनौली थाना टिकैतनगर जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया। तलाशी में अभियुक्त के पास से 30 ग्राम अवैध मारफीन बरामद किया गया। उक्त सम्बन्ध में थाना टिकैतनगर पर एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया।

### राष्ट्रीय किसान मंच की बैठक सम्पन्न

बाराबंकी । राष्ट्रीय किसान मंच की प्रदेश कार्यालय पर बैठक की गई माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित शेखर दीक्षित की अध्यक्षता में बैठक संपन्न की गई मुख्य रूप से पूर्व कैबिनेट मंत्री व पूर्व विधायक ओम प्रकाश यादव कार्यकर्ता को राष्ट्रीय अध्यक्ष से अपने क्षेत्र की समस्याएं बताई तथा सही तरीके से किसानों की बात उठाने का आदेश दिए तथा किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य दिलाने के लिए संघर्ष करने की बात भी कहीं जिला अध्यक्ष सत्य नाम यादव जिला महासचिव मनोज कुमार यादव बाराबंकी जिला मीडिया प्रभारी सुरेंद्र कुमार राष्ट्रीय किसान मंच बाराबंकी अभिषेक जायसवाल जिला प्रभारी राष्ट्रीय किसान मंच आरिफ कार्यकर्ता व सदस्यगण मौजूद रहे किसानों की समस्याओं को लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित शेखर दीक्षित ने अपने सभी कार्यकर्ताओं वह सदस्य गणों को किसानों के पक्ष में आवाज उठाने की बात कही ।

### श्री कृष्ण सुदामा की मित्रता देती है एकता का संदेश : बृजेश शास्त्री

हैदरगढ़ बाराबंकी। भगवान श्री कृष्ण सुदामा की मित्रता आज के समाज को एक संदेश देती है बचपन की दोस्ती परवरदिगार ने गरीबी में निभाई दोनों में इतना अटूट प्रेम था इसका प्रमाण भागवत महापुराण जैसे ग्रंथों में मिलता है यह बात कथावाचक बृजेश शास्त्री ने बहुता धाम में आयोजित भागवत कथा में कहीं । हैदरगढ़ तहसील के बहुता धाम मे ब्रह्मलीन संत स्वामी करुणेश जी महाराज के समाधि स्थल पर। हो रही श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिन हुआ विशाल भंडारा का का आयोजन अंतिम दिन मंत्र उच्चारण के साथ पंडित धीरज शास्त्री द्वारा विधि विधान से वीडियो का पूजन हवन कराया गया। श्रीमद् भागवत कथावाचक डॉक्टर बृजेश कुमार शास्त्री ने आगे कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने अपने मित्र सुदामा के लिए क्या नहीं किया बालपन के मित्रता को लीलाधारी में उस समय निभाया जब उनके मित्र का परिवार एक-एक दाने के लिए परेशान था प्रभु को याद करने पर श्री कृष्णा ने अपने मित्र को क्या नहीं दिया इसका गवाह इतिहास बताता एक सप्ताह से हो रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा मे श्री शास्त्री जी ने माखन चोरी रुक्मणी विवाह ध्रुव चरित्र आदि कथाओं का विस्तार से वर्णन किया कई दिनों से हो रही संगीतमयी कथा के ब्यास पंडित बृजेश शास्त्री द्वारा अपनी मधुर वाणी से श्रोताओं को भाव विभोर कर रही है कथा की प्रशंसा क्षेत्र में चर्चा की विषय बनी हुई है ।

# 12 वर्षों तक तक चली कानूनी लड़ाई में सत्य की हुयी विजय

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



देवां बाराबंकी। सार्वजनिक रास्ते पर दबंग किस्म के लोगों के द्वारा किया गया था अवैध कब्ज़ा।रास्ते के विवाद को लेकर 12 वर्षों तक चले कानूनी संघर्ष में 80 वर्ष के बुजुर्ग द्वारा दो बार ऐतिहासिक जीत दर्ज की गयी।विपक्षियों के छुटे पसीने अवगत करा दे कि विकास खण्ड देवां के ग्राम पंचायत कैमा के अंतर्गत रसूल पुर दरगाह गांव में राम किशोर वर्मा पुत्र पुत्ती लाल के घर के सामने तक़रीबन 200 वर्ष पुराना एक सार्वजनिक रास्ता है जो कि सरकारी स्कूल तक जाता है और इसी रास्ते से स्कूली बच्चों सहित समस्त ग्रामीणों का आवागमन भी है।सार्वजनिक रास्ते को मोहल्ले के ही पवन कुमार पुत्र संतराम द्वारा अपनी जमीन बताकर उसपर दीवार बनाने लगा।राम किशोर वर्मा ने पवन कुमार को क़ब्ज़ा करने से रोकने की कोशिश की। पवन कुमार के न मानने पर, राम किशोर वर्मा ने पुलिस बुलवाकर दीवार उठाने का काम रुकवा दिया।पुलिस के जाने के बाद पवन कुमार और विजेंद्र प्रसाद पुत्र राम अवतार के द्वारा राम किशोर वर्मा व उनके परिवार से काफ़ी विवाद भी किया गया औऱ पवन कुमार,विजेंद्र प्रसाद ने सार्वजनिक रास्ते की भूमि को अपना बताते हुये राम किशोर वर्मा ,ग्राम प्रधान चेयरमैन और भूमि प्रबंधक के खिलाफ दीवानी अदालत में मुकदमा दायर कर दिया।जिसमें दो बार मुक़द्दमा ख़ारिज हुआ और रामकिशोर वर्मा मुक़द्दमा जीत गये।लेकिन विपक्षी जनों के द्वारा एक फ़िर से जिला जज की अदालत में मुकदमा किया गया और जिला जज ने भी इस मुकदमे को सिरे से नकारते हुये कहा कि यह विवादित रास्ता सार्वजनिक है।80 वर्षिय रामकिशोर वर्मा ने यह कहावत सत्य करके दिखा दिया कि...सत्य परेशान हो सकता है पराजित नहीं।बता दे कि दो बार कानूनी लड़ाई हारने के बाद भी दबंगो के हौंसले बुलंद हैं.... दबंगो ने रामकिशोर वर्मा को धमकी देते हुये कहा कि इस रास्ते को कभी बनने नहीं देंगे,जल्द ही तुम्हारी निजी भूमि पर कब्ज़ा करेंगे।अब देखने वाली बात होगी कि कितनी जल्दी इस पर ग्राम प्रधान,विधायक या ब्लॉक प्रमुख के द्वारा इंटरलॉकिंग का निर्माण कार्य कराया जाता है।जिससे आवागमन करने वाले लोगों की परेशानियां कम हो सकें।

# किसी भी प्रकार का शोषण बर्दाशत नहीं संगठन शिक्षकों के साथ : धर्मेंद्र मिश्र

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



हैदरगढ़ बाराबंकी। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक बी आर सी हैदरगढ़ पर सम्पन्न हुई,जिसकी अध्यक्षता प्रेमनारायण मिश्रा ने की। बैठक को संबोधित करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष धर्मेंद्र मिश्र ने कहा कि संगठन की मजबूती से ही शिक्षकों की समस्याओं का प्रभावी समाधान होगा। तेजी के साथ ब्लॉक स्तर पर शिक्षकों से संपर्क कर पदाधिकारी सदस्यता अभियान चलाएं। इसके बाद नियमानुसार तिथि निर्धारित कर अधिवेशन और पदाधिकारियों का चुनाव कराया जाएगा। अति शीघ्र शिक्षकों की समस्याओं से उच्चाधिकारियों को अवगत कराकर उनका प्राथमिकता से निराकरण कराया जाएगा। संगठन सदैव शिक्षकों के साथ खड़ा है,किसी भी प्रकार का शोषण बर्दाश्त नही किया जाएगा। सर्वसम्मति से युवा मोर्चा व महिला मोर्चा का गठन हुआ। ब्लॉक मंत्री महेंद्र प्रताप सिंह ने सदस्यता अभियान पर चर्चा की।सभी शिक्षकों से संगठन को मजबूत करने की अपील की,और नए सदस्यों को जोड़ने की बात कही। बैठक का संचालन कोषाध्यक्ष आशीष त्रिवेदी ने किया। सभी उपस्थित शिक्षकों ने संगठन के लिए सदैव तत्पर रहने के लिए कहा। इस मौके पर रजनीश शुक्ला, रुद्र कांत बाजपेई, देवेंद्र श्रीवास्तव,मोबिन अहमद, अन्नपूर्णा मिश्रा, आरती मिश्रा,एकता साहू, निरुपमा मिश्रा, मोहित सिंह, अवध बिहारी गुप्ता, अखिलेश शर्मा, सुरेश चंद्र गुप्ता, राकेश सिंह, सत्य प्रकाश सिंह, दीपक सिंह, रमेश यादव, प्रेम सिंह, दुष्यंत सिंह, नितेश सोनी, ज्ञान प्रकाश, हरिशंकर, संजय शुक्ला, विवेक सिंह, शैलेंद्र सिंह, पारस यादव, संजीव वैश्य, अंजनी मिश्रा, वीरेंद्र सिंह, योगेंद्र मिश्रा, पवन यादव, त्रिवेणी शुक्ला, अभय पांडेय, जितेंद्र वर्मा, सुधीर कुमार, मीरा देवी आदि उपस्थित रहे।

# लोक अदालत की सफलता में बार एशोसिएसन का सहयोग बहुत जरूरी : रवीन्द्र नाथे

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बाारबंकी । जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बाराबंकी के तत्वावधान में दिनांक-14 मई 2022 को जनपद न्यायालय में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के परिपेक्ष्य में जनपद न्यायाधीश रवीन्द्र नाथ दूबे जी की अध्यक्षता में आज जिला बार एशोसिएसन बाराबंकी के पदाधिकारियों एवं विद्वान अधिवक्तागण के साथ विचार विमर्श बैठक का आयोजन जनपद न्यायाधीश महोदय के विश्राम कक्ष में किया गया है। इस बैठक में इरफान अहमद अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत, बाराबंकी एवं संजय कुमार सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बाराबंकी के अतिरिक्त वर्तमान बार के अध्यक्ष नरेन्द्र वर्मा, महामंत्री रितेश मिश्रा व फौजदारी एवं दीवानी न्यायालयों के वरिष्ठ विद्वान अधिवक्ता राजेश मिश्रा राज नारायण शुक्ला, मुचकुन्द वर्मा, नरेश कुमार सिंह, योगेन्द्र वर्मा, राजीव चौहान, संतोष सिंह, प्रकाश शुक्ला अजय सिसौदिया,महेन्द्र प्रताप सिंह, हरीश अग्निहोत्री, रामनरेश वर्मा, कौशल किशोर त्रिपाठी, अश्विनी वर्मा राजेन्द्र प्रताप सिंह आदि अधिवक्तागण उपस्थित रहे। इस दौरान जनपद न्यायाधीश द्वारा बताया गया कि दिनांक-14 मई 2022 की राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना से संबंधित क्लेम पिटिशन, दीवानी वाद, वैवाहिक वाद, फौजदारी के शमनीय वाद, एन0आई0 एक्ट, विद्युत अधिनियम, बैंक के ऋण सम्बन्धी वाद, राजस्व वाद, चकबन्दी वाद तथा वे समस्त वाद जो सुलह समझौता के आधार पर निस्तारित किये जा सकते हैं, उनको जरिये सुलह समझौता निस्तारित कराया जायेगा। जिसमें विद्वान अधिवक्ताओं का सहयोग बहुत जरूरी है। ऐसे में बार एशोसिएशन के पदाधिकारियों एवं अधिवक्तागण की अहम भूमिका है कि वे और अन्य अधिवक्तागण को भी इसके लिए प्रेरित करें कि वे अपने अपने पक्षकारों को अधिक से अधिक मामलों के निस्तारण के लिए तैयार करें। लोक अदालत, न्याय चला निर्धन से मिलने की परिकल्पना को साकार स्वरूप देने के लिए इस लोक अदालत को सफल बनाने में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें जिससे लोक अदालत अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सके। इरफान अहमद अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत द्वारा बताया गया कि इस लोक अदालत की सफलता के लिए लगातार बैठकों का आयोजन किया जा रहा है एवं प्रत्येक स्तर पर विस्तृत रूप रेखा तैयार कर उनका क्रियान्वयन कराया जा रहा है। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजय कुमार द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में केन्द्र राज्य सरकार एवं माननीय उच्च न्यायायल द्वारा कोविड-19 संक्रमण की रोकथाम एवं बचाव हेतु जारी सभी दिशा निर्देशों का पालन कराते हुए मामलों का निस्तारण कराये जाने का लक्ष्य रखा गया है।

# क्षेत्र पंचायत समिति की बैठक से नदारद रहे कई जिम्मेदार अधिकारी

❒ एमएलसी ने दर्ज कराई नाराजगी

❒ क्षेत्र पंचायत समिति की बैठक में गूंजा ग्राम प्रधानों का मामला जताई नाराजगी कहा दर्ज मुकदमा वापस हो

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बाराबंकी । शनिवार को विकास खण्ड हरख के हाल सभागार में क्षेत्र पंचायत समिति की बैठक का आयोजन हुआ जिसमें विकास कार्यों से संबंधित कई प्रस्ताव पर मोहर लगाई गई इस दौरान ब्लॉक प्रमुख ने सरकार की विभिन्न योजनाओं को सही ढंग से लागू करने पर जोर दिया जिसमें कई जिम्मेदार अधिकारी मौजूद नहीं रहे जिसको लेकर विधान परिषद सदस्य अंगद सिंह ने नाराजगी जताई और उनके प्रति लिखा पढ़ी करने के आदेश दिए इसी प्रांगण मे बीते दिनों शिक्षा विभाग द्वारा दर्ज करवाए गए ग्राम प्रधान के प्रति एक मुकदमे की चर्चा बनी रहे जिसको लेकर ग्राम प्रधानों ने बहिष्कार भी किया और जिंदाबाद मुर्दाबाद के नारे भी लगाए हरख हाल में आयोजित क्षेत्र पंचायत समिति की बैठक में क्षेत्र के ग्राम प्रधान और बीडीसी सदस्यों ने भाग लिया बैठक को ब्लाक प्रमुख रवि रावत एमएलसी अंगद सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि आयोजन का लाभ जरूर मंद लोगों तक पहुंचाए इसके लिए सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे इनके अलावा उन्होंने कहा कि आयोजन के नाम पर ही अवैध वसूली की शिकायत मिलने पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी वही सामुदायिक शौचालयों पर लगे ताले और ग्राम पंचायतों में सफाई कर्मचारियों के ना जाने पर भी नाराजगी जताई उन्होंने सभी ब्लॉक कर्मियों को इसके लिए चेतावनी भी दी इस दौरान ब्लॉक में कई विकास कार्यो के लिए प्रस्ताव पास किए गए इस बैठक में भाजपा जिला उपाध्यक्ष अमरीश रावत ब्लाक प्रमुख रवि रावत जिला पंचायत सदस्य राम सजीवन रावत ब्लाक प्रमुख क्षेत्र पंचायत तथा सभी ग्राम प्रधान , जय सिंह वर्मा जितेंद्र कुमार रामसमुझ रमन वर्मापंकज कुमार हर्षित पटेल आदि सहित सभी प्रधान मौके पर उपस्थित रहे

# हैदराबाद के खिलाफ ग्रीन जर्सी में उतरेगी बैंगलोर की टीम

## 2016 के कारनामे को दोहरा पाएंगे विराट कोहली



एजेंसी

नई दिल्ली। हैदराबाद के खिलाफ मैच के दौरान रायल चैलेंजर्स बैंगलोर की टीम बदली-बदली सी नजर आएगी। दरअसल इस मैच में आरसीबी की टीम ग्रीन जर्सी पहनकर मैदान में उतरेगी। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में होने वाले इस मैच में बैंगलोर की टीम 'गो ग्रीन' पहल के तहत इस जर्सी को पहनकर उतरेगी। 2011 में शुरू होने के बाद से ही 'गो ग्रीन' पहल आरसीबी की टीम का एक बड़ा हिस्सा रही है। इस पहल के माध्यम से, इसका उद्देश्य भावी पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ और हरित पर्यावरण की आवश्यकता के बारे में जागरूकता फैलाना है। इसलिए 2011 से हर साल आरसीबी की टीम एक मैच इस पहल के तहत ग्रीन जर्सी पहनकर मैदान में उतरती है। फ्रैंचाइज़ी पहली बार आईपीएल के 2011 सीजन में नई टीम कोच्चि टस्कर्स केरल के सामने ग्रीन जर्सी पहनकर उतरी थी। इस मैच को आरसीबी ने 9 विकेट से जीता था। इस जर्सी के साथ 2020 के सीजन में टीम चेन्नई के सामने थी जहां उसे हार का सामना करना पड़ा था। इस मैच में आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सीएसके के सामने 146 रनों का लक्ष्य रखा था जो उसने 2 विकेट खोकर हासिल कर लिया था। रुतुराज गायकवाड़ ने इस मैच में 65 रनों की नाबाद पारी खेली थी। आरसीबी के साथ ग्रीन जर्सी का इतिहास कुछ खास नहीं रहा है। इस जर्सी के साथ टीम ने 9 मैच खेला है और केवल दो बार उसे जीत मिली है। पहली जीत 2011 में कोच्चि टस्कर्स के खिलाफ जबकि दूसरी जीत 2016 में नई टीम गुजरात लायन्स के खिलाफ मिली थी। गुजरात लायन्स के खिलाफ मैच में आरसीबी की तरफ से विराट कोहली और एबी डिविलियर्स की शानदार पारी देखने को मिली थी और आरसीबी ने 248 रन का स्कोर खड़ा किया था। विराट ने इस मैच में 109 रन और डिविलियर्स ने 129 रन की पारी खेली थी।

# टिम डेविड ने गुजरात पर मिली रोमांचक जीत का श्रेय गेंदबाजों को दिया



एजेंसी

मुंबई। मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज टिम डेविड ने गुजरात टाइटंस (जीटी) के खिलाफ मिली 5 रनों की रोमांचकारी जीत का श्रेय गेंदबाजों को दिया। टिम डेविड ने 21 गेंदों पर नाबाद 44 रनों की शानदार पारी खेलकर मुंबई को छह विकेट पर 177 रनों के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया था। जीत के बारे में बात करते हुए, टिम ने आखिरी ओवर में मुंबई को जीत दिलाने के लिए गेंदबाजों की प्रशंसा की, जहां गुजरात की टीम को जीत के लिए 6 गेंदों पर केवल 9 रन चाहिए थे। मैच के बाद डेविड ने कहा, हम मैच जीत रहे हैं, यह बहुत अच्छा लगता है। यह एक अच्छा बल्लेबाजी विकेट था, मैं आखिरी ओवर में कुछ स्कोरिंग अवसरों से चूक गया। हमारे गेंदबाजों ने दूसरे हाफ में अच्छी गेंदबाजी की और हमें मैच जीताया। उन्होंने आईपीएल 2022 में मुंबई की दूसरी जीत पर खुशी व्यक्त की और कहा कि पिच बल्लेबाजी के लिए अनुकूल थी। उन्होंने कहा,पारी की शुरूआत में विकेट दोहरी गति वाला था,अगर आप आक्रामक बल्लेबाजी के लिए जाते हैं तो आपको संघर्ष करना पड़ रहा था। जीत की तरफ होना बहुत अच्छा है। यह मुश्किल है जब आप मैदान से बाहर बैठे हैं, खासकर देख रहे हैं आपके साथियों को परिणाम नहीं मिलता है। जितना हो सके नेट्स में प्रयास करें और अवसर आने पर तैयार रहें। इस मुकाबले में मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 6 विकेट पर 177 रन बनाए। मुंबई की ओर से ईशान किशन ने 45, टिम डेविड ने नाबाद 44, कप्तान रोहित शर्मा ने 43 और तिलक वर्मा ने 21 रन बनाए। गुजरात की तरफ से राशिद खान ने 2, अल्जारी जोसेफ, लॉकी फर्ग्यूसन और प्रदीप सांगवान ने 1-1 विकेट लिया। जवाब में गुजरात की टीम 20 ओवरों में 5 विकेट पर 172 रन ही बना सकी। गुजरात की ओर से ऋद्धिमान साहा और शुभमन गिल ने बेहरीन अर्धशतकीय पारी खेलते हुए क्रमशः 55 और 52 रन बनाए। इन दोनों के अलावा कप्तान हार्दिक पांड्या ने 24 और डेविड मिलर ने नाबाद 19 रन बनाए। मुंबई की तरफ से मुरुगन अश्विन ने 2 और किरोन पोलार्ड ने 1 विकेट लिया।

# केन्द्रीय खेल प्रशिक्षण शिविरों के लिए लखनऊ मंडल के 23 खिलाड़ी चयनित

एजेंसी

लखनऊ। केन्द्रीय खेल प्रशिक्षण शिविरों के लिए छात्रावास के लिए चयनित बालक और बालिकाओं की खेलवार सूची आ गयी है। इसमें लखनऊ मंडल के 23 खिलाड़ियों का चयन हुआ है। चयनित खिलाड़ियों को केन्द्रीय प्रशिक्षण शिविर स्थल व स्टेडियम में 10 मई को बुलाया गया है। लखनऊ मंडल के क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अजय कुमार सेठी ने बताया कि लखनऊ जिले के श्रेया सिंह और राज नंदिनी का टेबल टेनिस में चयन हुआ है। इनकी ट्रेनिंग अयोध्या में होगी। वहीं फुटबाल में सुशांत गुप्ता, क्रिकेट में निखलेश प्रताप सिंह, हाकी बालक वर्ग में मो. आतिफ राइनी व आकिब रावत, बालिका वर्ग में वैशाली रावत व खुशी उपाध्याय, एथलेटिक्स बालक वर्ग में उदित नारायण सिंह व बालिका वर्ग में आस्था वर्मा, वालीबाल बालक वर्ग में आलोक पांडेय का चयन हुआ है। वहीं उन्नाव जिले के शुभम यादव का फुटबाल में व आद्या भदौरिया को बास्केटबाल में चयन हुआ है। रायबरेली के हेमराज कुशवाहा का फुटबाल में, निष्ठा, अनेकता, दिव्यांश का तैराकी में चयन हुआ है। हाकी में अनीष कुमार, पल्लवी, राखी पासवान का चयन हुआ है। हरदोई जिले के अक्षत कुमार का हाकी में, लखीमपुर खीरी के शिवम गिरी का व सीतापुर के तनिस राठौर का क्रिकेट में चयन हुआ है।

## काउंटी चैंपियनशिप में बेन स्टोक्स का कारनामा, एक पारी में लगाए 17 छक्के

लंदन। इंग्लैंड का नया टेस्ट कप्तान नियुक्त किए जाने के एक हफ्ते बाद बेन स्टोक्स ने काउंटी चैंपियनशिप में अपनी विस्पोटक पारी से एक खास उपलब्धि हासिल कर ली। स्टोक्स ने शुक्रवार को डरहम के लिए खेलते हुए वॉर्सेस्टरशायर के खिलाफ 88 गेंदों में 161 रनों की पारी खेली, जिसमें रिकॉर्ड 17 छक्के शामिल थे। इसके साथ ही स्टोक्स ने काउंटी चैम्पियनशिप की एक पारी में सर्वाधिक छक्के लगाने का रिकॉर्ड अपने नाम किया। स्टोक्स से पहले यह रिकॉर्ड एंड्रयू साइमंड्स और ग्राहम नेपियर के नाम था, जिन्होंने क्रमशः 1995 और 2011 में 16-16 छक्के लगाए थे। स्टोक्स ने इस मैच में केवल 64 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। उन्होंने 18 वर्षीय जोश बेकर के एक ओवर में 34 रन बनाए, जिसमें पांच छक्के और एक चौका शामिल था। वह 161 रन बनाकर आउट हुए।

# बुंदेलखंड विश्वविद्यालय ने खेलो इंडिया के विजेताओं का किया स्वागत



एजेंसी

झांसी। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के परिसर एवं कॉलेजों के छात्रों ने बेंगलुरु में आयोजित खेलो इंडिया प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के साथ ही प्रदेश का नाम रोशन किया है। कुलपति बुंदेलखंड विश्वविद्यालय प्रोफ़ेसर मुकेश पांडे ने सभी विजेताओं का कुलपति कार्यालय में स्वागत किया। कुलपति ने विजेता खिलाड़ियों से प्रतियोगिता में उनके अनुभवों को जाना एवं विश्वविद्यालय किस प्रकार आगे और बेहतरी के लिए उनकी सहायता कर सकता है इसकी व्यक्तिगत रूप से प्रत्येक छात्र से जानकारी ली। उन्होंने खेलों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों की सहायता करने के लिए नीतिगत निर्णय लेने का भरोसा दिलाया। खेलो इंडिया प्रतियोगिता में बुंदेलखंड डिग्री कॉलेज के देव सोनकर ने पोल मल्लखंब प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। विश्वविद्यालय परिसर की रिंकी इंदर किशोर ने बॉक्सिंग में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। इसी प्रतियोगिता में निशी शुक्ला ने भी ने भी बेहतर प्रदर्शन किया। इसके पूर्व बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स ऑफिसर डॉ सूरजपाल सिंह ने सभी खिलाड़ियों एवं का परिचय कराया। उन्होंने विशेष रूप से कोच रवी प्रकाश परिहार, सचिव, एमेच्योर मल्लखंब एसोसिएशन उप्र एवं कौशल कुमार पटेल कोषाध्यक्ष, एमेच्योर मल्लखंब एसोसिएशन उप्र। मल्लखंब टीम इवेंट में बुंदेलखंड डिग्री कॉलेज के देव सोनकर, अभय राठौर एवं विश्वविद्यालय परिसर के कृष्ण कुमार त्रिपाठी, गोलू रायकवार, अभिषेक आर्य, आदित्य कोछरिया ने ब्रोंज मेडल प्राप्त किया। इस अवसर पर अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफ़ेसर सुनील काबिया, प्रो0 एमएम सिंह, कुलपति के निजी सचिव अनिल बोहरे, डॉ अतुल खरे, डॉक्टर मुन्ना तिवारी, डॉ विनीत कुमार डॉ कौशल त्रिपाठी, इं0 अनुपम व्यास, डॉ मोहम्मद नईम, इं0 बृजेश शुक्ला, फोटो शिप्रा वशिष्ठ, डॉ उमेश कुमार समेत शिक्षक एवं छात्र गण उपस्थित रहे।

# मुंबई से मिली हार पर हार्दिक पांड्या ने जताई निराशा, कहा-बल्लेबाजों ने हमें निराश किया



एजेंसी

मुंबई। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2022 में शुक्रवार को मुंबई इंडियंस के हाथों मिली 5 रनों की हार पर निराशा जताते हुए गुजरात टाइटंस (जीटी) के कप्तान हार्दिक पांड्या ने कहा कि वह कोई बहाना नहीं बनाना चाहते। साथ ही उन्होंने अपनी टीम की बल्लेबाजी पर निराशा जताते हुए दो रन आउट होने पर अफसोस जताया। हार्दिक पांड्या 14 गेंदों में 24 रन पर रन आउट हो गए जबकि राहुल तेवतिया महत्वपूर्ण अंतिम ओवर में आउट हुए। मैच के बाद हार्दिक ने कहा, किसी भी दिन, हम आखिरी ओवर में 9 रन बना लेंगे। दो रन आउट होने से हमें हार से कीमत चुकानी पड़ी। मुझे लगता है कि बल्लेबाजों ने हमें निराश किया है। टी 20 में, आप बैक टू बैक गेम नहीं हार सकते।

उन्होंने कहा, कोई बहाना नहीं है क्योंकि हमने गलतियाँ की हैं, जिसकी कीमत हमें चुकानी पड़ी। हमने अपनी पारी में 19.2 ओवर तक अच्छा क्रिकेट खेला, एक या दो हिट से फर्क पड़ता। हालांकि, पांड्या ने कहा कि गेंदबाजों ने मुंबई पर दबाव बनाकर 'शानदार काम' किया। तनाव लेने की कोई जरूरत नहीं है क्योंकि हमने अच्छा खेला है और यह सिर्फ दो गेंदों की बात थी जिसने खेल का फैसला किया। उन्होंने कहा, हमने अच्छी क्रिकेट खेली, लेकिन विकेट खोने से हमें मदद नहीं मिली जैसा कि मैंने पहले कहा था। एक समय मैंने सोचा था कि मुंबई की टीम 200 से अधिक का स्कोर करेगी, लेकिन हमारे गेंदबाजों ने उन्हें प्रतिबंधित करने के लिए अच्छा प्रदर्शन किया। इस मुकाबले में मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 6 विकेट पर 177 रन बनाए। मुंबई की ओर से ईशान किशन ने 45, टिम डेविड ने नाबाद 44, कप्तान रोहित शर्मा ने 43 और तिलक वर्मा ने 21 रन बनाए। गुजरात की तरफ से राशिद खान ने 2, अल्जारी जोसेफ, लॉकी फर्ग्यूसन और प्रदीप सांगवान ने 1-1 विकेट लिया। जवाब में गुजरात की टीम 20 ओवरों में 5 विकेट पर 172 रन ही बना सकी। गुजरात की ओर से ऋद्धिमान साहा और शुभमन गिल ने बेहरीन अर्धशतकीय पारी खेलते हुए क्रमशः 55 और 52 रन बनाए। इन दोनों के अलावा कप्तान हार्दिक पांड्या ने 24 और डेविड मिलर ने नाबाद 19 रन बनाए। मुंबई की तरफ से मुरुगन अश्विन ने 2 और किरोन पोलार्ड ने 1 विकेट लिया।

# गुजरात के खिलाफ मिली जीत संतोषजनक: रोहित शर्मा



एजेंसी

मुंबई। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2022 में शुक्रवार को गुजरात टाइटंस को 5 रनों से हराने के बाद मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा ने इस जीत को संतोषजनक बताया, साथ ही उन्होंने कहा कि उनकी टीम ने 15-20 रन कम बनाए थे। मुरुगन अश्विन के दो विकेट और रोहित शर्मा (43), ईशान किशन (45) और टिम डेविड (नाबाद 44) की शीर्ष पारियों की बदौलत शुक्रवार को यहां ब्रेबोर्न स्टेडियम में मुंबई इंडियंस ने गुजरात टाइटंस को 5 रन से हराया। मैच के बाद रोहित ने कहा, यह जीत काफी संतोषजनक है, कुछ ऐसा जिसे हम इस समय ढूंढ रहे थे। किस्मत को किसी मोड़ पर हमारा साथ देना था, हम इस जीत को दोनों हाथों से लेंगे। सभी को श्रेय। हमने 15-20 रन कम बनाए थे, हमने जिस तरह से शुरुआत की, हम बीच में ही फंस गए। गुजरात ने वास्तव में अच्छी गेंदबाजी की।

जीत के बाद, रोहित शर्मा ने टिम डेविड की सराहना की, जिन्होंने 21 गेंदों पर नाबाद 44 रनों की शानदार पारी खेलकर मुंबई को छह विकेट पर 177 रन तक पहुंचाने में मदद की। रोहित ने कहा, टिम डेविड ने चीजों को वास्तव में अच्छी तरह से समाप्त कर दिया। हम जानते थे कि यह कठिन होगा, लेकिन हमने अपनी नसों को पकड़ रखा था और यह देखना अच्छा था। बहुत कुछ इस बात पर निर्भर करता है कि खेल कैसा चल रहा है, कौन दिन में अच्छी गेंदबाजी कर रहा है। सौभाग्य से मेरे पास कुछ संसाधन थे इसलिए मैं बदलाव कर सकता था। उन्होंने धीमी गेंदें फेंकी, जिसे हिट करना मुश्किल था। हम भी ऐसा ही करना चाहते थे। हमने वह बहुत अच्छा किया, यह गेंदबाजी इकाई का एक शानदार प्रयास था। रोहित ने डेनियल सैम्स की भी प्रशंसा की, जिन्होंने अंतिम ओवर में केवल तीन रन दिए। टाइटंस को आखिरी दो गेंदों पर छह रन चाहिए थे, सैम्स ने दो धीमी गेंदें फेंकी और मिलर उन गेंदों पर कोई शॉट न मार सके। रोहित ने कहा, हम बहुत आगे नहीं देखना चाहते थे। गुजरात के खिलाफ भी हमने अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट नहीं खेला, बैक-एंड पर गेंदबाजों को बहुत श्रेय दिया। आपके पास कौशल का समर्थन करना महत्वपूर्ण है। हम जितना संभव हो सके, उसी टीम को बनाए रखने की कोशिश कर रहे हैं। डेनियल सैम्स शानदार थे।

# पेट्रोल-डीजल के दाम स्थिर, कच्चा तेल 112 डॉलर प्रति बैरल पार



एजेंसी

नई दिल्ली। रूस-यूक्रेन जंग के बीच अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत 112 डॉलर प्रति बैरल पार कर गया है। हालांकि, घरेलू बाजार में पेट्रोल-डीजल के दाम पिछले एक महीने से स्थिर है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों ने दोनों ईंधनों की कीमतों मे कोई फ़ेरबदल नहीं किया है। दिल्ली में शनिवार को पेट्रोल 105.41 रुपये प्रति लीटर, जबकि डीजल 96.67 रुपये प्रति लीटर पर टिका रहा। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में पेट्रोल की कीमत 120.51 रुपये प्रति लीटर और डीजल का भाव 104.77 रुपये प्रति लीटर है। वहीं, कोलकाता में पेट्रोल की कीमत 115.12 रुपये प्रति लीटर, जबकि डीजल का भाव 99.83 रुपये प्रति लीटर है। इसी तरह चेन्नई में पेट्रोल 110.85 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 100.94 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। उल्लेखनीय है कि रूस-यूक्रेन जंग के बीच अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उछाल जारी है। हफ्ते के अंतिम कारोबारी दिन ब्रेंड क्रूड 112.39 डॉलर प्रति बैरल पर बंद हुआ, जबकि डब्ल्यूटीआई क्रूड 109.77 डॉलर प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

## रिलायंस का चौथी तिमाही में मुनाफा 22.5 फीसदी बढ़कर 16,203 करोड़ रुपये

नई दिल्ली। मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) ने चौथी तिमाही के नतीजे का ऐलान कर दिया है। आरआईएल का 31 मार्च को समाप्त (जनवरी-मार्च) चौथी तिमाही में सालाना आधार पर मुनाफा 22.5 फीसदी बढ़कर 16,203 करोड़ रुपये पर पहुंच गया, जबकि सालाना आय 100 अरब डॉलर को पार कर गया है। कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को यह जानकारी दी। रिलायंस ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि वित्त वर्ष 2021-22 की चौथी तिमाही में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 22.5 फीसदी बढ़कर 16,203 करोड़ रुपये रहा। हालांकि, कंपनी का वित्त वर्ष 2020-21 की जनवरी-मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 13,227 करोड़ रुपये रहा था। वहीं, पूरे वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान आरआईएल का शुद्ध लाभ बढ़कर 60,705 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। आरआईएल ने नियामकीय फाइलिंग में बताया कि तेल शोधन मार्जिन में मजबूती, दूरसंचार और डिजिटल सेवाओं में निरंतर वृद्धि और खुदरा कारोबार में मजबूत गति से कंपनी का लाभ बढ़ा है।

# एचडीएफसी ने रेपो आधारित ब्याज दर 0.30 फीसदी बढ़ाया




एजेंसी

नई दिल्ली। निजी क्षेत्र के सबसे बड़े अवासीय लोन देने वाली कंपनी एचडीएफसी ने भी ब्याज दर में इजाफा किया है। एचडीएफसी ने रिटेल प्राइम लेंडिंग रेट में 0.30 फीसदी की बढ़ोतरी की है। इस बढ़ोतरी के बाद एचडीएफसी का होम लोन अब महंगा हो गया है। एचडीएफसी ने शेयर बाजार को सूचित किया कि रेपो आधारित ब्याज दर (आरएलएलआर) में 0.30 फीसदी का इजाफा किया गया है। एचडीएफसी के मुताबिक रिटेल प्राइम लेंडिंग रेट अब 6.70 फीसदी से बढ़कर 7 फीसदी हो गया है। इस बढ़ोतरी के बाद एचडीएएफसी के सभी तरह का होम लोन प्रोडक्ट महंगा हो जाएगा। नई दर सोमवार, 9 मई, 2022 से लागू होगा। उल्लेखनीय है कि रिजर्व बैंक के रेपो रेट में इजाफ़े के बाद आईसीआईसीआई बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, बैंक ऑफ इंडिया और पंजाब नेशनल बैंक ने भी रेपो आधारित ब्याज दर में इजाफा किया है। दरअसल, आरबीआई ने एक अक्टूबर, 2019 से फ्लोटिंग रेट वाले सभी पर्सनल और रिटेल लोन को एक एक्सटर्नल बेंचमार्क से जोड़ना अनिवार्य कर दिया था।

## एचडीएफसी ने होम लोन के ब्याज दर में की बढ़ोतरी

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) द्वारा रेपो रेट में 0.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी का असर धीरे-धीरे देश के ज्यादातर बैंकों और वित्तीय संस्थानों के ब्याज दरों पर दिखने लगा है। निजी क्षेत्र में हाउसिंग लोन मुहैया कराने वाली प्रमुख कंपनी एचडीएफसी ने भी अपने रिटेल प्राइम लेंडिंग रेट (आरपीएलआर) में 30 बेसिस अंक की बढ़ोतरी करने का ऐलान किया है। आरपीएलआर में 30 बेसिस अंक बढ़ाए जाने से स्वाभाविक रूप से होम लोन की दर में भी 0.30 प्रतिशत की बढ़ोतरी हो जाएगी। होम लोन की ये बढ़ी हुई दर 9 जून यानी अगले सोमवार से लागू हो जाएगी। इसके पहले भी एचडीएफसी ने 2 मई को ही अपनी रिटेल प्राइम लेंडिंग रेट में 5 बेसिस अंकों का इजाफा किया था। इस तरह 2 मई को ही एचडीएफसी के हाउसिंग लोन के ब्याज दरों में भी 0.05 प्रतिशत की बढ़ोतरी हो गई थी। इसी तरह एक्सिस बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा और भारतीय स्टेट बैंक ने भी अपनी मार्जिनल कॉस्ट ऑफ फंड बेस्ड लेंडिंग रेट (एमसीएलआर) में बढ़ोतरी कर दी थी। इन बैंकों ने अनुमान जताया था कि आरबीआई रेपो रेट में बढ़ोतरी कर सकता है।

# हज 2022 में सेहत, सलामती को सर्वोच्च प्राथमिकता: नकवी

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री एवं राज्य सभा में उपनेता मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा है कि लोगों की सेहत, सुरक्षा, सलामती को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए महत्वपूर्ण सुधारों के साथ हज 2022 हो रहा है।

श्री नकवी ने आज मुंबई स्थित हज हाउस में हज 2022 से सम्बंधित 'खादिम उल हुज्जाज' के दो-दिवसीय प्रशिक्षण कैंप का उद्घाटन करते हुए कहा कि हज की संपूर्ण प्रक्रिया, सऊदी अरब एवं भारत सरकार द्वारा तय किये गए पात्रता, आयु, स्वास्थ्य मानदंडों और अन्य जरूरी दिशानिर्देशों के अनुसार की गई है। कोरोना के कारण पिछले दो वर्षों तक भारतीय, हज यात्रा पर नहीं जा पाए थे। उनकी कोशिश है कि दो वर्षों के बाद भारतीय मुसलमानों की बिना किसी सब्सिडी के हो रही हज यात्रा पर किसी भी तरह का गैर-जरूरी आर्थिक बोझ न पड़े, सऊदी अरब में आवास, ट्रांसपोर्टेशन आदि को सस्ती दरों में लेने की प्रक्रिया चल रही है। हज 2022 की सम्पूर्ण प्रक्रिया के 100 प्रतिशत डिजिटल/ऑनलाइन होने से हज यात्रियों की सेहत, सलामती और पारदर्शी-सुगम-सरल-सुविधाजनक हज यात्रा सुनिश्चित होगी। हज यात्रा के इच्छुक लोगों की चयन प्रक्रिया कोरोना वैक्सीन के दोनों डोज एवं भारत और सऊदी अरब की सरकारों के कोरोना प्रोटोकॉल, दिशानिर्देशों के तहत की गई है। श्री नकवी ने कहा कि भारत से 79 हजार 237 मुसलमान हज 2022 पर जायेंगे। इनमें लगभग 50 प्रतिशत महिलाएं हैं। इनमें 56 हजार 601 हज यात्री, हज कमेटी ऑफ़ इंडिया और 22 हजार 636 हज यात्री, हज ग्रुप ऑर्गनाइजर्स (एचजीओ) के माध्यम से हज 2022 के लिए जायेंगे। एचजीओ की भी संपूर्ण प्रक्रिया पारदर्शी एवं ऑनलाइन कर दी गई है। बिना 'मेहरम' (पुरुष रिश्तेदार) के 1800 से अधिक मुस्लिम महिलाएं हज 2022 पर जाएंगी। इन्हें लाटरी सिस्टम से बाहर रखा गया है। हज 2022 के लिए कुल 83 हजार 140 आवेदन प्राप्त हुए थे।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हज 2022 के लिए हज कमेटी ऑफ इंडिया के माध्यम से हज यात्री 10 इम्बार्केशन पॉइंट्स से जायेंगे। ये अहमदाबाद, बेंगलुरु, कोच्चि, दिल्ली, गुवाहाटी, हैदराबाद, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई और श्रीनगर हैं। अहमदाबाद इम्बार्केशन पॉइंट से गुजरात के हज यात्री, बेंगलुरु इम्बार्केशन पॉइंट से कर्नाटक एवं आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले के हज यात्री, कोच्चि इम्बार्केशन पॉइंट से केरल, लक्षद्वीप, पुडुचेरी, तमिलनाडु, अंडमान एवं निकोबार के हज यात्री, दिल्ली इम्बार्केशन पॉइंट से दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, चंडीगढ़, उत्तराखंड, पश्चिम उत्तर प्रदेश और राजस्थान के हज यात्री हज यात्रा 2022 पर जा सकेंगे। गुवाहाटी इम्बार्केशन पॉइंट से असम, मेघालय, मणिपुर, नागालैंड, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम के हज यात्री, हैदराबाद इम्बार्केशन पॉइंट से आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के हज यात्री, कोलकाता इम्बार्केशन पॉइंट से पश्चिम बंगाल, ओड़िशा, त्रिपुरा, झारखण्ड और बिहार के हज यात्री हज यात्रा 2022 पर जा सकेंगे। लखनऊ इम्बार्केशन पॉइंट से पश्चिम उत्तर प्रदेश को छोड़ कर समस्त उत्तर प्रदेश के हज यात्री, मुंबई इम्बार्केशन पॉइंट से महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, दमन एवं दीव, दादरा एवं नगर हवेली और गोवा के हज यात्री और श्रीनगर इम्बार्केशन पॉइंट से जम्मू-कश्मीर, लेह-लदाख-कारगिल के हज यात्री हज यात्रा 2022 पर जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि हज कमेटी ऑफ इंडिया के माध्यम से अंडमान एवं निकोबार से 114 हज यात्री, आंध्र प्रदेश से 1201, असम से 3544, बिहार से 2210, चंडीगढ़ से 25, छत्तीसगढ़ से 431, दादर एवं नागर हवेली से 17, दमन एवं दीव से 17, दिल्ली से 835, गोवा से 67, गुजरात से 2533, हिमाचल प्रदेश से 38, हरियाणा से 617, जम्मू-कश्मीर से 5281, झारखण्ड से 1559, कर्नाटक से 2764, केरल से 5274, लक्षद्वीप से 159, मध्य प्रदेश से 1780, महाराष्ट्र से 4874, मणिपुर से 335, ओडिशा से 466, पुड्डुचेरी से 52, पंजाब से 218, राजस्थान से 2072, तमिलनाडु से 1498, त्रिपुरा से 108, उत्तर प्रदेश से 8701, उत्तराखंड से 485, पश्चिम बंगाल से 5911, तेलंगाना से 1822 और लदाख से 216 भारतीय मुसलमान हज 2022 यात्रा पर जाने वाले हैं। श्री नकवी ने कहा कि सभी हज यात्रियों को डिजिटल हेल्थ कार्ड, 'ई-मसीहा' स्वास्थ्य सुविधा, मक्का-मदीना में ठहरने की बिल्डिंग/ट्रांसपोर्टेशन की जानकारी भारत में ही देने वाली 'ई-लगेज टैगिंग' की सुविधा भी दी जाएगी। इस दो दिवसीय ट्रेनिंग कैंप में सभी राज्यों से 400 से ज्यादा 'खादिम-उल-हुज्जाज' शामिल हुए हैं जिनमें 12 महिला 'खादिम उल हुज्जाज' शामिल हुई। इन्हें हज कमेटी ऑफ इंडिया, वृहन मुंबई महानगर पालिका, डिजास्टर मैनेजमेंट एजेंसियों के अधिकारियों, एयरलाइन्स, कस्टम, इमीग्रेशन विभागों के अधिकारियों एवं डॉक्टरों द्वारा हज से सम्बंधित विभिन्न प्रक्रियाओं, मक्का-मदीना में हाजियों के आवास, यातायात, स्वास्थ्य, सुरक्षा से सम्बंधित मुद्दों की जानकारी दी गई। ये 'खादिम उल हुज्जाज' मक्का-मदीना में भारतीय हज यात्रियों की विभिन्न सुविधाओं की देख-रेख में मदद करेंगे।

## राशिफल




आज का राशिफल

मेष : आज भाई बन्धु का सहयोग मिलेगा, धनागमन का मार्ग बनेगा, मन में चिंता रहेगी, भागम-भाग वाला दिन रहेगा।

वृष : आज भाग्य वर्धक दिन है, सभी रुके काम कर सकते हैं, शुभ समाचार प्राप्त होंगे, आनंदमय दिन रहेगा।

मिथुन : आज खर्च पर नियंत्रण रखें, वरना बाद में पछताना पड़ेगा, कही आने जाने से बचें, मौन भी कई प्रश्नों का उत्तर है, शांत रहें।

कर्क : आज भी आप पूर्व की तरह प्रसन्न रहेंगे, धन लाभ से मन उत्साहित रहेगा, किसी मांगलिक आयोजन की भूमिका बन रही है।

सिंह : आज आप शांत ही रहें तो ठीक है, वरना आप मामले को और उलझा सकते हैं, कभी दुसरों की भी सुनना लाभदायक हो सकता है।

कन्या : आपका पूरा दिन सामान्य रहने वाला है, कुछ व्यापारिक असफलता दिखेगी किन्तु सांय काल तक लाभ होगा, मन को शान्त रखिये।

तुला : आज आप लेनदेन न ही करें तो ठीक है, व्यर्थ की भागदौड़ से मन में अशान्ति और थकान भरा महसूस करेंगे।

वृश्चिक : आज आपका रुका हुआ कार्य पूरा हो सकता है, परिवार में शुभ समाचार मिलेगा, कीर्ति में वृद्धि होगी ।

धनु : आज दिन भर भागदौड़ तो रहेगी किन्तु मेहनत का फल उत्तम मिलने का योग है, शत्रुओं को पहचानो कोई कष्ट दे रहा है ।

मकर : आज दिन सामान्य फल देगा, सोचते-सोचते दिन निकल न जाये, कुछ भ्रमित लोगों से घिरे हो, बाहर आओ।

कुम्भ : आज मन में वेग रहेगा, कुछ चिंताजनक दिन रहेगा, किन्तु भोजन खाने में सावधानी रखें, लाल मिर्च से परहेज करें।

मीन : आज बल बुद्धि का भरपूर सहयोग मिलने से आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी, एक जगह रुक कर अनुभव ले भागे नहीं, दिन निवेश करने वाला है,यात्रा योग बनेगा।

आपका दिन मंगलमय हो।

# 'श्री जगन्नाथ हेरिटेज कॉरिडोर परियोजना से मंदिर की सुरक्षा को खतरा'

एजेंसी

नयी दिल्ली। ओडिशा में जगन्नाथ पुरी के श्री मंदिर के नये कॉरिडोर बनाने में नियमों की अवहेलना किये जाने और इससे मंदिर की दीवारों की संरचनात्मक स्थिरता के लिए एक आसन्न खतरा पैदा करने का आरोप लगाया गया है और केंद्र सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की गई है।

श्री मंदिर सुरक्षा अभियान के पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने आज यहां केंद्रीय संस्कृति मंत्री जी.कृष्णा रेड्डी से भेंट की और पुरी में शुरू की जा रही श्री जगन्नाथ हेरिटेज कॉरिडोर परियोजना में हो रही अनियमितताओं पर एक ज्ञापन सौंपा। इससे पहले प्रतिनिधिमंडल ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के महानिदेशक और राष्ट्रीय स्मारक प्राधिकरण के अध्यक्ष से भी मुलाकात की थी। अभियान के प्रवक्ता अनिल धीर ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रस्तावित परियोजना के कार्यान्वयन में निर्धारित कानूनों का घोर उल्लंघन मंदिर और इसकी दीवारों की संरचनात्मक स्थिरता के लिए एक आसन्न खतरा है। सरकार 3200 करोड़ रुपये के अनुमानित निवेश पर बुनियादी सुविधाओं और विरासत और वास्तुकला के विकास (अबाधा) योजना के विस्तार के तहत पुरी को विश्व स्तरीय विरासत शहर के रूप में विकसित करने की योजना लेकर आई है। इसके लिए अगस्त 2019 में मंदिर के 75 मीटर के दायरे से अतिक्रमण हटाने के लिए बड़े पैमाने पर तोड़फोड़ अभियान शुरू किया गया था। सदियों पुराने मठों और संरचनाओं को ध्वस्त करने के बाद, कोविड संकट के कारण अभियान को रोक दिया गया था। श्री जगन्नाथ मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष और पुरी के राजा दिब्यसिंह देब ने पिछले साल 24 नवंबर को मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की उपस्थिति में तीन दिवसीय यज्ञ के अंत में परियोजना की नींव रखी थी। शिलान्यास के बाद मंदिर के पास खंभों के साथ निर्माण कार्य तेज गति से शुरू हुआ। विवाद तब सामने आया जब विशेषज्ञों ने खुदाई के लिए भारी मशीनरी के इस्तेमाल पर आपत्ति जताई, क्योंकि इससे 12वीं शताब्दी के मंदिर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। सवाल उठाए गए कि क्या राष्ट्रीय एनएमए या भारतीय पुरातत्व विभाग (एएसआई) ने ऐसी निर्माण गतिविधि के लिए मंजूरी दी थी। उन्होंने कहा कि इस साल 21 फरवरी को एएसआई की महानिदेशक सुश्री वी विद्यावती ने मंदिर का दौरा किया था और इसके आसपास चल रहे प्रोजेक्ट का निरीक्षण किया था। अपने विजिट नोट में, उसने कहा था, प्रस्तावित सुविधाएं मंदिर के निषिद्ध क्षेत्र में आती हैं।

# संस्कृति के संरक्षण संवर्द्धन के लिए भाजपा कटिबद्ध : नड्डा

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने शनिवार को कहा कि संस्कृत भाषा और संस्कृति 135 करोड़ भारतीयों को एक सूत्र में बांधने वाली अनूठी शक्ति है और भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार इसके संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिए कटिबद्ध है।

श्री नड्डा ने यहां अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में केंद्रीय संस्कृति विश्वविद्यालय के तत्वाधान में आयोजित उत्कर्ष महोत्सव का शुभारंभ करते हुए ये उद्गार व्यक्त किये। संस्कृत के तीनों विश्वविद्यालयों केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय (नयी दिल्ली), लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय (नयी दिल्ली) और राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय (तिरुपति) की ओर से संयुक्त रूप से 'उत्कर्ष महोत्सव' का आयोजन किया गया है। उत्कर्ष महोत्सव का मुख्य उद्देश्य संस्कृत भाषा का प्रचार-प्रसार और संवद्र्धन करना है, जिसकी विषय वस्तु 'नए शैक्षिक युग में संस्कृत अध्ययन का वैश्विक उन्मुखीकरण' रखी गई है। कार्यक्रम में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय (नई दिल्ली) के कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी, नालंदा विश्वविद्यालय (नालंदा) के कुलाधिपति डॉ विजय भाटकर, राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय (तिरुपति) के कुलपति प्रो. राधाकांत ठाकुर, लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय (नयी दिल्ली) के कुलपति प्रो. मुरलीमनोहर पाठक, आर्थिक परामर्श परिषद् के अध्यक्ष बिबेक देबरॉय और राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय (तिरुपति) के कुलसचिव चलावेंकटेश्वर भी उपस्थित थे। श्री नड्डा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, शिक्षा एवं संस्कृति को आगे बढ़ाना हम सबकी जिम्मेदारी है। हमारी ज्ञान, विज्ञान, अर्थ, गणित भाषा - सबकी उत्पत्ति की बीज संस्कृत ही है। संस्कृत महज एक भाषा नहीं बल्कि यह विभिन्न आयामों को आगे बढ़ाने का एक सद्मार्ग है। पुरातन ज्ञान को संजो कर रखने वाली भाषा भी संस्कृत ही है। संस्कृत को आगे बढ़ाने के इस महान कार्य के लिए सबका आभार है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा , जहां संस्कृत है, वहीं संस्कृति है और वही हमारी विचारधारा भी है। संस्कृति के साथ-साथ यह विकास का भी माध्यम है। संस्कृत देवभाषा और अमृत वाणी है। हम सबको अंधेरे से उजाले की ओर ले जाने का माध्यम संस्कृत ही है। सबसे पुरानी पुस्तक ऋग्वेद भी संस्कृत में ही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और भाजपा, संस्कृत और संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए कटिबद्ध भाव से काम कर रही है। हम संस्कृति का संरक्षण कर रहे हैं। भारत की पुरातन परंपरा और महान संस्कृति को अक्षुण्ण रखने के लिए हमारी पार्टी प्रतिबद्ध है। संस्कृत के प्रचार-प्रसार के लिए मोदी सरकार कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी। यह निश्चित रूप से संस्कृत और संस्कृति के संवर्धन के लिए सबसे अच्छा काल है। ऐसा काल सदैव बना रहे, यह आप और हम सब की जिम्मेवारी है। श्री नड्डा ने कहा देवभाषा संस्कृत ने संस्कृति से जोड़कर गूढ़ विषयों को बड़े ही सरलता से रखा है। भारत आज अध्यात्म, योग, संस्कृति और मानवता से जुड़े विषयों में दुनिया में सबसे आगे है। इसका मुख्य अवयव देश की महान संस्कृति है और संस्कृति की उत्पत्ति संस्कृत से है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जहाँ एक ओर स्वदेशी वैक्सीन से 135 करोड़ देशवासियों को सुरक्षा कवच दिया, वहीं दूसरी ओर, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के माध्यम से देश के 80 करोड़ लोगों के लिए दो साल तक दो वक्त की रोटी का भी प्रबंध किया। उन्होंने कहा,ल्ल इतना ही नहीं, वैक्सीन मैत्री के तहत हमने दुनिया के लगभग 100 देशों को वैक्सीन उपलब्ध कराया। मोदी सरकार ने देश के गरीबों की भी चिंता की और देश के अर्थतंत्र की गति को भी रुकने नहीं दिया। देशवासियों की सुरक्षा के लिए जब लॉकडाउन लगाया गया तो सभी देशवासियों ने उसका अनुसरण किया। पूरी दुनिया में कोरोना से केवल सरकारों ने लड़ाई लड़ी लेकिन भारत में 135 करोड़ देशवासियों ने श्री मोदी के नेतृत्व में कोरोना के खिलाफ लड़ाई लड़ी।

## गृह मंत्रालय ने सौर ऊर्ज़ा के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

नयी दिल्ली। गृह मंत्रालय ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड के परिसरों में सौर ऊर्ज़ा पैनल लगाने के लिये भारतीय सौर ऊर्ज़ा निगम के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। गृह मंत्रालय ने नवीकरणीय ऊर्ज़ा को प्रोत्साहन देने के लिए और कार्बन तटस्थ अर्थव्यवस्था की दिशा में पहल करते हुए इस समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। केंद्रीय गृह सचिव और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्ज़ा सचिव की उपस्थिति में इस समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इस समग्र समझौते के तहत सोलर रूफटॉप पीवी पावर प्लांट लगाने के लिये दोनों पक्ष आपस में सहयोग करेंगे और संयुक्त रूप से यह कार्य करेंगे। भारतीय सौर ऊर्ज़ा निगम ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड के परिसरों में अनुमानतः 71.68 मेगावॉट क्षमता वाले सौर ऊर्ज़ा संयंत्र लगाने का प्रस्ताव किया है। यह कार्य या तो निगम द्वारा किया जायेगा या किसी एजेंसी अथवा एजेंसियों के माध्यम से पूरा किया जायेगा। एजेंसियों का चयन प्रतिस्पर्धात्मक बोली प्रक्रिया के जरिये किया जायेगा और ये रूफटॉप सोलर पीवी पावर प्लांट का काम पूरा करने के लिये गृह मंत्रालय का सहयोग करेंगा।

## रसोई गैस सिलेंडर दाम बढ़ाने को लेकर सरकार पर भड़के राहुल

नयी दिल्ली। रसोई गैस सिलेंडर के दाम बढ़ाने को एक कंग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मोदी सरकार पर शनिवार को हमला किया और कहा कि कंग्रेस सरकार के समय आम लोगों को महंगाई से राहत देने के उपाय किए थे वह सब हटा कर आम लोगों को जानबूझकर संकट में डाला गया है।

श्री गांधी ने अपने फ़ेसबुक पोस्ट पर कहा, ल्लकंग्रेस के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के दौरान, रसोई गैस सिलेंडर की कीमत 414 रुपए थी। प्रत्येक सिलेंडर पर 827 रुपए की सब्सिडी दी जा रही थी। आज एक सिलेंडर की कीमत 999 रुपए है और इस पर दी जाने वाली सब्सिडी की राशि 'शून्य' की गई है। कंग्रेस नेतृत्व वाली सरकार ने देश के आम आदमी को होने वाली दिक्कतों को दूर करने के लिए सुरक्षा उपाय किये गए थे लेकिन मोदी सरकार ने जन सामान्य के इस सुरक्षा कवच को खत्म किया है। इसीका परिणाम है कि लाखों भारतीय परिवार आज अत्यधिक महंगाई, बेरोजगारी और एक कमजोर सरकार के कुशासन के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे हैं। श्री गांधी ने कहा, कंग्रेस पार्टी अपने शासन में ऐसा कभी नहीं होने देती। हमारे पास जरूरतमंद परिवारों का समर्थन है और हम हमेशा इन परिवारों की मदद करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने इस पोस्ट में महंगाई मुक्त भारत को हैसटैग किया है। गौरतलब है कि कंग्रेस लम्बे समय से महगाई मुक्त भारत अभियान चला रही है। इस बीच युवा कंग्रेस के कार्यकर्ताओं ने रसोई गैस सिलेंडर के दाम बढ़ाने के सरकार के फैसले पर गुस्सा व्यक्त करते हुए पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी के आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे युवाओं को संवोधित करते हुए युवा कंग्रेस के अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी ने कहा कि मोदी सरकार ने एलपीजी सब्सिडी को सरेंडर कर कर दिया है। अब ना सिलेंडर की सब्सिडी आती है।

# देश में पिछले 24 घंटे में केरल में सबसे अधिक 20 लोगों की कोरोना से मौत

एजेंसी

नयी दिल्ली। देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस (कोविड-19) महामारी से केरल में सबसे अधिक 20 लोगों की मौत हुई। इसके अलावा कर्नाटक और पश्चिम बंगाल में एक-एक मरीज की मौत हुई हैं।

देश में पिछले 24 घंटे में 22 लोगों की मौत हुई है इसी के साथ इस बीमारी से मरने वालों की संख्या पांच लाख 24 हजार 24 हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि देश में एक अरब 90 करोड़ 94 हजार 982 कोविड टीके दिये जा चुके हैं। इस समय देश में कोरोना के सक्रिय मामलों की दर 0.05 प्रतिशत, रिकवरी रेट 98.74 फीसदी तथा मृत्यु दर 1.22 प्रतिशत है। देश में इस दौरान 3,168 लोग कोरोना से ठीक हुए हैं। अभी तक कुल चार करोड़ 25 लाख 54 हजार 416 मरीज कोविड से उबर चुके हैं। राजधानी में सक्रिय मामले 350 बढ़कर 6,096 रह गए। वहीं 1,306




और लोगों के स्वस्थ होने के बाद इससे निजात पाने वाले लोगों का आंकड़ा 18,59,152 पर पहुंच गया जबकि मृतकों की संख्या 26,177 पर बरकरार है। हरियाणा में भी सक्रिय मामले 29 और घटकर 2,564 हो गये हैं। इस दौरान 553 लोगों के स्वस्थ होने से महामारी से उबरने वाले मरीजों की कुल संख्या 9,82,434 हो गयी जबकि मृतकों का आंकड़ा 10,620 पर स्थिर है। केरल में कोरोना वायरस के सक्रिय मामले 62 बढ़कर 2,950 हो गये हैं। इससे निजात पाने वाले लोगों की संख्या 318 बढ़कर 64,71,242 हो गयी जबकि मृतकों की संख्या 69,210 हो गई है।

# पेज एक का शेष

### साल्वर बैठाकर दरोगा....

ऑनलाइन परीक्षा पास की थी। इंस्पेक्टर के मुताबिक अभ्यर्थी रजत कुमार की पहचान आगरा जिला पंचायत कार्यालय में तैनात पंकज कोटिया से थी। जिसकी मदद से उसने कृष्णा इंफोटेक के संचालक महेश चन्द्रा से सम्पर्क किया था। इंस्पेक्टर के मुताबिक अभ्यर्थियों से मिली जानकारी के आधार पर पंचायत कर्मी पंकज कोटिया, कृष्णा इंफोटेके के महेश चन्द्रा, अंकुर और महबूब भाई को भी आरोपी बनाया गया है। इन आरोपियों तलाश के लिए टीमें रवाना की गईं हैं।

### राममंदिर के गर्भगृह...

पर है। लगभग 52.5 3 घनफुट आकार के ग्रेनाइट पत्थर के लगभग 17000 ब्लॉक लगेंगे, जो बैंगलोर और तेलंगना की खदानों से आ रहे हैं। प्लिंथ में लगभग 6.37 लाख घनफुट ग्रेनाइट पत्थर लगेगा। इसके पूर्व 1.5 मीटर ऊंचाई की 9000 घनमीटर राफ्ट कंपैक्टेड कंक्रीट 04 मास में डाली गई। राफ्ट निर्माण का कार्य अक्टूबर 2021 से प्रारंभ किया गया था। इसके पूर्व जमीन की बालू और पुराने मलबे को हटाया गया, जो 03 मास में हटाया जा सका। लगभग 1.85 लाखघन मीटर मलवे से भरी मिट्टी हटाई गई। भूतल के नीचे 12 मीटर गहराई तक मलबा हटाया गया। तत्पश्चात समुद्र जैसे दिखने वाले इस विशाल गड्ढे को रोलर कंप्लीटेड कंक्रीट आरसीसी से भरा गया। इस रोलर कंप्लीटेड कंक्रीट की डिजाइन आईआईटी मद्रास ने तैयार की थी। ये कंक्रीट इस प्रकार की है, ताकि 1000 साल तक कृतिम चट्टान के रूप में जमीन के नीचे जीवित रहे। यह आरसीसी 10 इंच मोटी 48 परतों में डाली गई। गर्भग्रह 56 परतें डाली गई है। यह संपूर्ण कार्य लगभग 09 महीने (जनवरी 2021 से सितंबर 2021 ) तक में पूरा हुआ। आरसीसी और उसके ऊपर राष्ट्र राफ्ट दोनों को मिलाकर भावी मंदिर की नींव कहा जाएगा। न्यू की इस डिजाइन और ड्राइंग पर आईआईटी दिल्ली, आईआईटी गुवाहाटी आईआईटी मद्रास ,आईआईटी मुंबई, एनआईटी सूरत सीबीआरआई रुड़की, लार्सन एंड टूब्रो,टाटा कंसलटिंग इंजिनियर्स ने सामूहिक कार्य किया है। अंत में इस में हैदराबाद की संस्था एनजीआरआई ने सहयोग किया। यह कहा जा सकता है कि देश की महत्वपूर्ण इंजीनियरिंग संस्थानों के सामूहिक चिंतन का यह परिणाम है।

चंपत राय ने बताया कि मंदिर का क्षेत्रफल लगभग 2.7 एकड़ है। परंतु इसके चारों ओर 8 भूखंड को अपने भीतर समाता हुआ एक आयताकार परकोटा बनेगा। यह परकोटा भी 9 लाख घनफुट पत्थरों से तैयार होगा। इस पर भी समानांतर कार्य चल रहा है। मंदिर के चारों ओर की मिट्टी का कटान रोकने के लिए तथा मंदिर के पश्चिम में प्रवाहित सरयू नदी के किसी भी संभावित आक्रमण को रोकने के लिए मंदिर के पश्चिम दक्षिण उत्तर में रिटेनिंग वाल निर्माण का कार्य भी साथ–साथ साल चल रहा है। यह रिटेनिंग वाल जमीन में 16 मीटर गहराई तक जाएगी और जमीन के सबसे निचले तल पर 12 मीटर चौड़ी होगी । श्री राय ने बताया कि दिसम्बर 2023 में मंदिर का गर्भ ग्रह बनकर पहली मंजिल तैयार हो जाएगा और उसके समानांतर भी हाल तैयार होगा। इसी दौरान मंदिर में मूर्तियों को रखकर प्राण प्रतिष्ठा भी संपन्न करा ली जाएगी, जिसके बाद श्रद्धालु मंदिर के गर्भगृह से रामलला का दर्शन कर सकेंगे। मंदिर में लगभग 29 से 30 प्रतिशत का कार्य पूरा हो चुका है।

### बुंदेलखंड की योजनाओं ...

नस्ल सुधार के सम्बन्ध में बुंदेलखंड में विशेष अभियान चलाने को कहा। साथ ही योगी ने इस बात की ताकीद भी की है कि प्रदेश में ध्वनि प्रदूषण पर काबू करने के लिये न्यायालय के आदेशानुसार एक लाख से अधिक लाउडस्पीकर उतारे गये हैं। योगी ने कहा कि जिन लाउडस्पीकरों को उतारा गया है, वे दोबारा न लगाये जायें। मुख्यमंत्री ने कहा कि धार्मिक आयोजन, धार्मिक स्थलों के अंदर ही सीमित होना चाहिये। कोई भी पर्व, त्यौहार या आयोजन सड़क पर न हों। समीक्षा बैठक के बाद वह मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में जिमनेज़ियम हॉल का उद्घाटन करने पहुंचे। उद्घाटन के बाद छोटे बच्चों और युवाओं ने मुख्यमंत्री के समक्ष जिमनास्ट के करतब दिखाये। बच्चियों ने अपनी बॉक्सिंग के करतब दिखाये। इस दौरान मुख्यमंत्री के साथ झांसी के सांसद और सभी चारों विधायक भी उपस्थित रहे। राज्य के खेलकूद निदेशक आर पी सिंह ने बताया कि जिस अत्याधुनिक जिमनेज़ियम हॉल का उद्घाटन मुख्यमंत्री ने किया है, उसके माध्यम से जिमनास्ट से जुड़े 11 खेलों को प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने कहा कि साढ़े तीन करोड़ की लागत से बना यह वातानुकूलित जिम्नेज़ियम हॉल न केवल झांसी बल्कि पूरे बुंदेलखंड के खिलाडियों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। इससे यहां राष्ट्रीय, राज्य स्तरीय और जिला स्तरीय खेलों का आयोजन किया जा सकता है। यहां पर विभिन्न खेलों की प्रैक्टिस और बड़े खेलों के आयोजन की सुविधा खिलाड़ियों को मिलेगी। जिससे बेहतर तौर पर प्रशिक्षित खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में देश और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। जिमनेज़ियम हॉल के उद्घाटन के बाद योगी महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज में 500 बेड के अस्पताल की व्यवस्थाएं देखने रवाना हो गये। इसके बाद वह अमृत पेयजल योजना के तहत बबीना में स्थापित हो रहे आरओ तकनीक से जलशोधन करने वाले संयंत्र का जायजा लेने गये। समझा जाता है कि बबीना से मुख्यमंत्री झांसी स्थित ऐतिहासिक किले में लाइट एंड सांउड शो को भी देखने जा सकते हैं।

### मुख्यमंत्री ने किया...

मिलेगा। तीन करोड़ 62 लाख 26 हजार की लागत से बना यह एयरकंडीशनड जिम्नेज़ियम हॉल न केवल झांसी बल्कि पूरे बुंदेलखंड के खिलाडियों के लिए किसी वरदान से कम नहीं होगा। अब यहां राष्ट्रीय, राज्य स्तरीय और जिला स्तरीय खेलों का आयोजन यहां किया जा सकेगा। यहां पर खिलाड़ियों को विभिन्न खेलों की प्रैक्टिस और बड़े खेलों के आयोजन की सुविधा को मिलेगी और बेहतर तौर पर प्रशिक्षित खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में देश और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने आयुक्त सभागार में पहले मंडल के अधिकारियों के साथ विकास कार्यों व कानून व्यवस्था की समीक्षा की। इसके बाद जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करते हुए यहां की स्थानीय समस्याओं पर चर्चा भी की।

### स्क्रैप रिसाइकिलिंग...

ने इस मौके पर कहा कि हमें विकास तो करना ही साथ ही पर्यावरण संरक्षण की हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा 150 सरकारी सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियां आज रिसाइक्लिंग के काम में शामिल हैं। रिसाइक्लिंग पर्यावरण की रक्षा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और भारत को सतत रूप से विकसित करता है। उन्होंने रिसाइक्लिंग उद्योग के लिए कच्चे माल पर वस्तु एवं सेवा कर को 18 फीसदी से पांच फीसदी तक संशोधित करने पर विचार करने का आश्वासन दिया। एमआइएआई के अध्यक्ष संजय मेहता ने इस मौके पर कहा, भारत सरकार की नीति का जोर सर्कुलर अर्थव्यवस्था पर रिसाइकिलिंग की शक्ति को स्वीकार करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। हम बड़े पैमाने पर जागरुकता पैदा करने के लिए स्कूलों और कॉलेजों में छात्रों को जागरूक करने के अभियान को भी बढ़ावा दे रहे हैं। देश भर में रिसाइक्लिंग पार्क और रिसाइक्लिंग केंद्र विकसित करने की आवश्यकता है। अधिकांश विकसित देशों ने कबाड़ के नकद लेनदेन पर प्रतिबंध लगा दिया है। हम इसे अपना सकते हैं क्योंकि भारत का अपना यूपीआई इकोसिस्टम है। इस सम्मेलन में ई-कचरा , बेकार ईएलवी और प्लास्टिक के कचरे की रिसाइकिलिंग तथा रिसाइकिंग सामग्री पर आधारित अर्थव्यवस्था जैसे विषयों पर चर्चा की जाएगी।

### चीन के खतरे के मद्देनजर...

पर्यटन पोर्टल के माध्यम से दूर-दराज के क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भी बीआरओ की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह पहल संगठन के लगातार बढ़ते विकास के प्रतीक हैं। संगठन के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल राजीव चौधरी ने बीआरओ कर्मियों को नए उत्साह और समर्पण के साथ उत्कृष्टता के पथ पर आगे बढ़ते रहने का आह्वान किया। उन्होंने उन्हें कुछ महत्वपूर्ण सुरंग और हवाई क्षेत्र निर्माण परियोजनाओं को जल्द ही संपन्न करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर रक्षा मंत्री ने दिल्ली में तैनात बीआरओ कर्मियों के लिए टोडापुर में एक आवास परिसर की आधारशिला भी रखी। परिसर में कर्मियों के लिए संबद्ध 323 क्वार्टर होंगे। श्री सिंह ने भास्कराचार्य राष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुप्रयोग और भू-सूचना विज्ञान संस्थान द्वारा विकसित दो सॉफ्टवेयर-बीआरओ संसाधन प्रबंधन प्रणाली और बीआरओ बजट प्रबंधन प्रणाली भी लॉन्च किए। ये सॉफ्टवेयर संसाधनों के वितरण और उपयोग के साथ-साथ बीआरओ के बजट को स्वचालित करेंगे इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट, सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, रक्षा सचिव डॉ. अजय कुमार और बीआरओ के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। कई बीआरओ कर्मियों ने कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से भी भाग लिया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस बात को रेखांकित किया कि सीमावर्ती क्षेत्र विकास के नए केंद्रों के रूप में उभरे हैं और उत्तर-पूर्व जैसे क्षेत्र न केवल खुद को विकसित कर रहे हैं, बल्कि देश की सर्वांगीण प्रगति के लिए प्रवेश द्वार भी बन गए हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि इन क्षेत्रों का विकास अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी राष्ट्र की प्रगति के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि पूर्वोत्तर क्षेत्र भारत को दक्षिण एशिया और दक्षिण पूर्व एशिया से जोड़ता है। रक्षा मंत्री ने '' 75 कैफ़े'' और पर्यटन पोर्टल के माध्यम से दूर-दराज के क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भी बीआरओ की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह पहल संगठन के लगातार बढ़ते विकास के प्रतीक हैं। संगठन के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल राजीव चौधरी ने बीआरओ कर्मियों को नए उत्साह और समर्पण के साथ उत्कृष्टता के पथ पर आगे बढ़ते रहने का आह्वान किया। उन्होंने उन्हें कुछ महत्वपूर्ण सुरंग और हवाई क्षेत्र निर्माण परियोजनाओं को जल्द ही संपन्न करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर रक्षा मंत्री ने दिल्ली में तैनात बीआरओ कर्मियों के लिए टोडापुर में एक आवास परिसर की आधारशिला भी रखी। परिसर में कर्मियों के लिए संबद्ध 323 क्वार्टर होंगे। श्री सिंह ने भास्कराचार्य राष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुप्रयोग और भू-सूचना विज्ञान संस्थान द्वारा विकसित दो सॉफ्टवेयर-बीआरओ संसाधन प्रबंधन प्रणाली और बीआरओ बजट प्रबंधन प्रणाली भी लॉन्च किए। ये सॉफ्टवेयर संसाधनों के वितरण और उपयोग के साथ-साथ बीआरओ के बजट को स्वचालित करेंगे। इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट, सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, रक्षा सचिव डॉ. अजय कुमार और बीआरओ के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। कई बीआरओ कर्मियों ने कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से भी भाग लिया।

## पोप फ्रांसिस की दो टूकः रूस व यूक्रेन युद्ध के लिए नाटो जिम्मेदार, बोले-

# ये सब हथियारों के बिजनेस का खेल

एजेंसी

नई दिल्ली। दुनिया के सर्वोच्च कैथोलिक पादरी व ईसाइयों के सबसे बड़े धर्मगुरु पोप फ्रांसिस ने यूक्रेन युद्ध लंबा खिंचने के लिए नाटो को जिम्मेदार ठहराया है। पोप फ्रांसिस ने एक साक्षात्कार में यूक्रेन युद्ध पर नाटो की खिंचाई की। इस संघर्ष के कारणों पर सवाल उठाते हुए साफ कहा है कि नाटो की वजह से रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू हुआ है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन संघर्ष में नाटो का उकसाना किसी के समझ से परे है और नाटो राज्यों द्वारा गैर-नाटो सदस्य को हथियारों की आपूर्ति बिना किसी रुकावट के जारी है जो संघर्ष को लम्बा खींच रहा है।



पोप ने कहा कि नाटो ने रूस के दरवाजे पर इतना ज्यादा भौंका कि रूस बुरी तरह से प्रतिक्रिया करने और संघर्ष करने पर उतर आया। पोप फ्राँसिस ने यह कहा है कि वह व्लादिमीर पुतिन से कुछ समझदारी से बात करने की कोशिश करने के लिए मास्को जाना पसंद करेंगे। बता दें कि उन्होंने अब लगभग तीन महीने पुराने युद्ध की स्पष्ट रूप से निंदा नहीं की है। इटली के एक अखबार को दिए इंटरव्यू में पोप फ्रांसिस ने कहा - मुझे लगता है कि कीव जाने से पहले, मुझे मॉस्को जाना चाहिए। उन्होंने साथ में ये भी कहा कि उनकी बैठक पुतिन की निंदा करने के लिए नहीं होगी। उन्होंने कहा कि पुतिन के युद्ध का असली घोटाला नाटो द्वारा रूस के दरवाजे पर भौंकना है। 85 वर्षीय फ्रांसिस ने सामान्य दर्शकों और अन्य साक्षात्कारों में की गई टिप्पणियों को दोहराया कि युद्ध ''हथियारों में व्यापार'' के लिए एक विशाल अवसर से ज्यादा कुछ नहीं है और यह अभी भी यूक्रेन को हथियारों के निरंतर सप्लाई होने के कारण जारी है। उन्होंने यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोदिमिर ज़ेलेंस्की से दो बार फोन पर बात की है, लेकिन ज्यादातर उनसे वापस न लड़ने का आग्रह किया है। पोप ने कहा - मुझे नहीं पता कि कैसे जवाब देना है - मैं बहुत दूर हूं - सवाल यह है कि क्या यूक्रेन को आपूर्ति करना सही है? स्पष्ट बात यह है कि वहां हथियारों का परीक्षण किया जा रहा है। रूसी अब जानते हैं कि टैंक बहुत कम उपयोग के हैं और वे अन्य चीजों के बारे में सोच रहे हैं। युद्ध इसलिए छेड़े जाते हैं कि हमारे द्वारा उत्पादित हथियारों का परीक्षण किया जाए। कुछ लोग इस व्यापार से लड़ रहे हैं, लेकिन और अधिक किया जाना चाहिए।

# श्रीलंका: राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे ने एक महीने बाद फिर लागू किया आपातकाल

एजेंसी



कोलंबो। श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे ने देश में आपातकाल की घोषणा की जोकि शुक्रवार मध्यरात्रि से प्रभावी होगा। राष्ट्रपति कार्यालय के मीडिया प्रभाग ने यह जानकारी दी। राजपक्षे ने उनके निजी आवास के बाहर जबरदस्त विरोध-प्रदर्शन के बाद एक अप्रैल को भी आपातकाल की घोषणा की थी। हालांकि, पांच अप्रैल को इसे वापस ले लिया गया था। आपातकाल के तहत पुलिस और सुरक्षा बलों को मनमाने तरीके से किसी को भी गिरफ्तार करने और हिरासत में रखने की शक्ति मिल जाती है। मीडिया प्रभाग के मुताबिक, राजपक्षे का यह निर्णय जनता की सुरक्षा और आवश्यक सेवाओं को बरकरार रखने के लिए है ताकि देश का सुचारू रूप से संचालन सुनिश्चित हो सके। श्रीलंका में जनता द्वारा पिछले कई सप्ताह से राष्ट्रपति और सरकार के इस्तीफ़े की मांग के बीच आपातकाल लागू करने का फैसला लिया गया है। हालांकि, इस्तीफ़े के बढ़ते दबाव के बावजूद राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे और उनके बड़े भाई व प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे ने पद छोड़ने से इनकार कर दिया है। इस बीच, शुक्रवार को प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे को उस समय दबाव का सामना करना पड़ा, जब मंत्रिमंडल की विशेष बैठक के दौरान उनके इस्तीफ़े की मांग की गई। सूत्रों ने कहा कि मंत्रिमंडल की बैठक के दौरान कई तरह के विचार रखे गए और कुछ लोगों ने सुझाव दिया कि प्रधानमंत्री को इस्तीफा दे देना चाहिए। सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे ने बैठक के दौरान कहा कि अगर उनका उत्तराधिकारी मौजूदा आर्थिक संकट को हल कर सकता है तो वह पद छोड़ सकते हैं, हालांकि, प्रधानमंत्री ने स्पष्ट रूप से यह नहीं कहा कि वह इस्तीफा दे देंगे। सूत्रों ने बताया कि महिंदा राजपक्षे ने यह भी कहा है कि अगर किसी अंतरिम सरकार का गठन होता है तो वह इसके प्रमुख होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### जेलेंस्की से रविवार को मुलाकात करेंगे बिडेन

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बिडेन रविवार को यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की के साथ जी-7 की वर्चुअल बैठक में चर्चा करेंगे। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक श्री बिडेन जर्मनी के चांसलर ओलाफ स्कोल्ज़ की अध्यक्षता में जी-7 नेताओं के साथ कल वर्चुअल बैठक में शामिल होंगे। बैठक स्थानीय समयानुसार 11.00 बजे शुरू होगी। बयान में कहा गया है कि जी-7 के नेता यूक्रेन में रूस के सैन्य अभियान के नवीनतम घटनाक्रम , अभियान के वैश्विक प्रभाव तथा रूस पर कड़े प्रतिबंध लगाकर यूक्रेन का समर्थन करने के प्रयासों पर चर्चा करेंगे।

### ब्लिंकन ने बिलावल के साथ अफगानिस्तान पर चर्चा की

वाशिंगटन। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी से अफगानिस्तान की स्थिति और आतंकवाद से लड़ने के प्रयासों पर बातचीत की है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता नेड प्राइस ने अपने बयान में कहा कि श्री ब्लिंकन ने श्री जरदारी के साथ फोन पर बातचीत के दौरान अफगानिस्तान में स्थिरता और आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए अमेरिका-पाकिस्तान की प्रतिबद्धता को व्यक्त किया। दोनों नेताओं ने व्यापार और निवेश, जलवायु, ऊर्जा, स्वास्थ्य तथा शिक्षा के संदर्भ में भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि इस साल अमेरिका-पाकिस्तान संबंधों की 75वीं वर्षगांठ है। श्री जरदारी ने अपने ट्वीट में कहा कि एंटनी ब्लिंकन ने फोन किया। मेरे पद ग्रहण के लिए उन्होंने गर्मजोशी से बधाई दी जिसके लिए मैं उनका आभारी हूं। उन्होंने आगे कहा कि हमने पारस्परिक व्यापक संबंधों की मजबूती, शांति, विकास और सुरक्षा को बढ़ावा देने पर विचारों का आदान-प्रदान किया। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो-जरदारी ने गत 27 अप्रैल को पाकिस्तान के विदेश मंत्री के रूप में शपथ ली थी।

# खुद को गधे से जोड़कर दी मिसाल अपनी हंसी उड़वा बैठे इमरान

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पर पाकिस्तान में एक बार फिर चटखारे लिए जा रहे हैं। दरअसल एक साक्षात्कार में इमरान ने एक मिसाल देते हुए खुद को गधे से जोड़ दिया। अब इमरान के उस वीडियो को वायरल किया जा रहा है और पाकिस्तान ही नहीं दुनिया भर में उनकी हंसी उड़ाई जा रही है।

पाकिस्तान में सत्ता से हाथ धोने के बाद इमरान खान लगातार स्वयं को सबसे बड़ा देशभक्त घोषित करने की कोशिश में लगे हुए हैं। वे बार-बार अमेरिका व अन्य विदेशी ताकतों पर अपनी सरकार गिराने का आरोप लगा रहे हैं। इसी तरह उनका मानना है कि वे ब्रिटेन सहित दुनिया के किसी भी समृद्ध देश में इज्जत के साथ रह सकते थे, किन्तु उन्होंने पाकिस्तान की मोहब्बत में वहां लौटना मुनासिब समझा। ऐसे ही एक साक्षात्कार में इमरान खान ने कहा कि जब वे इंग्लैंड में थे, तो लोग उनकी बहुत इज्जत करते थे। वे ब्रिटिश समाज का



हिस्सा थे, लेकिन उन्होंने उसे कभी स्वीकार नहीं किया। ब्रिटिश आज भी उनका बहुत स्वागत करते हैं, इसके बावजूद उन्होंने ब्रिटेन को अपना घर कभी नहीं माना। इसके बाद इमरान ने जो बोला, वह उनकी हंसी उड़ाने के लिए पर्याप्त था। उन्होंने खुद के बारे में मिसाल देते हुए कहा कि वे ब्रिटेन में रहकर भी मूल रूप से पाकिस्तानी ही थे। यदि कोई गधे पर पेंट से धारियां बना देगा, तो गधा बदल कर जेब्रा नहीं हो जाएगा, गधा गधा ही रहेगा। बस इसी मिसाल के बाद लोग उनकी खिल्ली उड़ा रहे हैं। सोशल मीडिया पर उनका यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है।

# हवाना के आलीशान होटल में भीषण विस्फोट से बच्चे सहित 22 लोगों की मौत

एजेंसी

हवाना। क्यूबा की राजधानी हवाना के मध्य में एक आलीशान होटल में प्राकृतिक गैस के रिसाव के कारण हुए शक्तिशाली विस्फोट में एक बच्चे सहित कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई, जबकि दर्जनों अन्य घायल हो गए। हवाना के गवर्नर रेनाल्डो गार्सिया जापाटा ने कम्युनिस्ट पार्टी के समाचार पत्र 'ग्रैनमा' को बताया कि विस्फोट के समय 96 कमरों वाले साराटोगा होटल में कोई पर्यटक नहीं था, क्योंकि वहां मुरम्मत का काम चल रहा था।

घटनास्थल का दौरा करने वाले राष्ट्रपति मिगुएल डिआज-कैनेल ने ट्वीट किया, यह कोई बम विस्फोट या हमला नहीं है। यह एक दुखद हादसा है। स्वास्थ्य मंत्रालय में अस्पताल सेवाओं के प्रमुख डॉ. जूलियो गुएरा इजक्विएर्डो ने संवाददाताओं को बताया कि शुक्रवार को हुए इस हादसे में कम से कम 74 लोग घायल हुए हैं। राष्ट्रपति कार्यालय के एक ट्वीट के अनुसार, घायलों में 14 बच्चे शामिल हैं।



डिआज-कैनेल ने बताया कि विस्फोट से प्रभावित होटल के पास की इमारतों में रह रहे परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित कर दिया गया है। क्यूबा के सरकारी टीवी चैनल के मुताबिक, विस्फोट एक ट्रक के कारण हुआ, जो होटल को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति कर रहा था। हालांकि, चैनल ने यह नहीं बताया कि गैस कैसे प्रज्वलित हुई। हादसे से जुड़े वीडियो में अग्निशमन कर्मियों को एक सफ़ेद टैंकर ट्रक पर पानी का छिड़काव करते और उसे घटनास्थल से हटाते देखा जा सकता है। वीडियो में यह भी नजर आ रहा है कि विस्फोट से होटल के चारों तरफ धुएं का गुबार फैल गया। इसमें घबराए-सहमे लोग सड़क पर भागते दिखाई दे रहे हैं। यह दुर्घटना ऐसे समय में हुई है, जब क्यूबा कोरोना वायरस महामारी से तबाह हो चुके अपने पर्यटन क्षेत्र को पुनर्जीवित करने के लिए संघर्ष कर रहा है। क्यूबा के स्वास्थ्य मंत्री जोस एंजेल पोर्टल ने द एसोसिएटेड प्रेस (एपी) को बताया कि घायलों की संख्या बढ़ सकती है, क्योंकि ओल्ड हवाना स्थित 19वीं सदी के इस होटल के मलबे में फंसे लोगों की तलाश जारी है। दमकल विभाग के लेफ्टिनेंट कर्नल नोएल सिल्वा ने कहा, ''हम अब भी मलबे के नीचे दबे लोगों की तलाश कर रहे हैं।'' होटल के बगल में स्थित 300 छात्रों वाले एक स्कूल को खाली करा लिया गया। गार्सिया ने कहा कि हादसे में पांच छात्रों को मामूली चोटें आई हैं। पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर ली है। होटल को पहली बार 2005 में क्यूबा सरकार के ओल्ड हवाना के पुनरुद्धार कार्यक्रम के तहत पुनर्निर्मित किया गया था। इसका स्वामित्व क्यूबा की सेना की पर्यटन व्यवसाय शाखा 'ग्रुपो डी टूरिज्मो गेविओटा एसए' के पास है।

# कैसे बने निर्देशक कैमरामैन राधू करमाकर

फिल्म 'जागते रहो' (1956) में छोटी भूमिका में अंतिम बार आने के बाद जब नर्गिस ने आरके स्टूडियो छोड़ दिया तो राजकपूर बुरी तरह टूट गए। 'आग' फिल्म के बाद से ही नर्गिस उनकी प्रेरणा बन गई थीं । वह स्वीकार ही नहीं कर पा रहे थे कि नर्गिस ने उन्हें हमेशा के लिए छोड़ दिया है। राजकपूर नायक के रूप में बाहर की फिल्में लेने लगे ताकि नर्गिस को भूल सकें और आरके फिल्म का बैनर भी बचा रहे । लेकिन 1959 के आते आते आरके फिल्म के हालात काफी बिगड़ गए। अब एक फिल्म तुरंत बनाई जानी थी ताकि यह कलंक धुल सके कि नर्गिस के चले जाने के बाद आर के स्टूडियो खत्म हो गया है और अब राजकपूर फिल्म नहीं बना सकते हैं। इसी समय अर्जुन देव रश्क एक भोले-भाले व्यक्ति पर केंद्रित एक सशक्त पटकथा लेकर आए जिसके पास डाकुओं को सुधारने का एक अनोखा विचार था।



'जिस देश में गंगा बहती है' नामक इस फिल्म की कहानी और पटकथा दोनों ही बहुत शानदार थे। राजकपूर इस पर मुग्ध हो गए। लेकिन अभी राजकपूर स्वयं निर्देशन की बात सोच भी नहीं पा रहे थे। इस बीच दिलीप कुमार ने भी डाकुओं पर केंद्रित ग्रामीण पृष्ठ भूमि की एक फिल्म 'गंगा जमुना' टेक्निकलर (रंगीन) बनाने का फैसला किया। इसके निर्देशक नितिन बोस थे। उन्होंने आरके फिल्म के नियमित कैमरामैन राधू करमाकर से इस टेक्निकलर फिल्म करने का अनुरोध किया। आरके फिल्म की खराब आर्थिक स्थिति देखते हुए उन्हें यह प्रस्ताव ठीक लगा। आरके फिल्म की 'आवारा' फिल्म से वे उनकी टीम के विश्वस्त कैमरामैन थे और राजकपूर उन पर बहुत भरोसा करते थे। यह बात जब राजकपूर को पता चली तो उन्होंने बहुत चतुराई से 'जिस देश में गंगा बहती है' के निर्देशन का प्रस्ताव राधू करमाकर के सामने रखा। साथ में आरके फिल्म की तंगहाली और उसकी टीम को उनकी जरूरत का भी एहसास कराया। ऐसी स्थिति में राधू करमाकर मना नहीं कर पाए और इस तरह 'जिस देश में गंगा बहती है' का निर्देशन उन्होंने स्वीकार कर लिया । साल 1959 में यह फिल्म रिलीज हुई और गजब की हिट रही । संगीत निर्देशक शंकर-जयकिशन की जोड़ी का मानना था कि फिल्म की कहानी बहुत अच्छी नहीं है और इसमें संगीत के लिए गुंजाइश नहीं है। फिर भी इसका संगीत लाजवाब रहा। शंकर-जयकिशन की सर्जनात्मकता इसमें अपने सर्वोच्च ग्रुप में प्रकट हुई। फिल्म में 13 गाने थे और हर एक सुपरहिट रहा। आरके स्टूडियो में एक बार फिर से जीवन का संचार हो गया और उसकी खुशहाली फिर लौट आई। फिल्म की सफलता के बाद कहा जाने लगा कि फिल्म तो राजकपूर ने ही निर्देशित की थी। ऐसा ही 'साहब बीबी और गुलाम' के निर्देशक अबरार अल्वी के लिए कहा गया की फिल्म तो गुरुदत्त ने ही निर्देशित की और 'गंगा जमुना' का निर्देशन भी नितिन बोस के स्थान पर दिलीप कुमार ने किया था। इसका जवाब राधू करमाकर ने अपनी आत्मकथा में किया है। उन्होंने लिखा कि यदि यह तीनों फिल्में असफल हो गई होतीं तो कोई भी राजकपूर, गुरुदत्त और दिलीप कुमार का नाम निर्देशक के रूप में नहीं लेता । सच है कि सफलता के सैकड़ों दावेदार लेकिन असफलता का कोई एक...।

## सोशल मीडिया पर छाई कैट और विक्की कौशल की रोमांटिक तस्वीर



बॉलीवुड के फ़ेमस सेलिब्रिटी कपल कटरीना कैफ और विक्की कौशल की एक तस्वीर इस वक्त सोशल मीडिया पर छाई हुई है।इस तस्वीर में कटरीना और विक्की स्वीमिंग पूल में रोमांटिक अंदाज में पोज देते नजर आ रहे हैं। तस्वीर में विक्की ने स्विमिंग शॉर्ट्स पहना हुआ है, तो वहीं कटरीना सफ़ेद रंग का स्विमसूट में बेहद खूबसूरत नजर आ रही हैं। साथ ही फोटो में यह कपल रोमांटिक अंदाज में एक-दूसरे को गले लगाता भी दिखाई दे रहा है। इस तस्वीर को खुद कैट ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। इस तस्वीर को फैंस के साथ साझा करते हुए कटरीना ने लिखा-' मैं और मेरा। ' इसके साथ ही उन्होंने दिल वाली इमोजी भी बनाई है। कटरीना कैफ और विक्की कौशल की इस तस्वीर को सोशल मीडिया यूजर्स काफी पसंद कर रहे हैं और फैंस के साथ -साथ सेलिब्रिटी भी विक्की -कैट की इस तस्वीर पर जमकर प्रतिक्रिया दे रहे हैं। गौरतलब है कि कटरीना कैफ ने 9 दिसंबर,2021 को अभिनेता विक्की कौशल संग सात फ़ेरे लिए थे। दोनों की शादी काफी चर्चा में रही। शादी के बाद से ही दोनों सोशल मीडिया के जरिये एक -दूसरे जमकर प्यार बरसाते नजर आते हैं। वहीं वर्कफ्रंट की बात करें तो कैटरीना कैफ जल्द ही फिल्म फ़ोन भूत, मेरी क्रिसमस, टाइगर 3 में नजर आएंगी । वहीं विक्की कौशल फिल्म गोविंदा नाम मेरा, द ग्रेट इंडियन फैमिली और दो अनटाइटल्ड फिल्म में अभिनय करते नजर आएंगे।

# मदर्स डे स्पेशलः सशक्त माँ की कहानी दिखाती हैं बॉलीवुड की ये फिल्में

एजेंसी

इस साल 8 मई को मदर्स डे मनाया जा रहा है। इस दिन हम अपनी माँ को स्पेशल महसूस कराने, उनके मातृत्व और प्यार को सम्मानित करने के उद्देश्य से मदर्स डे के रूप में मनाते हैं। माँ का स्थान हर किसी के जीवन में बहुत खास होता है। माँ सिर्फ एक शब्द नहीं एक ऐसा एहसास है, जो अपने बच्चे के हर जख्म को अपने प्यार से भर देती है। इस मदर्स डे पर हम अपने पाठकों को बता रहे हैं बॉलीवुड की कुछ ऐसी फिल्मों के बारे में... जिनमें माँ के सशक्त रूप को पर्दे पर बखूबी दिखाया गया है।

### मदर इंडिया (1957)

महबूब खान के निर्देशन में बनी साल 1957 में आई फिल्म 'मदर इंडिया' एक ऐसी फिल्म है, जिसे कभी नहीं भुलाया जा सकता है। इस फिल्म में नरगिस को भले ही गरीबी से मजबूर एक लाचार मां की भूमिका में दिखाया गया था, लेकिन वह अपने बच्चों के लिए दुनिया से लड़ती है।




इस फिल्म में एक माँ के अपने बेटों के लिए समर्पण ने दर्शकों के दिलों को छू लिया था और ये फिल्म उस समय में सुपरहिट रही थी।

### जज्बा (2015)

ऐश्वर्या राय बच्चन की फिल्म 'जज्बा' में एक माँ की ममता के साथ ही उसका गुस्सा, बदला और शक्ति की कहानी भी दिखाई गई है। फिल्म में ऐश्वर्या एक ऐसी माँ के किरदार में हैं जो अपने बच्चे पर जरा सी आंच भी आने पर पूरी शक्ति के साथ किसी भी मुसीबत का सामना करने को तैयार हो जाती हैं। इसमें एक कामकाजी मां को दिखाया गया है, जो ऑफिस के साथ अपना घर भी संभालती हैं और अपनी बेटी की रक्षा के लिए कुछ भी करने को तैयार है।

### मॉम (2017)

साल 2017 म रिलीज हुई श्रीदेवी की मुख्य भूमिका वाली फिल्म 'मॉम' सौतेली मां के लिए समाज में व्याप्त मिथ्याओं को तोड़ती के साथ-साथ एक सशक्त मां की कहानी भी दिखाती है। फिल्म में आर्या नाम की लड़की की कहानी दिखाई गई है, जिसमें उसके स्कूल के ही कुछ लड़के उसके साथ गैंगरेप करते हैं। फिर उसकी सौतेली मां (श्रीदेवी) उनको सबक सिखाने की ठान लेती है और बेटी के साथ हुए अन्याय का बदला लेती है।

### मातृ (2017)

रवीना टंडन की फिल्म 'मातृ' फिल्म में एक ऐसी माँ की कहानी दिखाई गई है, जिसकी बेटी का रेप हो जाता है और बाद में उसकी मौत भी हो जाती है, लेकिन इन सबके बावजूद एक माँ टूटती नहीं है, बल्कि अपनी बेटी को न्याय दिलाने के लिए मजबूत के साथ सिस्टम से लड़ती है और अपनी बेटी के गुनहगारों को सजा दिलवाती है। फिल्म में रवीना टंडन ने एक सशक्त और शक्तिशाली मां का किरदार अदा किया था। इन सब के अलावा निल बट्टे सन्नाटा, क्या कहना, सीक्रेट सुपरस्टार, आदि ऐसी फ़िल्में हैं, जो एक माँ का उसके बच्चों के साथ एक खास बांड को दर्शाती हैं।

### बॉलीवुड की इन अभिनेत्रियों ने माँ के नक़्शे कदम पर चलते हुए अभिनय को चुना करियर

आज हम अपने पाठकों को मदर्स डे के खास मौके पर बतायेंगे उन अभिनेत्रियों के बारे में जिन्होंने अपनी माँ के नक़्शे कदम पर चलते हुए अभिनय को अपना करियर चुना। आलिया भट्ट: बॉलीवुड की सबसे मशहूर अभिनेत्रियों में शुमार हो चुकी आलिया भट्ट की माँ सोनी राजदान भी अस्सी के दशक की जानी –मानी अभिनेत्री रह चुकी हैं। माँ के नक़्शे कदम पर चलते हुए आलिया भट्ट ने भी अभिनय को अपना करियर चुना और आज बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेस की रेस में सबसे ऊपर हैं। आलिया भट्ट और सोनी राजदान की जोड़ी ने फिल्म राजी में साथ में स्क्रीन भी शेयर की है। करिश्मा कपूर–करीना कपूर: बॉलीवुड की खूबसूरत अदाकारों में शुमार कपूर सिस्टर्स यानी करिश्मा कपूर और करीना कपूर खान की माँ बबीता भी अपने जमाने की टॉप एक्ट्रेस रह चुकी हैं। लेकिन रणधीर कपूर से शादी करने के बाद उन्होंने अभिनय जगत को अलविदा कह दिया,क्योंकि उस ज़माने में कपूर परिवार की बहुवें काम नहीं करती थी ।अपनी माँ के नक़्शे कदम पर चलते हुए करिश्मा और करीना ने भी अभिनय को अपना करियर चुना और इसमें उनकी माँ बबीता ने उनका भरपूर साथ दिया और उनके लिए हमेशा खड़ी रहीं।करिश्मा कपूर और करीना कपूर आज बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्रियां हैं। करिश्मा और करीना को बॉलीवुड में लाने का श्रेय बबीता को ही जाता है। काजोल : दिग्गज अभिनेत्री तनुजा की बेटी काजोल ने भी अपनी माँ के अभिनय करने की कला को अपना और उनके नक़्शे कदम पर चलते हुए अभिनय जगत में अपनी पहचान बनाई।अपनी माँ की तरह ही काजोल भी बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री हैं। सारा अली खान: बॉलीवुड की चुलबुली अभिनेत्री सारा अली खान ने भी अपनी माँ एवं अभिनेत्री अमृता सिंह के नक़्शे कदम पर चलते हुए अभिनय को अपना करियर चुना और बहुत कम समय में बॉलीवुड में अपनी खास पहचान बनाई। जान्हवी कपूर: दिवंगत अभिनेत्री श्रीदेवी की बेटी जान्हवी कपूर भी अपनी माँ की तरह सफल अभिनेत्री बनना चाहती थी और अपने इस सपने को उन्होंने बखूबी पूरा भी किया। जान्हवी ने बहुत कम समय में अपनी मासूमियत और सादगी भरे अभिनय से दर्शकों के दिलों को जीता है। इन सब के अलावा सोहा अली खान, ईशा देओल, ट्विंकल खन्ना,सोनाक्षी सिन्हा आदि समेत बॉलीवुड में कई ऐसी अभिनेत्रियां है, जिन्होंने अपनी माँ के अभिनय करने की कला से प्रभावित होकर अभिनय को ही अपना करियर चुना और अपनी खास पहचान बनाई।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान सह सम्पादक* - धर्मेन्द्र कुमार गुप्ता

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063